रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,785.56 +73.80

डॉलर 83.947 +0.026

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,290 | 01 किलो 93,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 29 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 207, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर...



# अपने ही मंत्री की जासूसी करवा रही सरकार : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। बुधवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बाबूलाल ने कहा कि आसन्न विधानसभा चुनाव में अपनी करारी हार को देखते हुए वे बौखला गए हैं। हेमंत सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इतना नैतिक पतन हो गया है कि सत्ता पाने के लिए पिता समान चंपाई सोरेन, लोबिन हेंब्रम, मां समान भाभी सीता सोरेन की क्या वे किसी की भी बलि ले सकते हैं। ऐसा लग रहा कि वे औरंगजेब जैसा व्यवहार कर रहे। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल कैबिनेट मंत्री चंपाई सोरेन की गतिविधियों, उनके झारखंड और राज्य से बाहर के दौरों पर कड़ी नजर रखने के लिए राज्य पुलिस की विशेष शाखा ने पुलिसकर्मियों को गुप्त तरीके से लगाया है। खबर तो यहां तक आ रही कि उन्हें हनी ट्रैप में भी फंसाने की योजना बनाई गई थी। दिल्ली पुलिस के समक्ष झारखंड स्पेशल ब्रांच के दो पुलिस कर्मियों ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें चंपई सोरेन के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए लगाया गया है। ऐसी संभावना भी है कि राज्य सरकार चंपाई सोरेन सहित कई अन्य नेताओं की फोन टेपिंग भी करवा रही हो। यही नहीं, राज्य के जजों पर भी निगरानी रखी जा रही है। ऐसी स्थिति में यह राज्य के लिए अत्यंत गंभीर और चिंतनीय है। आज राज्य में अपराधी मस्त हैं। जेल से रंगदारी मांगी जा रही। दिन-दहाड़े हत्याएं,बलात्कार और डकैती जैसी घटानाएं हो रही लेकिन सरकार अपराधियों पर लगाम नहीं लगा रही बल्कि अपनी पूरी ताकत राजनीतिक साजिश रचने, वसूली कराने, अपराधियों, दलालों को संरक्षण देने में लगा रही है। मरांडी ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि राज्य सरकार की ओर से करायी जा रही अवैध तरीके से खुफियागिरी और जासूसी की जांच राज्य के सिटिंग जज से कराई जाए। वहीं, एडीजी स्पेशल ब्रांच को अविलंब निलंबित किया जाए। प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता रमाकांत महतो और सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।




## चंपाई की जासूसी कराना आश्चर्यजनक : बाउरी

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि पांच महीने से चम्पाई सोरेन पर सर्विलांस लगा हुआ था। यह आश्चर्यचकित करने वाला मामला है। वह



मुख्यमंत्री रहे हैं और वर्तमान सरकार में मंत्री हैं। उन्होंने बुधवार को एक्स हैंडल पर वीडियो जारी कर लिखा कि मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी उनकी जासूसी की जा रही थी। अभी भी मंत्री रहते हुए जिस तरह चम्पाई सोरेन को ट्रैक किया जा रहा है। यह दिखाता है कि वर्तमान की सरकार कितनी डरी हुई है और कितने नीचे तक जा सकती है। बाउरी ने कहा कि सत्ता के लिए लोगों का कत्ल करना हमने मुगलों के शासनकाल में देखा था लेकिन आज एक लोकतांत्रिक देश में एक सत्ता बचाने के लिए इतना नीचे तक जाये, इससे ज्यादा दुभाग्यपूर्ण क्या हो सकता है। भारत के संविधान का हवाला देते हुए बाउरी ने कहा कि यहां निजता का भी अधिकार है। झारखंड सरकार इस अधिकार का भी उल्लघंन कर रही है। बाउरी ने इस मामले की जांच की मांग करते हुए कहा कि किन परिस्थितियों में, क्यों और किस राजनेता ने ऐसा आदेश दिया है, यह भी जनता के बीच आना चाहिए ताकि चीजें संवैधानिक रहे। बाउरी ने अपने पोस्ट में लिखा कि स्पेशल ब्रांच के दो अधिकारियों को चम्पाई सोरेन का पीछा करते दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है, जिन्होंने उच्च अधिकारियों व राजनेता के निर्देश पर ऐसा करने की बात कबूली है। हैरानी की बात यह है कि इस प्रकरण में एक महिला के भी संलिप्त होने की बात सामने आयी है। ऐसा तो मुगल काल में होता था जब लोग सत्ता के लिए अपने सगे संबंधियों तक की बलि चढ़ाने को तैयार रहते थे। क्या झारखंड में एक परिवार 'संविधान व संस्थानों' से भी बड़ा हो गया है।

## चंपाई के जाने से झामुमो पर नहीं पड़ेगा फर्क : बबलू



पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का भाजपा में जाने से झारखंड मुक्ति मोर्चा पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता बबलू पांडे ने कही। उन्होंने कहा कि संथाल के भी कई बड़े नेता झामुमो छोड़ कर गए थे, लेकिन झामुमो को कोई फर्क नहीं पड़ा।

## भाजपा में चंपाई का स्वागत है : शिवपूजन



बीजेपी के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा कि पूर्व सीएम चंपाई को झामुमो में अपमानित किया गया है। वे भाजपा में आने का निर्णय लिया है। चंपाई का भाजपा में स्वागत है।

# केंद्रीय मंत्री आज 18वें दिव्य कला मेले का करेंगे उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार गुरुवार को रांची में 18वें दिव्य कला मेले का उद्घाटन करेंगे। 29 अगस्त से 8 सितंबर 2024 तक चलने वाला यह अनूठा 11 दिवसीय कार्यक्रम पूरे भारत के दिव्यांग कारीगरों और उद्यमियों की असाधारण प्रतिभा और उद्यमशीलता को प्रदर्शित करेगा। दिव्य कला मेला भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

18वां दिव्य कला मेला एक शानदार प्रदर्शनी होगी, जिसमें जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर राज्यों और कई अन्य राज्यों सहित देश के सभी कोनों से दिव्यांग कारीगरों द्वारा तैयार किए गए विविध उत्पादों को एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा।



*मेले में देश भर के 100 दिव्यांग कारीगर, कलाकार और उद्यमी लेंगे हिस्सा*

मेले में आने वालों को विभिन्न प्रकार के रंगों और रचनात्मकता को देखने का आनंद मिलेगा, जिसमें उत्तम हस्तशिल्प, हथकरघा और कढ़ाई के काम से लेकर स्वादिष्ट व्यंजन और पर्यावरण के अनुकूल वस्तुओं तक सभी प्रकार के उत्पाद शामिल होंगे। यह कार्यक्रम न केवल भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाएगा बल्कि दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देगा। दिव्य कला मेला का रांची संस्करण 2022 में शुरू हुई इस शृंखला का 18वां मेला है, जिसके पिछले संस्करण दिल्ली, मुंबई, भोपाल, गुवाहाटी और अन्य प्रमुख शहरों में आयोजित किए गए थे। यह मेला 'वोकल फॉर लोकल' आंदोलन का जीता जागता उदाहरण है, जहां दर्शको को पूरी तरह समर्पित भाव से और रचनात्मकता से तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले, स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। इस मेले में दिव्यांग कलाकारों को अपनी अन्य प्रतिभाओं के प्रदर्शन का भी अवसर मिलेगा और वे दिव्य कला शक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर सकेंगे।

## राहुल की व्यक्तिगत पेशी की छूट वाली याचिका पर सुनवाई 31 को

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत में विस्तृत सुनवाई के लिए 31 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले में राहुल गांधी के वकील प्रदीप चंद्रा ने व्यक्तिगत पेशी से छूट को लेकर याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी समन के बावजूद रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में हाजिर नहीं हुए थे। इस पर शिकायतकर्ता के वकील ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था लेकिन समन की तामील सर्विस रिपोर्ट कोर्ट को प्राप्त नहीं होने के कारण सुनवाई लंबित है। शिकायतकर्ता नवीन झा के अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने बताया कि राहुल गांधी की ओर से दायर याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से उनके द्वारा समय की मांग की गयी।

### रघुवर दास के कारण मेरा टिकट काटा गया

# मुझसे ज्यादा दुर्गति होगी चंपाई की : सूरज मंडल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कभी झामुमो में गुरुजी के बाद दूसरे सबसे कद्दावर नेता माने जाने वाले जैक के उपाध्यक्ष रहे पूर्व सांसद भाजपा नेता सूरज मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री चपांई सोरेन के भाजपा में शामिल होने पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उनका कहना है कि अगर भाजपा चंपाई सोरेन को ला रही है उसमें उसका अपना लाभ निहित है। मैं जिस चंपई को डांट देता था उसे शेर बना कर ला रही है। बीजेपी में मेरी जितनी दुर्गति हुई है उससे ज्यादा चंपई सोरेन की होगी। मैं रघुवर दास और मोदी को देखकर यह सोचकर आया था कि ये वैश्यों को आगे बढ़ाएंगे पर रघुवर दास किसी दूसरे वैश्य नेता को अपने बराबर नहीं आने देना चाहते। यह पूछने पर कि आप भी कहीं जाएंगे क्या तो उन्होने कहा कि दूसरी पार्टी में अब हम कहां जाएं बाप बेटे की पार्टी में जाएं अब हम कहीं नहीं जाएंगे। जो इस राज्य को बनाने नहीं देना चाहता था, बाप बेटे की पार्टी ने उस कांग्रेस को भी सरकार में रखा है। गोपीनाथ मुंडे वह अब इस दुनिया में नहीं है उन्होंने कहा था कि सूरज कभी पार्टी को मर्ज मत करना मेरी मति मारी गई थी कि मैंने विलय किया। कुर्मी को हमेशा नया नेता चाहिए। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा मुझे बीजेपी से टिकट देना चाहते थे लेकिन रघुवर दास के कारण मुझे टिकट नहीं मिल पाया उसके बाद रघुवर दास को ही जनता ने लताड़ दिया।

# सहायक अध्यापकों की वार्त्ता में इपीएफ देने पर बनी सहमति

*नए नियम के अनुसार योग्यता के आधार पर आश्रितों को नौकरी मिलेगी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा और राज्य सरकार के मंत्रियों के बीच बुधवार को वार्ता हुई। वार्ता में सरकार की ओर से शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, सुदिव्य कुमार सोनू, राजेश कच्छप, अमित यादव, विभाग की ओर से शिक्षा सचिव उमाशंकर, परियोजना निदेशक आदित्य कुमार रंजन, ओमप्रकाश मिश्रा तथा कई अन्य ने हिस्सा लिया। वार्ता का मुख्य बिंदु इपीएफ था। बैठक में इपीएफ पर सहमति बनी इसके अनुसार सरकार सहायक अध्यापक की हिस्सेदारी और विभाग की हिस्सेदारी वहन करेगा। यह सहायक अध्यापकों का चिर परिचित मांग थी। इसके बाद अनुकंपा के नियम में बदलाव पर सहमति बनी। नए नियम के अनुसार योग्यता के आधार पर आश्रितों को नौकरी मिलेगी। अभी तक शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों को चार प्रतिशत हर वर्ष मानदेय की वृद्धि नहीं हो रही थी। कैबिनेट की अगली बैठक में इसकी मंजूरी मिल जाएगी।

चार प्रतिशत मानदेय वृद्धि के लिए सहायक अध्यापकों को प्राधिकार कमिटी के कई पदाधिकारी से सेवा संपुष्ट कराना पड़ता था जिसमें बहुत परेशानी होती थी लेकिन अब इससे छुटकारा मिल गया। वार्ता में सीटेट को जेटेट के समतुल्य मानदेय मिलने पर सहमति बनी। वार्ता में विनोद तिवारी ने शिक्षा मंत्री से कहा कि आकलन उत्तीर्ण सहायक अध्यापकों को वेतनमान दिया जाए। आकलन पास सहायक अध्यापक कठिन परीक्षा से गुजरे हैं। सरकार की मंशा साफ रहे तो कुछ भी संभव हो सकता है। बिहार में लालू प्रसाद यादव ने 1994 में अप्रशिक्षित लोगों को शिक्षक बना दिया था। झारखंड की वर्तमान सरकार को भी इस पर अपनी सहमति देनी चाहिए। इस बात का वार्ता में शामिल सभी सदस्यों ने जोरदार समर्थन किया। वार्ता में सहायक अध्यापक के तरफ से विनोद तिवारी, विनोद बिहारी महतो, संजय दुबे, ऋषिकेश पाठक, प्रदुमन कुमार सिंह, निरंजन डे, बेलाल अहमद, विकास कुमार, शेख सिद्दीकी, भागवत तिवारी, नरोत्तम सिंह मुंडा, बैद्यनाथ महतो और सुशील पांडेय शामिल हुए।

### रक्षा राज्य मंत्री ने नौसेना दल को किया सम्मानित

# सेना सिर्फ युद्ध नहीं, देश की हर परिस्थिति में खड़ी रहती है : सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के चांडिल डैम में नौसेना द्वारा सफल रेस्क्यू ऑपरेशन कर लौट रहे जवानों को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में सम्मानित किया। मंत्री ने कहा हमें अपने नौ सैनिकों की वीरता और साहस पर गर्व है। चांडिल डैम में लबालब भरे पानी में कठिन परिश्रम से दो पायलट के साथ लापता एयरक्राफ्ट को खोज कर बाहर निकाला। मौसम अनुकूल नहीं होने के बावजूद नौसेना के जवानों के अथक प्रयास से यह ऑपरेशन सफल रहा। सेठ ने कहा कि हमारी सेना सिर्फ युद्ध के लिए नहीं होती, वह हर परिस्थिति में देश की सेवा के लिए होती है। इंडियन नेवी ने एक



बार फिर से यह प्रमाणित किया है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सभी जवानों के साथ संवाद किया। नौसेना के दल से विमान और उसके लापता पायलट के शव को निकालने के लिए हुए सफल ऑपरेशन के अनुभवों को सुना। साथ ही कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में इन वीर जवानों ने जो धैर्य, वीरता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया है, वह अद्वितीय है। इन जवानों का हौसला बढ़ाकर, इनसे मिलकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। ऑपरेशन चांडिल में कमांडर जन्मेजय सिंह, लेफ्टिनेंट राजीव कुमार पटेल, राजवीर सिंह सैनी, आकाश सिंह, प्रदीप कुमार खैरवा, शुभम थांगे, अभिनव सिंह, रिंकू चाहर शामिल थे।

# जनता का आशीर्वाद ही मेरी हिम्मत व ताकत : मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा



कि जनता का आशीर्वाद ही मेरी हिम्मत और मेरी ताकत है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर यह बात कही। उन्होंने इस पोस्ट में भाजपा पर तंज भी कसा। हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा के षड्यंत्र, साजिश और तमाशों को राज्य में सरकार बनने के बाद से मैं देख रहा हूं। हर बार ईस्ट इंडिया कंपनी के इन वंशजों को करारा जवाब भी दिया है। इन्होंने मुझे तोड़ने की कोशिश की, इनसे हो न सका। मुझे झुकाने की कोशिश की, झारखंड को झुकाने की कोशिश की, इनसे हो न सका। झारखंड की करोड़ों जनता का भरोसा और उम्मीद मुझे हर षड्यंत्र और साजिशों से लड़ने की ताकत देता है।

## शोषित, पिछड़े, दलित, आदिवासी और गरीबों के आंसूओं को पोंछना है: केशव

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तीसरे दिन बुधवार को संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत गढ़वा-पलामू जिले के कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित किया। कार्यकर्ताओं से संवाद के तहत कमलेश ने कहा कि चुनाव का शंखनाद हो गया है। हमारे पंचायत, प्रखंड अध्यक्ष और जिले के नेता जितना सक्रिय और मजबूत रहेंगे उतना ही हम अपनी प्रतिष्ठा को प्राप्त करेंगे। महतो ने कहा कि कांग्रेस के अतीत को याद करते हुए हमारे युवाओं को सीख लेना है कि हमें गांव-टोला की ओर चलना है। शोषित, पिछड़े, दलित, आदिवासी गरीबों के आंसुओं को पोछना है। उन्हें समाज के मुख्य धारा में मजबूती के साथ जोड़े रखना है। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उन्हें अधिक से अधिक दिलाना है।

# दूषित पानी पीने से बीमार पड़ रहे लोग प्रदूषण पर ध्यान दे प्रशासन : राज्यपाल

*नागरिकों की समस्या जानने के लिए रामगढ़ के गांव में राज्यपाल ने रखा कदम*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में दूषित पानी लोगों को बीमार कर रहा है। केंद्र सरकार लोगों को बचाने के लिए हर घर नल से जल योजना चला रही है। आम नागरिक सजग हों और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। यह बातें बुधवार को रामगढ़ जिले के कुजू पूर्वी पंचायत में जन संवाद सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार ने कही। पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल सीधे आम लोगों से जुड़े। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुफ्त अनाज योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसे मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने लोगों से यह जानने का प्रयास किया कि योजना के बारे में कितने लोगों को जानकारी है। कितने लोग इसका लाभ उठा रहे हैं और किस गांव में योग्य लाभुकों को योजना से वंचित रखा गया है। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से सीधा सुझाव मांगा और लिखित शिकायत की भी बात रखी। लोगों के सुझाव के आधार पर समस्या का मिलकर समाधान करने का आश्वासन भी उन्होंने दिया। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कोरोना काल के दिनों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि सरकार की सजगता और जनता के सहयोग की वजह से दूसरे देशों के मुकाबले भारत को नुकसान काफी कम हुआ। सरकार ने उस दौरान 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया। संवाद के दौरान आम नागरिकों ने प्रदूषण की समस्या को रखा। इस मुद्दे पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने जिला प्रशासन को पहल करने का निर्देश दिया। इस दौरान रामगढ़ डीसी चंदन कुमार ने राज्यपाल को बताया कि रामगढ़ जिले में काफी सारे इंडस्ट्रीज हैं। साथ ही यहां का अधिकांश भूभाग माइनिंग क्षेत्र से प्रभावित है।



## राज्यपाल ने किया परिसंपत्तियों का वितरण

राज्यपाल संतोष गंगवार का स्वागत डीसी चंदन कुमार और एसपी अजय कुमार ने किया। कार्यक्रम स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल ने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सीआईएफ जेएसएलपीएस के तहत स्वयं सहायता समूह को आर्थिक सहायता दी गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री साइकिल योजना , कुकुट पालन योजना के तहत भी परिसंपत्ति का वितरण किया गया। राज्यपाल ने इस दौरान पंचायत भवन में पौधारोपण किया। मौके पर डीडीसी रॉबिन टोप्पो, उप समाहर्ता गीतांजलि प्रसाद, एनडीसी रविंद्र कुमार गुप्ता, डीएसओ रंजीता टोप्पो, पंचायती राज पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज | बॉक्स

### गृहमंत्री शाह से मिले रघुवर दास



**रांची/नई दिल्ली।** दिल्ली में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और ओडिशा समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

### मुखिया को पद से हटाने पर राज्यपाल से मिले बाउरी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने भेंट की। शिष्टमंडल द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि प्रभा किस्पोस्ट्टा, जो कि ग्राम पंचायत सरवा, थाना- नरकोपी, जिला- रांची के मुखिया थे, उन्हें विधि असंगत कार्रवाई करते हुए मुखिया पद से हटाया गया। ज्ञापन में एक मुखिया को बिना किसी विधिक प्रक्रिया के हटाने की आलोचना की गई।

### राज्यपाल ने 28 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के दिए निर्देश

**रांची।** राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को चाईबासा के कोल्हान विश्वविद्यालय और पलामू के नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के लिए झारखंड लोक सेवा आयोग के जरिये अनुशंसित अभ्यर्थियों के कागजातों की शीघ्र जांच कर उनकी नियुक्ति के लिए निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि झारखंड लोक सेवा आयोग के जरिये चाईबासा के कोल्हान विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के लिए 17 सहायक प्राध्यापकों और पलामू के नीलांबर-पीताम्बर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में 11 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति के लिए अनुसंशा की गई है। दो दिन पूर्व राज्यपाल के समक्ष राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरंडी ने इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया था।

### कांग्रेस ने मनाई पीएन सिंह की पुण्यतिथि




**रांची।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष पीएन सिंह की पुण्यतिथि रांची स्थित कांग्रेस भवन में बुधवार को मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने उनका व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। मौके पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पीएन सिंह ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार भी रहे, 1987 में इन्हें बिहार राज्य लघु उद्योग निगम का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। 2000 में प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष संगठन द्वारा इन्हें मनोनीत किया गया। संगठन के प्रति इनकी निष्ठा और इच्छा शक्ति को देखते हुए इन्हें 1980 से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। इनका सादा एवं सरल जीवन तथा स्पष्ट विचार लोगों को बरबस आकर्षित एवं प्रभावित करता था। ये दूरदर्शी होने के साथ-साथ एक ओजस्वी वक्ता भी थे। इन्होंने जीवन पर्यंत कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य किया ।हर छोटे बड़े कांग्रेसी कार्यकर्ता के सुख-दुख में हमेशा शामिल रहकर उनका हौसला बढ़ाया करते थे। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद,डॉ जयप्रकाश गुप्ता,सोनाल शांति,अमरेंद्र सिंह सहित अन्य नेता शामिल थे।

### हाइवा की चपेट में आने से एक की मौत

**रांची।** रांची के हरमू रोड स्थित मुक्ति धाम के समीप हाइवा की चपेट में आने से बुधवार को एक व्यक्ति की मौत हो गयी। हाइवा रांची नगर निगम का कचड़ा उठाने वाला बताया जा रहा है। पुलिस हाइवा को जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान मंटू कुमार के रुप में की गयी है। वह डोरंडा का रहने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। हाइवा को जब्त कर लिया गया है।

### साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत को मिली जमानत




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल कुमार भगत जमानत याचिका पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद बुधावार को टिंकल भगत को जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। पूर्व में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की थी। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है, जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। याचिकाकर्ता को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपित कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसलिए याचिकाकर्ता टिंकल भगत को भी जमानत दी जाए। ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में टिंकल भगत जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई थी। मामले में ईडी ने टिंकल भगत के खिलाफ दो सितंबर, 2023 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। टिंकल साहिबगंज में 1200 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले से जुड़ा हैं। टिंकल भगत को ईडी ने सात जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। वह मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। वह खनन के पैसे पंकज मिश्रा को भी पहुंचता था।

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,785.56 +73.80
डॉलर 83.947 +0.026
रांची सर्राफा
10 ग्राम 72,290
01 किलो 93,500

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

भाद्रपद कृष्ण पक्ष 11, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 29 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 207, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-08 भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर...





**शर्मनाक** • कोलकाता में चिकित्सक की दुष्कर्म और हत्या की घटना पर बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## अब बहुत हो गया, मैं स्तब्ध और भयभीत हो गई हूं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी कोलकाता की इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति ने अपने बयान में कहा है कि यह मात्र घटना नहीं है, अपराधों की श्रृंखला का हिस्सा है। उन्होंने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आइए, हम सामूहिक रूप से कहें कि अब बहुत हो गया। राष्ट्रपति का यह बयान तीन पेज का है। जिसे एक्स पर साझा किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की वीभत्स घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। जब मुझे इस बारे में पता चला तो मैं स्तब्ध और भयभीत हो गई। इससे भी अधिक निराशाजनक बात यह है कि यह अपनी तरह की एकमात्र घटना नहीं थी, यह महिलाओं के खिलाफ अपराधों की श्रृंखला का हिस्सा है। कोलकाता में जब छात्र, डॉक्टर और नागरिक विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, तब भी अपराधी अन्य जगहों पर घूम रहे थे। पीड़ितों में किंडरगार्टन की लड़कियां भी शामिल हैं। कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों के साथ इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना तय है, और मैं भी। हमें अपनी बेटियों के प्रति यह दायित्व है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। फिर हम सामूहिक रूप से अगले रक्षाबंधन पर उन बच्चों की मासूम जिज्ञासा का दृढ़ उत्तर दे सकेंगे। आइए, हम सामूहिक रूप से कहें कि अब बहुत हो गया।



> राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की वीभत्स घटना ने पूरे देश को **झकझोर** कर रख दिया है।

## कथित चिकित्सकों के नाम पर 1 करोड़ की अवैध निकासी

नवीन मेल संवाददाता

**10** करोड़ से अधिक के गबन की आशंका, एसडीओ की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय जांच समिति गठित

**रामगढ़।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ के खाते से वेतन भुगतान में अनियमिता का मामला सामने आया है। रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के खाते से लंबे समय से फर्जी चिकित्सकों के नाम से वेतन निकासी करने का बड़ा मामला प्रकाश में आया है। प्राथमिक जांच में पाया गया कि गत 15-16 महीने में पांच कथित चिकित्सक डॉ. राहुल कुमार, डॉ. संगीता बारीक, डॉ. वीणा कुमारी, डॉ. टी चक्रवर्ती एवं डॉ. सरिता कुमारी के वेतन के नाम पर एक करोड़ रुपए की निकासी कर ली गई है। जबकि इस नाम के चिकित्सकों ने कभी रामगढ़ जिले में सेवाएं नहीं दी है। जांच में पाया गया कि रामगढ़ जिले में ही स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आदेशपाल अमजद हुसैन व उनकी पत्नी के नाम पर ही उक्त पांचों नाम से खाते संचालित हैं।

शेष पेज 9 पर

## चंपाई दा के इलाके में गरजे हेमंत भाजपा की मंशा सफल नहीं होगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सरायकेला-खरसावां पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी पर उनकी सरकार के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। मईयां सम्मान योजना के तहत कोल्हान प्रमंडल की महिला लाभार्थियों के बैंक खातों में सहायता राशि ट्रांसफर करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि 2019 में जिस दिन हमारी सरकार बनी, उसी दिन से सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचा जाना लगा।

हेमंत सोरेन ने कहा, भारतीय जनता पार्टी को जिन प्रदेशों में सरकार बनाने के लिए जनादेश नहीं मिलता है, वहां धन-बल की बदौलत और ईडी-सीबीआई जैसी एजेंसियों के जरिए विधायकों, मंत्रियों को डराकर सरकार को अस्थिर करने का षड्यंत्र करते हैं। हम भाजपा के नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने भाजपा पर विभाजनकारी राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा के चुनाव नजदीक हैं तो एक बार फिर ये कभी आदिवासी-मुस्लिम, कभी हिंदू-मुस्लिम तो कभी अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर लड़ाने वाले भाषण दे रहे हैं। इनके नेताओं को सभी अल्पसंख्यक बांग्लादेशी और घुसपैठिए दिखते हैं। ये लोग समाज को बांटने और जहरीले भाषण देने के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम जैसे राज्यों से नेताओं को बुला रहे हैं।

शेष पेज 9 पर

### लाभुकों के खातों में गए 57.38 करोड़ रुपए



**सरायकेला।** जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत रपचा फुटबॉल मैदान में बुधवार को मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना के तहत आयोजित प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीनों जिलों की चयनित 21 से 50 वर्ष की महिलाओं के खाते में 57 करोड़ 38 लाख 99 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की। गौरतलब है कि तीनों जिलों में इस योजना के अबतक 5 लाख 73 हजार 899 लाभुक चिह्नित किए गए हैं। इस योजना के पहले चरण में पूर्वी सिंहभूम जिले से 02 लाख 47 हजार 728 लाभुकों को 24 करोड़ 77 लाख 28 हजार रुपये, पश्चिमी सिंहभूम जिले से

शेष पेज 9 पर

## दिल्ली में चंपाई की जासूसी करते पकड़े गए स्पेशल ब्रांच के दो दारोगा


नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन की जासूसी के आरोप में झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच के दो सब इंस्पेक्टर को मंगलवार की शाम दिल्ली के ताज होटल में पकड़ा गया। इन दोनों को दिल्ली के चाणक्यपुरी थाने की पुलिस को सौंपा गया है।

उनके खिलाफ चंपाई सोरेन ने एफआईआर भी दर्ज कराई है। इस बात का खुलासा असम के सीएम और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को गुवाहाटी में एक प्रेस कांफ्रेंस में किया। हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया को बताया कि इन दोनों सब इंस्पेक्टर ने स्वीकार किया है उन्हें संवैधानिक पद पर बैठे एक व्यक्ति ने जासूसी का टास्क सौंपा था। चंपाई सोरेन की एक-एक गतिविधि की रेकी करने की ड्यूटी में उन्हें झारखंड पुलिस के आईजी प्रभात कुमार ने लगाया था। सरमा ने इसे प्राइवेसी पर हमले का बेहद गंभीर मामला बताते हुए इसकी जांच की मांग की है। सरमा के मुताबिक, झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच के ये दोनों सब इंस्पेक्टर बीते 18 अगस्त को भी चंपाई सोरेन को फॉलो कर रहे थे, जब वे दिल्ली आए थे। इस बार 26 अगस्त को चंपाई सोरेन जब कोलकाता से फ्लाइट के जरिए दिल्ली आए तो दोनों सब-इंस्पेक्टर भी उसी फ्लाइट पर सवार थे। इसके बाद होटल ताज में भी उन्होंने उसी फ्लोर पर कमरा लिया, जिस फ्लोर पर चंपाई सोरेन, उनके पीएस और उनके करीबी लोग ठहरे थे।

शेष पेज 9 पर

### रांची पहुंचे चंपाई, सभी पदों से दिया इस्तीफा



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दस दिनों के बाद बुधवार को रांची पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मंत्री परिषद सहित झामुमो के प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि मैंने बहुत सोच-समझकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने का फैसला किया है। यह झारखंड के हित में लिया गया बिल्कुल सही फैसला है। दिल्ली से रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। ज्यादातर लोग उनके निर्वाचन क्षेत्र से आए थे, जिनका कहना था कि चंपाई सोरेन जो भी निर्णय लेंगे, वे उनके साथ हैं।

शेष पेज 9 पर

### आज कल




## बाइक को ट्रेलर ने मारी टक्कर, 9 माह के बच्चे समेत महिला की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर अवस्थित सिविल कोर्ट के समक्ष बुधवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक ने जेएच 02बीए 9082 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार एक 9 माह के बच्चे और महिला की मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर लेकर भाग निकला जबकि बाइक चला रहा महिला का पति गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना का शिकार परिवार चितरपुर के सांडी से रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहा था।

शेष पेज 9 पर

## झारखंड सहित पड़ोसी राज्यों की दो नई लाइनों व एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मिली मंजूरी

**कैबिनेट के फैसले**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने भारतीय रेलवे की दो नई लाइनों और एक मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत 6,456 करोड़ रुपये है। झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ के





सात जिलों को कवर करने वाली ये तीन परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 300 किलोमीटर तक बढ़ायेंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नई लाइन के प्रस्ताव से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी और गतिशीलता में सुधार होगा, जिससे भारतीय रेलवे के लिए दक्षता और सेवा विश्वसनीयता बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा, जिससे भारतीय रेलवे के सबसे व्यस्ततम खंडों पर बहुत जरूरी बुनियादी ढांचागत विकास होगा। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हो पाई हैं और लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। मंत्री ने बताया कि इन परियोजनाओं के साथ 14 नए स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा, जिससे दो आकांक्षी जिलों

शेष पेज 9 पर

## शिबू को मार्मिक पत्र लिखकर बतायी पार्टी छोड़ने की वजह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा देते हुए झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन को मार्मिक पत्र लिख कहा कि आपके मार्गदर्शन में झारखंड आंदोलन के दौरान और उसके बाद भी मुझे जीवन में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला है। आप सदैव मेरे मार्गदर्शक बने रहेंगे। पत्र में चंपाई ने कहा कि झामुमो की कार्यशैली और नीतियों से विक्षुब्ध होकर पार्टी छोड़ने को विवश हूं। आपके मार्गदर्शन में जिस पार्टी का



सपना हम जैसे कार्यकर्ताओं ने देखा था और जिसके लिए हमने जंगलों-पहाड़ों और गांवों की खाक छानी थी, अपनी पार्टी उस दिशा से भटक चुकी है।

शेष पेज 9 पर

## जन-धन योजना के 10 साल पूरे देश में 53.13 करोड़ खाते खुले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन-धन योजना को आज 10 साल पूरे हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 अगस्त, 2014 को जन-धन योजना की शुरूआत की थी। इस योजना के तहत अबतक 53.13 करोड़ बैंक खाते खोले गए हैं, जिसमें 2.3 लाख करोड़ रुपये की धनराशि जमा है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में तीन करोड़ से अधिक और जन-धन खाता खोलने का लक्ष्य रखा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कहा कि 28 अगस्त, 2014 को शुरू की गई प्रधानमंत्री जन-धन योजना आज सफलतापूर्वक अपने क्रियान्वयन का एक दशक पूरा कर रही है। पीएमजेडीवाई दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल है, वित्त मंत्रालय अपने वित्तीय समावेशन हस्तक्षेपों के माध्यम से हाशिए पर पड़े और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को सहायता प्रदान करने का निरंतर प्रयास करता है। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने संदेश में कहा कि वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण को प्राप्त करने के लिए औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक और किफायती पहुंच आवश्यक है। यह गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा में एकीकृत करता है और हाशिये पर पड़े समुदायों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सीतारमण ने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि 67 फीसदी खाते ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जबकि 55 फीसदी खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

**इंडिया**

## ब्रेकिंग न्यूज की बढ़ती गति के साथ टूटती साख और सरकार

पूर्व सीएम चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा जब से शुरू हुई तब से बेसिर पैर के निराधार समाचारों के अलावा गद्दार या खुद्दार, बीजेपी से मिले होने और जेएमएम या भाजपा के विरुद्ध कथित समाचार दिखाते कुछ यूट्यूब चैनल, पोर्टल और सोशल मीडिया पर झारखंड के नेताओं की धज्जियां उड़ाते लोग पत्रकारिता की विश्वसनीयता के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। यूट्यूब की विश्वस्तरीय पहुंच और सोशल मीडिया के विभिन्न फॉर्मेट ने इसे सबसे तेज चैनल से भी तेज बना दिया है। कुछ अनुभवी पत्रकारों द्वारा संचालित व्यवस्थित यूट्यूब चैनल के दर्शक लाखों की संख्या में हैं जो विश्वस्तरीय ख्याति अर्जित कर रहे हैं पर सिर्फ मोबाइल, माइक और बाइक के सहारे बिना अनुभव या परिपक्वता के तेजी से फैल रहे कथित समाचारों के लिए कोई मापदंड नहीं। कोई एडिटिंग नहीं और कोई रोकटोक भी नहीं है जिससे ये अधकचरे और एकतरफा समाचार कई बार सच होते हुए भी संदेहास्पद हो जाते हैं जिससे सामान्य लोगों के बीच मीडिया की गलत और अविश्वसनीय छवि बन रही है जो मीडिया जगत के लिए ही नहीं भारत के लिए भी घातक है क्योंकि इससे जातीय, धार्मिक या वैचारिक वैमनस्यता फैलाई जा रही है जिससे दंगे फ़साद तक हो चुके हैं। झारखंड में कुछ पत्रकार संगठनों ने इसके लिए नियमावली बनाने की मांग की थी। यूपी सरकार ने इस पर पहल की है जहां सोशल मीडिया पर काम करने वाली एजेंसी व फर्म को विज्ञापन की व्यवस्था की गई है, वहीं अभद्र या राष्ट्र विरोधी पोस्ट डालने पर कानूनी कार्रवाई के प्रावधान भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में उत्तर प्रदेश डिजिटल मीडिया नीति-2024 को मंजूरी दे दी गई है। प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी, लाभकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी और उसके लाभ को लोगों तक डिजिटल व सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचाने के लिए यह नीति लाई गई है। इसके तहत एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब पर प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित कंटेंट, वीडियो, ट्वीट, पोस्ट और रील को प्रदर्शित किए जाने के लिए इनसे संबंधित एजेंसी व फर्म को विज्ञापन देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। इससे बड़ी संख्या में रोजगार मिल सकेगा। इस नीति के तहत सूचीबद्ध होने के लिए एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यू-ट्यूब में से प्रत्येक को सब्सक्राइबर व फॉलोअर्स के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा गया है। एक्स, फेसबुक व इंस्टाग्राम के एकाउंट होल्डर, संचालक, इन्फ्लूएंसर (प्रभाव रखने वाले) को भुगतान के लिए श्रेणीवार अधिकतम सीमा क्रमशः 5 लाख, 4 लाख, 3 लाख और 3 लाख रुपये प्रतिमाह निर्धारित की गई है। यू-ट्यूब पर वीडियो, शाट्र्स, पॉडकास्ट भुगतान के लिए श्रेणीवार अधिकतम सीमा क्रमशः 8 लाख, 7 लाख, 6 लाख और 4 लाख प्रतिमाह निर्धारित की गई है। इस संबंध में नीति लाने के लिए लंबे समय से प्रयासरत निदेशक सूचना शिशिर सिंह ने बताया कि पोस्ट किया गया कंटेंट अभद्र, अश्लील और राष्ट्र विरोधी नहीं होना चाहिए। अभी सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर पुलिस द्वारा आईटी एक्ट की धारा 66 (ई) और 66 (एफ) के तहत कार्रवाई की जाती है। अब प्रदेश सरकार पहली बार ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए नीति ला रही है। इसके तहत दोषी पाए जाने पर तीन साल से लेकर उम्र कैद (राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में) तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा अभद्र एवं अश्लील सामग्री पोस्ट करने पर आपराधिक मानहानि के मुकदमे का सामना भी करना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने के लिए तीन वर्ष पूर्व इंटरमीडियरी गाइडलाइंस एंड डिजिटल मीडिया एथिक्स कोड जारी किए थे। आज समय की मांग है कि झारखंड भी इस पर विचार करे और एक स्पष्ट नीति बनाए ताकि सही काम करने वाले यूट्यूबर को या सोशल मीडिया आंदोलनकारियों को आर्थिक सहयोग भी मिले और अनावश्यक परेशान न किया जाए जबकि राष्ट्र विरोधी, अश्लील आपत्तिजनक या वैमनस्य फैलाने वालों पर रोक भी लग सके। इसके लिए निबंधन की प्रक्रिया भी हो ताकि उससे जुड़े पत्रकारों को भी मान्यता मिल सके।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



### बच्चों में पढ़ाई की रुचि विकसित करने के लिए 'रीडिंग कैंपेन' शुरू

# रीडिंग मोबाइल वैन को शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य ने किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा यूनिसेफ, आईपीईएल , एवं रूम टू रीड इंडिया के सहयोग से 27 अगस्त से नौ सितंबर तक रीडिंग कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है। विभाग द्वारा आयोजित इस अभियान बच्चों में पढ़ने के प्रति रुचि विकसित करने, समुदाय एवं अभिभावकों को बच्चों के पठन-पाठन से जोड़ने एवं बच्चों के लिए उपलब्ध बाल साहित्य के प्रति सभी को जागरूक करना है। 14 दिनों तक चलने वाले इस अभियान में प्रत्येक दिन स्कूल स्तर की गतिविधि निर्धारित की गई है जिसे शिक्षकों द्वारा बच्चों और समुदाय के सहयोग एवं प्रतिभागिता से किया जाना है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को इस अभियान से संबंधित रीडिंग मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल लाइब्रेरी वैन स्कूलों में जाएंगी, जहां बच्चों के साथ विभिन्न तरह की पठनझपाठन की गतिविधियां की जाएगी। रीडिंग कैंपेन के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान आदित्य रंजन ने प्रारंभिक अवस्था से ही पठन की आदत विकसित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक अवस्था से पढ़ने की आदत विकसित करना न केवल बच्चों को उनकी शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करता है, बल्कि उनके समग्र विकास में भी सहायक होता है।



### पढ़ने के महत्व और इसके प्रति रूचि बढ़ाने के लिए कैंपेन महत्वपूर्ण : अभिनव कुमार

झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी ( गुणवत्त शिक्षा ) डॉ अभिनव कुमार ने पढ़ने की महत्ता एवं बच्चों में इसके प्रति रुचि बढ़ाने के दृष्टिकोण से इस कैम्पेन को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा कि इस कैम्पेन की गतिविधियों में न केवल शिक्षक और बच्चे, बल्कि समुदाय के लोग भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों फेसबुक एवं एक्स के जरिए भी इस कैम्पेन का व्यापक प्रसार-प्रचार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस कैम्पेन की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### बच्चों की भाषा और शब्दावली के साथ साथ कल्पनाशीलता का भी होता है विकास : पारुल

यूनिसेफ की एजुकेशन स्पेसिलिस्ट पारुल शर्मा ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा बच्चों के भविष्य की सफलता की नींव रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह केवल पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि इसमें परस्पर संबंध, सहयोग, और भावनात्मक नियंत्रण जैसे जरूरी जीवन कौशलों का भी विकास होता है। इस रीडिंग कैंपेन के माध्यम से हम चाहते है कि बच्चों को किताबें पढने का भरपूर मौका मिले क नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ना बच्चों के मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल उनकी भाषा और शब्दावली को समृद्ध करता है, बल्कि उनकी सोचने की क्षमता और कल्पनाशीलता को भी बढ़ाता है।

### तीन सितंबर को रीड-ए-थॉन का आयोजन

तीन सितंबर को पूर्वाह्न 11 से 11:30 बजे तक रीड-ए-थॉन का आयोजन किया जाएगा। रीड अ थोन के दौरान बच्चे, शिक्षक, पदाधिकारी, समुदाय द्वारा अलग अलग जगहों पर कताबें पढ़ी जाएगी। नौ सितंबर को राज्य स्तर पर सेमिनार आयोजित कर इसका समापन किया जाएगा। समापन कार्यक्रम में कैंपेन की उपलब्धियों एवं आगे की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

### रिम्स की सुरक्षा में लगी महिला होमगार्ड से मारपीट का आरोप

# जूनियर डाक्टरों ने की मारपीट की शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कोलकाता की मार्मिक घटना के बाद रिम्स के डाक्टर अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। मरीजों को देखने के लिए वार्ड में जाते हैं तो अपने साथ होम गार्ड के जवान को लेकर जाते हैं। होम गार्ड के जवानों पर ही रिम्स को भरोसा है। इसलिए लगभग 400 होम गार्ड के जवान रिम्स में तैनात हैं। रिम्स प्रबंधन के आग्रह पर हथियारधारी होम गार्ड के जवानों की भी नियुकित की गई है। रिम्स की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए हथियारधारी होम गार्ड के और अधिक जवानों की तैनाती करने के लिए रिम्स प्रबंधन अपनी बैठकों में चर्चा कर चुके हैं।

इसी बीच रिम्स के प्रशिक्षु डॉकटरों और होमगार्ड के जवानों के बीच मारपीट होना एक बहुचर्चित घटना का रूप धारण कर चुकी है। विश्वसीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,हथियारधारी जवानों के हथियार रखने के लिए स्टेडियम के पास मैगजीन रूम बनाया गया है। हलांकि रिम्स प्रबंधन ने मैगजीन रूम की वह व्यवस्था नहीं दी है, जो मैगजीन रूम की होती है। हालात तो यह है कि उस मैगजीन रूम में ठीक से दरवाजे भी नहीं लगे है। ऐसी जगह पर हथियार खुले आम छोड़ देना होम गार्ड के जवानों के लिए संभव नहीं है। बातचीत से पता चला कि मारपीट वाले दिन हथियार की सुरक्षा कें लिए मैगजीन रूम के बाहर एक नेपोलियन होम गार्ड तैनात थे। वहीं मेन गेट पर महिला होम गार्ड की जवान थी। उस महिला होमगार्ड के पास एक पुरूष और एक महिला प्रशिक्षु डाक्टर शाम के सात से आठ के बीच नशे में धुत होकर आए। ये दोनों मैगजीन रूम में घुसने की जिद करने लगे। महिला होमगार्ड ने बताया कि उनलोगों को कहा कि आप अपना आईडी दिखाइए और रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के बाद जाइए। इस पर वे प्रशिक्षु डाक्टर आगबबूला हो गए और कहा कि जानती नहीं हम डाक्टर हैं। तुम रोकने वाली कौन हो? महिला होम गार्ड ने कहा कि आप डाक्टर हैं या कौन है, मुझे कैसे पता होगा? आईडी दिखाइए, रजिस्टर में साइन करिए और अंदर जाइए। जब होम गार्ड की जवान ने उन्हें नहीं जाने दिया तो वे दोनों प्रशिक्षु डाक्टरों ने धक्का मुक्की करते हुए उस महिला होमगार्ड की वर्दी फाड़ दी। मारपीट किया जिससे उस महिला होमगार्ड को चोट भी आई है। वे इंटर्नशिप कर रहे डाक्टरों ने फोन किया। तुरंत चालीस से पचास लोगों ने आकर नेपोलियन और महिला होम गार्ड के जवानों को घेर लिया। तब नेपोलियन होमगार्ड के जवान ने भी कॉल किया जिससे होमगार्ड के और जवान घटनास्थल पर पहुंचे। अब आगे क्या हुआ? इस घटना की न्यायिक जांच से ही स्पष्ट हो पाएगा। पूरा मामला मैगजीन रूम में घुसने के ईद-गिर्द घूम रहा है। अब, बात यह आती है कि मैगजीन रूम में प्रशिक्षु डॉकटरों के घुसने की क्या आवश्यकता है, जहां राइफल राखी हो। बताया जाता है कि उस मैगजीन रूम को सेफ प्वांइट मानकर पहले आपतिजनक हरकतें हुआ करती थीं ।





▸ जांच के लिए कमेटी बनेगी होगी कार्रवाई : रिम्स प्रबंधन

### हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज मामले की जांच करें तो

दूसरी तरफ मगर होम गार्ड के जवानों का मानना है कि अगर रिम्स प्रबंधन इस मामले की जांच करती है तो वह हमेशा की तरह अपने प्रशिक्षु डॉकटर का ही पक्ष लेंगे। प्रशिक्षु डॉकटरों के आपतिजनक हरकतों पर होमगार्ड के जवान जब टोकते हैं तो वे लोग अपने बड़े बाप की संतान होने का रौब दिखाते हैं। होमगार्ड के जवानों के सुरक्षा की निष्पक्ष जांच उसी सूरत में हो सकती है जब हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज मामले की जांच करे। घायल महिला होम गार्ड के जवानों में शिवानी महतो, सोनी महतो, अनिता अनिकेत, सोनू,धीरज, बिक्की आदि हैं।

### जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा

रिम्स के पीआरओ राजीव रंजन से राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता को घटना के संबंध में बताया कि मिली जानकारी के अनुसार होम गार्ड के कुछ जवान चेहरे पर रूमाल बांधकर आए और मारपीट करने लगे। पीआरओ से पूछा गया कि कारण तो कुछ होगा अनायास तो कोई किसी को मारपीट नहीं करेगा। इस पर उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच के लिए एक कमेटी बनाई जा रही है। जांच के बाद दूध का दूध और पानी हो जाएगा।

## डीसी ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की तैयारियों का लिया जायजा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमण्डलीय स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम की तैयारियों का लेकर बुधवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने जायजा लिया।

उपायुक्त ने कार्यक्रम स्थल में चल रही तैयारियों का जायजा लेते संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच, वीआईपी लाउंज, लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग, ब्रांडिंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश को ध्यान में रखते हुए तैयारी सुनिश्चित करें ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

इस दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार भगत, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** राजधानी रांची में कथित जमीन घोटाला मामले में प्रेम प्रकाश को भी जमानत मिल गई है। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (28 अगस्त) को जमानत दी। हालांकि, अवैध खनन मामले में उसे अभी तक जमानत नहीं मिली है। इसलिए प्रेम प्रकाश जेल से बाहर नहीं आ पाएगा। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर पिछले महीने सुनवाई हुई थी। 29 जुलाई को सुनवाई के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस प्रशांत मिश्रा और जस्टिस केवल विश्वनाथ की पीठ ने 28 अगस्त को अपना फैसला सुना दिया। प्रेम प्रकाश पर दस्तावेजों से छेड़छाड़ करके जमीन की खरीद-बिक्री करने का आरोप था। उसे अगस्त, 2023 में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। प्रेम प्रकाश को अवैध खनन से जुड़े मनी लाउंडरिंग मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।

# ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी

▸ संख्या को बढ़ाकर 3000 करने की मांग की जा रही है। लेकिन अभी लगभग 8000 ई-रिक्शा चल रहे हैं।

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची की सड़कों पर ऑटो व ई-रिक्शा चालकों का अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ऑटो व ई-रिक्शा यूनियन का आरोप है कि प्रशासन हम सभी के हितों की अनदेखी करती आ रही है। वहीं प्रशासन का कहना है कि ट्रैकिक जाम की समस्या से निराकरण को लेकर झारखंड हाईकोर्ट सख्त है। रूट निर्धारण अहम विषय है। रांची क्षेत्र को चार जोन में बांटा गया है। 5000 ऑटो को सिटी पास मिला है। वहीं प्रशासन इसकी संख्या बढ़ाकर 6500 कर रही है। इसके लिए 17 रूट का निर्धारण किया गया है। पूर्व परमिट के अनुसार, ऑटो को 15 से 20 किमी चलने की अनुमति दी गई थी। अब इसे घटाकर 5 से 8 किमी कर दिया गया है। यूनियन की मांग है कि इसे पूर्ववत रखा जाए। वहीं 2017 में 940 ई-रिक्शा को पास मिला था। अभी 2200 को पास मिला है। इसके लिए 113 रूट का निर्धारण किया गया है। इसकी संख्या को बढ़ाकर 3000 करने की मांग की जा रही है। लेकिन अभी लगभग 8000 ई-रिक्शा चल रहे हैं। यूनियन का कहना है कि जब 8000 ई-रिक्शा चलने की अनुमति नहीं है तो इनको डीटीओ ने पंजीकरण क्यों दिया है? जब पंजीकरण मिला है तो सबको चलने की अनुमति दें।



**आरटीए सचिव संजीव कुमार ने कहा कि ऑटो यूनियन से कमिश्नर, ट्रैफिक एसपी व आरटीए की उपस्थिति में सकारात्मक बात हुई है। कुछ बातों पर सहमति भी बनी है। यूनियन ने कहा है कि हम सब मिलकर आपस में निर्णय कर आपको जानकारी देंगे।**



**सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बातचीत में कहा कि अगर कोई ऑटो व ई-रिक्शा चालक अपना वाहन चलाना चाहें तो चला सकते हैं। प्रशासन उन्हें पूरी सुरक्षा देगी। अगर किसी ने उनके ऑटो या ई-रिक्शा में तोड़फोड़ की तो उनके उपर कड़ी कारवाई की जाएगी।**

# कोलकाता कांड को लेकर महिलाओं में है रोष

**कोलकाता में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या की घटना को लेकर देश भर में आंदोलन चल रहा है। झारखंड में भी इस मामले को लेकर लोगों में आक्रोश है। वहीं खास कर महिलाओं में काफी रोष देखा जा रहा है। राष्टीय नवीन मेल संवाददाता रजनीश ने इस मामले में महिलाओं का राय जाना।**

### दुष्कर्म के दोषियों को तुरंत मिले कड़ी से कड़ी सजा



नागरमल मोदी सेवा सदन की महिला डॉ मिनाल सिन्हा ने कहा कि डर तो लगता है। हम किसी पर विश्वास नहीं कर सकते। किसके मन में क्या चल रहा है यह कैसे कह सकते हैं। इसलिए हम सभी को किसी पर विश्वास नहीं करना चाहिए। कोलकाता में हुई घटना पर सरकार को सबसे पहले एक ठोस कानून बनना चाहिए, जिसमें दुष्कर्म या सामूहिक दुष्कर्म के दोषियों को तुरंत सजा मिल सके। दिल्ली में एक निर्भया कांड हुआ था, उसके दोषियों को सजा मिलनी में 10 साल लग गया। दुष्कर्म जैसे अपराध में ज्यादा दिन मुकदमा नहीं चलनी चाहिए। अपराधी को जल्द सजा मिलनी चाहिए। महिला डॉक्टर के लिए अस्पताल में अलग से रेस्ट रूम होना चाहिए। महिला और पुरुष दोनों डॉक्टर का अलग-अलग कैमरा फॉरेस्ट करने के लिए हर जगह पर सीसीटीवी हो। अधिक से अधिक सुरक्षाकर्मी हो। नाइट ड्यूटी करने वाली महिला को कड़ी सुरक्षा देनी चाहिए। कोलकाता की घटना के बाद तो जर और भी लगता है।

**डॉ मिनाल सिन्हा चिकित्सक**
**नागरमल मोदी सेवा सदन**

### महिलाओं को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरुरत



आज जो लोग कोलकाता रेप केस के बारे में बातें कर रहे हैं। मोमबत्तियां ले कर सड़कों पर उतर कर पीड़ित डॉक्टर परिवार को इंसाफ दिलाने में लगे हुए हैं। आज के समय में कई ऐसे लोग है जो रोज किसी लड़की के फिगर, कपड़ों पर गलत टिप्पणी करते रहते हैं। लड़कियां कभी ऑटो में बैठती है तो साथ में बैठा व्यक्ति कोहनी से कभी हाथों से कंधों को गलत तरीके से छूना चाहता है। ऐसे में कोई लड़की अपने आप को कैसे सुरक्षित महसूस करें? वह मासूम सी लड़की अंदर ही अंदर कचोट कर रह जाती है। अगर वही कोई बेबाक बोलने वाली लड़की हो तो आदमी को गलियों की माला पहना दे तो समाज उसे बड़बोली, बेशर्म बात करने की तमीज नहीं है कहकर चुप करा देती हैं। ऐसे में हम महिलाओं व बेटियों को एकजुट होकर इसके लिए लड़ना होगा।

**प्रिया सिंह, छात्रा**
**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय**

### रात्री कार्य से महिलाओं को जहां तक संभव बचना चाहिए



फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी ने कहा कि किसी भी महिला डॉक्टर को रात्रिकालीन ड्यूटी सौंपते समय कई तरह की बातों पर ध्यान देना चाहिए। संस्थानों के पास रात्रि पाली के लिए अपना स्वयं का परिवहन होना चाहिए। रात्रि पाली के लिए कुशल सुरक्षा। सीसीटीवी कैमरे से सतर्क निगरानी। रात्रि पाली के दौरान महिला को कार्य से बचना चाहिए, यदि कार्यबल आवश्यकता को पूरा सर्तक रहने की जरूरत है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए महिला कर्मियों को अपने सहकर्मियों के चरित्र और सीसीटीवी के बारे में भी सतर्क रहना चाहिए। रात्रि पाली के दौरान महिला कार्य से बचने की संभावनाएं तलाशना चाहिए।

**ज्योति कुमारी कोषाध्यक्ष**
**झारखंड चैंबर**

### नामकुम में टीबी टीकाकरण की शुरूआत

## मेडिकल कैंप में 207 लोगों का किया गया इलाज



▸ समय पर मेडिकल जांच अवश्य करवाना चाहिए: प्रभारी डा नीलम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नामकुम सीएचसी अस्पताल में बुधवार को टीबी बीमारी से बचाव के लिए व्यस्क बीसीजी टीकाकरण की शुरूआत प्रभारी डॉ नीलम माइकल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रभारी माइकल,मैनेजर रजनी, पुनीत, जुबेर, मिलनसार, सुशांति, आशा, शिवनारायण के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर व वैक्सीन का रिबन खोलकर किया गया?। इस मौके पर प्रभारी नीलम माइकल ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है इसके लिए समय-समय पर मेडिकल जांच अवश्य करवाना चाहिए। प्रथम टीका शैलेंद्र चौधरी (फार्मासिस्ट) ने तथा दूसरा टीका रेणु सिंह (टीबी स्टाफ) ने लिया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 207 मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य जांच, ब्लड सुगर, ब्लड प्रेशर, सिकल सेल, एचआईवी, मलेरिया फाइलेरिया, नेत्र जांच की गई, साथ ही 88 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर सीएचसी के सभी मेडिकल ऑफिसर, सभी सीएचओ, एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### आत्महत्या करने के लिए रेलवे ट्रैक पर लेटा था युवक, आरपीएफ ने बचाई जान



**रांची।** रांची में आरपीएफ स्टाफ ने एक व्यक्ति को आत्महत्या करने से बचा लिया। मामला रांची रेलवे यार्ड के पास का है। आरपीएफ पोस्ट रांची के एसआई रंजीत कुमार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति आत्महत्या करने के लिए रेलवे यार्ड रांची में रेलवे ट्रैक पर लेट गया है। सूचना मिलते ही एसआई रंजीत कुमार और स्टाफ एजे अंसारी और बीपी तिर्की वहां पहुंचे। देखा कि एक व्यक्ति ट्रेन के सामने टहल रहा है। वह लगातार गुजरती ट्रेनों के सामने आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था। जिसे आरपीएफ कर्मियों द्वारा घेर लिया गया और रेलवे ट्रैक से हटा दिया गया। इससे उसकी जान बच गई। इसके बाद उसके परिवारवालों को सूचना दी गई। कुछ समय बाद उस व्यक्ति के बड़े भाई सूरज नायक निवासी सुकुरघुट्टू, कांके रांची पहुंचे और बताया कि उनके भाई कृष्णा नायक को कुछ मानसिक परेशानी है। उनका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। शाम को उसने बहन अनिता नायक को बताया कि वह आत्महत्या करने के लिए रेलवे स्टेशन रांची जा रहा है।

### रामनारायण सिंह बने रातू थाने के नए थाना प्रभारी

**रांची।** रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को नौ इंस्पेक्टर को एक जगह से दूसरे जगह पदस्थापित किया है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित रामनारायण सिंह को रातू थाना का थाना प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित रामकुमार वर्मा को धुर्वा थाना का प्रभारी, मांडर अंचल निरीक्षक के पद पर पदस्थापित जयप्रकाश राणा को डेली मार्केट का थाना प्रभारी, रातू थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित शशि भूषण चौधरी को मांडर का अंचल निरीक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार पुलिस केंद्र में पदस्थापित मनोज कुमार को बरियातू थाना का प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित कमलेश पासवान को यातायात थाना प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित रूपेश कुमार सिंह को लालपुर थाना प्रभारी, पुलिस केंद्र में पदस्थापित सुनील कुमार सिंह को हिंदपीढ़ी थाना का प्रभारी और डेली मार्केट थाना में पदस्थापित विनोद कुमार को पुलिस केंद्र रांची में पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में बुधवार को एसएसपी की ओर से आदेश जारी किया गया है।

### बछवारस व गोवत्स द्वादशी का त्योहार कल



**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि राजस्थानी महिलाओं का लोकप्रिय पर्व बछवारस 30 अगस्त को मनाया जाएगा। यह पर्व जन्माष्टमी के चार दिन बाद यानी भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गो माता की बछड़े सहित पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि बछवारस के दिन गाय और बछड़ों की पूजा करने से भगवान कृष्ण सहित गाय में निवास करने वाले सैकड़ो देवताओं का आशीर्वाद मिलता है। जिससे घर में खुशहाली और संपन्नता आती है। इस दिन माताएं अपने पुत्रों को तिलक लगाकर तलाई फोड़ने के बाद लड्डू का प्रसाद देती है। पुत्रवान महिलाएं अपने संतान की मंगल कामना के लिए व्रत रखती है और पूजा करती है।

### फर्जी डीएवी स्कूल पर कार्रवाई का जिम्मा किसपर?

**रांची।** राजधानी रांची में कई फर्जी डीएवी स्कूल चल रहे हैं। इस स्कूलों पर नकेल कसने कर जिम्मा किस पर है? इन फर्जी डीएवी स्कूलों में काफी मनमानी चलती है। जिला शिक्षा पदाधिकारी या जिला शिक्षा अधीक्षक का निजी स्कूलों पर सीमित दायरा है। डीएवी स्कूल गैर लाभकारी संस्थान है। लेकिन फर्जी डीएवी का उद्देश्य लाभ कमाना होता है। वर्तमान में डीएवी स्कूल से संबंध रखने वाले अधिकारी ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि डीएवी मैनेजिंग कमेटी से संबंध ना रखने वाले स्कूलों पर डीएवी मैनेजिंग कमेटी के संज्ञान में आने के बाद उस पर केस भी किया है। कई स्कूलों ने केस होने के बाद अपना नाम बदला है। कई स्कूलों को नोटिस भी भेजा गया है। जैसे- जैसे जानकारी मिल रही है वैसे-वैसे इनको नॉटिस भी भेजा जा रहा है। राइट टू एजुकेशन ( आरटीई ) के जिला के नॉडल पदाधिकारी के पास स्कूलों का एनओसी और सीबीएसई से मान्यता के लिए आवेदन आता है। जिला नॉडल पदाधिकारी के अनुमोदन के बाद ही सीबीएससई स्कूलों को मान्यता देती है। आरटीई के नॉडल पदाधिकारी अनुमोदन से पहले आरटीई के तय मानकों का जांच करते है। सभी मानकों में फिट आने के बाद ही उनका अनुमोदन किया जाता है।

### रांची में अंतरराज्यीय छिनतई गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार



**रांची।** रांची के मांडर थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय छिनतई गिरोह का खुलासा करते हुए पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में ओडिसा निवासी अउला आलोक राव, करण प्रधान, काली कबाड़ी, अउला धर्म राव और अउला तारो शामिल है। इनके पास से दो पल्सर बाइक, लूट का अपाची बाइक, लूट का पासबुक, 12 हजार 800 रुपये नकद, डिक्की तोड़ने वाला मास्टर की, चार मोबाईल और घटना के वक्त पहना हुआ हेलमेट बरामद किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 20 अगस्त को मांडर थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टांगरबसली ब्रांच के पास छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए खलारी डीएसपी और मांडर थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। साथ ही घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र के सभी बैंकों पर सादे लिबास में पुलिसकर्मी निगरानी रख रहे थे।

### लूटपाट करने आएअपराधी को ग्रामीणों ने पीटा, पुलिस को सौंपा

**रांची।** पिठोरिया इलाके में एक अपराधी की भीड़ ने जमकर धुनाई की है। भीड़ के द्वारा अपराधी के हथियार को भी छीन कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। घायल अपराधी को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। बताया जाता है कि खूंटी का रहने वाला एक अपराधी रोहित बैठा अपने एक साथी के साथ हथियार लेकर रांची में बुधवार बाइक लूट की घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा था। बाइक लूटने के लिए दोनों अपराधियों ने पिठोरिया थाना क्षेत्र के तौसीफ खान नामक युवक को हथियार के बल पर रोक लिया और उससे बाइक लूटने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान तौसीफ खान के द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों को देखकर दोनों अपराधी मौके से फरार होने की कोशिश करने लगे लेकिन ग्रामीणों ने खदेड़ कर रोहित बैठा नाम के अपराधी को पकड़ लिया। जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। अपराधी को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने रोहित की जमकर पिटाई की। इस वजह से वह बेहोश हो गया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पिठोरिया थाना मौके पर पहुंची। पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने अपराधी को पुलिस के हवाले कर दिया। अपराधी के पास जो हथियार था उसे भी ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला की मौत

**अड़की।** शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आये दिन इस तरह की घटनाओं की खबरें सुनने को मिलता है। हालांकि प्रशासन ने इसपर काफी रोक लगाने की कोशिश कर रही है और इसमें सफलता भी मिली है।
अड़की थाना अंतर्गत सिंदरी गांव में बाइक की धक्के से घायल 67 वर्षीय जलोश्वरी देवी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं बाइक सवार व्यक्ति सड़क पर गिरने के कारण घायल हो गया।
घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार व्यक्ति तमाड़ से खूंटी की ओर जा रहा था । इसी बीच जलोश्वरी देवी बकरियां लेकर सड़क पार कर रही थी।
अचानक सामने बकरियां आ जाने से बाइक सवार व्यक्ति अनियंत्रित होकर लाठी के सहारे सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को ठोकर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई। घायल वृद्ध महिला को स्वजनों के द्वार तत्काल सदर अस्पताल खूंटी पहुंचाया गया।

### महिला का शव बरामद

**अड़की।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार बिरबांकी पंचायत के मुसरीबेड़ा से पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान मुसरीबेडा निवासी 35 बर्षीय सनी देवी के रूप में हुई है । जानकारी के अनुसार हत्या के आरोपी पति को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने कबूला की झगड़े के दौरान धारदार हथियार से पत्नी की हत्या कर दी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक महिला और उसके पति मुन्ना पाहन से अक्सर झगड़ा होते रहता था। मंगलवार रात भी किसी बात को लेकर दोनों का आपस में लड़ाई हुई थी। इसी दौरान गुस्से में आकर पति मुन्ना पाहन ने घर में रखे धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दिया । घटना घटित होने के पश्चात मामले के जानकारी अड़की पुलिस को दिया गया पुलिस बुधवार घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर खूंटी सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मामले को लेकर अड़की पुलिस आरोप से पूछताछ कर रही है।

### ब्राउन शुगर और गांजा के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार

**रांची।** रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के विद्यानगर में नशे के कारोबारियों के खिलाफ कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में बुधवार रात एक अभियान चलाया गया। अभियान के क्रम में दो नशा कारोबारियों पवन यादव और चिंटू कुमार को गिरफ्तार किया गया है।
घटनास्थल से पुलिस ने 100 पुडिया ब्राउन शुगर और लगभग पांच किलो गांजा बरामद किया है। डीएसपी ने बताया कि जमीन में गाड़ कर कंटेनर में डाल कर ब्राउन शुगर और गांजा रखा गया था। छापेमारी में प्रशिक्षु डीएसपी सुखदेव नगर थाना प्रभारी और महिला थाना प्रभारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में फुटबॉलर की मौत

*मृतक अजय के रिश्तेदारों ने बताया कि अजय खलखो के पिता गायब हो गए थे उनके निधन के बाद उनकी मां बेटे और दो बेटियों को पढ़ा रहीं थी*



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग थाना क्षेत्र के बेड़ो ककरिया सड़क पर सरसा जंगल के समीप मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार फुटबॉल खिलाड़ी 22 वर्षीय अजय खलखो की दर्दनाक मौत हो गई । मृतक अजय खलखो पिता स्वर्गीय फिलिप खलखो डुरु खटंगा निवासी बताया जा रहा है लेकिन अजय खलखो बचपन से ही नगड़ी मुंडा टोली में अपने मामा के घर में ही रहता था। बुधवार की सुबह पांच बजे देर से मिली खबर के बाद ककरिया पिकेट की पुलिस एवं लापुंग के सब इंस्पेक्टर राजेन्द्र महतो घटनास्थल मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। मृतक अजय के रिश्तेदारों ने बताया कि अजय खलखो के पिता गायब हो गए थे उनके निधन के बाद उनकी मां रांची में दाई का काम कर अपने बेटे और दो बेटियों को पढ़ा रहीं थी। अजय खलखो करमचंद भगत महाविद्यालय में बीए फाइनल ईयर का छात्र था। मंगलवार को अजय खलखो भरनो प्रखंड के डुड़िया जिरहुल गांव में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में मुंडा टोली नगड़ी की टीम की ओर से खेलने गया था। देर शाम वह वापस लौटा और रात 9:30 बजे अपनी नई बाईक टीवीएस से अपने घर लापुंग के खटंगा लौट रहा था। वह बाइक पर अकेला था। और फुटबॉल की जर्सी में था। आठ नंबर की जर्सी भी पहन रखी थी। इसी दौरान संभवतः तेज गति में होने के कारण सरसा जंगल के पास घुमावदार सड़क पर उसकी बाइक असंतुलित होकर रेडियम लाइट वाली दो अलग-अलग पोल से टकराती हुई झाड़ियां के पीछे चट्टान से टकराई और इस दुःखद दुर्घटना में उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना रात लगभग 10 बजे की होगी ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना इतनी भीषण थी कि उसकी बाईक के नीचे का हिस्सा ऊपर हो गया था।

### एडीआरएम ऑपरेशन ने किया खलारी स्टेशन का निरीक्षण

# रनिंग रूम में रनिंग स्टाफ को दें बेहतर सुविधा : विनीत कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** धनबाद एडीआरएम आपरेशन विनीत कुमार ने खलारी स्टेशन का दौरा किया। दौरे के क्रम में उनके साथ सीनियर डीओपी ऑपरेशन संजीव कुमार, सीनियर डीईएन वन मयंक अग्रवाल, एडीईएन लातेहार मनराज मीणा भी थे। एडीआरएम ऑपरेशन ने रेलवे स्टेशन के कंट्रोल रूम, रनिंग रूम आदि जगहों का निरीक्षण किया। उन्होने रनिंग रूम में रनिंग स्टॉफ को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। रनिंग रूम में सुविधाएं बेहतर करने के कई निर्देश भी दिए। स्टेशन में ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व रेल अधिकारियों की टीम ने शिवपुर बालूमाथ स्थित स्टेशन रनिंग रूम का भी निरीक्षण किया। खलारी में निरीक्षण के दौरान स्टेशन अधीक्षक खलारी जान सोरेंग, रेल यातायात निरीक्षक राय उमेश कुमार, आईओडब्लू संजय कुमार, सीएलआई खलारी समर बहादुर, सीताराम बलाई सहित अन्य अधिकारी व रेलवेकर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### जेसीएम छात्र संघ अध्यक्ष ने डीएसपीएमयू के वीसी को सौंपा ज्ञापन



रांची। झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल कई मुद्दों को लेकर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को ज्ञापन सौंपा। जेसीएम ने मैनेजमेंट विभाग में नियुक्ति जो कई महीनों से लटकी हुई है उसे जल्द पूरा करने करने की बात कही। बता दें कि मैनेजमेंट विभाग में शिक्षकों की कमी है जिसके कारण उनका पठन पाठन बाधित रहता है। मैनेजमेंट में छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की कमी है, जिसे नए सेशन के शुरूआत से पहले कर लेने की जरूरत है। मौके पर छात्र मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, संघटन सचिव इरफान खान, उपाध्यक्ष अतिकुर रहमान, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मनीष राणा उपस्थित रहे।

### बकाये वेतन की मांग को लेकर विश्वविद्यालय पहुंचे अतिथि शिक्षक



रांची। रांची विश्वविद्यालय में कार्यरत अतिथि शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से अपने 15 महीने के मानदेय की मांग को लेकर मिलने विवि पहुंचे। कुलपति की अनुपस्थिति के कारण उनकी मुलाकात नहीं हुई। इस पर संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद ने कहा कि हम अतिथि शिक्षकों को पिछले 15 माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। बिना पैसे का जीवन जीना कितना दुखदाई होता है, यहां बैठे पदाधिकारी इस दर्द को नहीं समझ सकते हैं। वहीं उन्होंने राज्यपाल से गुहार लगाते हुए कहा कि हमारी जान की रक्षा करें। अब हम अपना जीवन यापन करने में सक्षम नहीं हैं। केओ कॉलेज के शिक्षक ने कहा कि उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग एवं रांची विश्वविद्यालय की उदासीनता के कारण आज हमारी यह हालत हुई है। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद, डॉ निशा नूपुर, डॉ सुमित कुमार, आशीष कुमार,शुभम, डॉ सरफराज, सूरज विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पारस हॉस्पिटल में मरीज का हाथ कटने से बचा



**रांची।** पारस हॉस्पिटल ने गिरिडीह के रहने वाले 50 वर्षीय व्यक्ति का हाथ कटने से बचाया। उस व्यक्ति को सोल्डर के पास गोली लगी थी। जब वह व्यक्ति पारस हॉस्पिटल पहुंचा, तब तक बहुत देरी हो चुकी थी। इसके बावजूद पारस हॉस्पिटल के प्लास्टिक सर्जन डॉ विवेक गोस्वामी और उनकी टीम के अथक प्रयास से मरीज के हाथ कटने से बचा लिया गया। इस तरह का केस बहुत की रेयर होता है, जहां देरी होने के बाद हाथ काटने की जरूरत नहीं पड़ती है। उस मरीज का ऑपरेशन कर उसे एक नयी जिंदगी और हौसले को उड़ान दी है। अब उस मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया है। फिलहाल मरीज का इलाज डॉ विवेक गोस्वामी की देखरेख में हो रहा है। डॉ गोस्वामी ने बताया कि जब मरीज हमारे पास आया था, तो उसका हाथ पुरी तरह से क्षतिग्रस्त था। गोली लगने के कारण हाथ और मांसपेसियां भी बुरी तरह फटी हुई थी। रक्त का संचार नहीं था। पारस हॉस्पिटल के फैसिलिटी निदेशक डॉ नितेश कुमार ने कहा कि गिरिडीह का रहने वाला मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ है। डॉक्टरों की टीम उस मरीज के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग लगातार कर रही है। पारस हॉस्पिटल में अब विश्वस्तरीय का इलाज उपलब्ध है।

### एहतेशाम वाकारिब बने जामताड़ा एसपी

रांची। राज्य सरकार ने आईपीएस निधि द्विवेदी के जामताड़ा एसपी के पद पर पोस्टिंग के आदेश को विलोपित कर दिया है। जबकि एहतेशाम वाकारिब को जामताड़ा का नया एसपी बनाया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने बुधवार रात अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सरकार ने 10 आईपीएस का तबादला किया था।

### खलारी से पकड़ाया बांग्लादेशी नागरिक

**खलारी।** खलारी थानाक्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल से एक बांग्लादेशी नागरिक पकड़ा गया है। खलारी थाना पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम साबीर अली बताया है। उसने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के दिनाजपुर जिले का रहने वाला है। सीमा पार कर भारत में घुस आया है। वहां से बस व ट्रेन पकड़कर खलारी स्टेशन पर उतर आया। इस बांग्लादेशी नागरिक की जानकारी खलारी स्टेशन रोड स्थित एक होटल मालिक ने दी। होटल भोजनालय है। स्टेशन से बाहर निकलकर साबीर अली उस होटल में पहुंच गया। होटल मालिक समझ नहीं पाया। उसने उसे लाचार मजबूर समझकर भोजन कराया और बर्तन धोने के काम पर लगा दिया। दो दिन के बाद पूछताछ के दौरान साबीर ने बता दिया कि वह बांग्लादेश से आया है। कुछ दिनों पहले ही बोर्डर पार कर भारत में घुसा है। बताया कि कमाने खाने के उद्देश्य से यहां आया है।

### छोटानागपुर संस्कृतिक संघ का छात्र-छात्राओं के साथ कार्यशाला आयोजित

# बाल सुरक्षा हम सब की जिम्मेवारी है : सुशीला



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** छोटानागपुर सांस्कृतिक संघ के तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड सभागार में बुधवार को छात्र छात्राओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्घाटन सीडीपीओ संगीता एस कुजूर व संस्था की कार्यक्रम सहायक जर्मिना नैंसी तिर्की ने किया। कार्यशाला में बच्चों ने विद्यालय स्तर पर चलाये जा रहे जागरूकता सत्र में सीखी हुयी बातों को साझा किया जो स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं भागीदारी पर आधारित थीं। सीडीपीओ तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षों में जगन्नाथ टाना भगत एवं आनंद बेक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल सुरक्षा हम सबकी जिम्मेवारी है। इसलिए कभी भी बच्चों से सम्बंधित कोई बात हो तो बीडीओ, सीडीपीओ , बाल मित्र पुलिस पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्वयंसेवी को बताएं, ताकि जिला बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण ईकाई एवं जे. जे. बोर्ड के सहयोग से समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चों में बढ़ता नशापान, बाल विवाह, बाल मजदूरी एवं बाल पलायन गंभीर मुद्दे हैं, सभी ने बच्चों को नशापान से दूर रहने की सलाह दी तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सीडीपीओ ने कहा कि बच्चों के अभिरक्षण एवं देखभाल में माता झ पिता, समुदाय एवं पंचायत की बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाया तथा उनका साथ देने की बात कही। संस्था की कार्यक्रम समन्वयक अर्चना आईन्द ने बच्चों के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए कहा कि बाल अपराधमुक्त समुदाय के निर्माण में कानून की भूमिका के साथ- साथ सबकी भागीदारी आवश्यक है।

### रेलवे महाप्रबंधक ने स्टेशन का किया निरीक्षण

**मुरी।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने बुधवार को निरीक्षण के लिए अपने विशेष सैलून से मुरी स्टेशन पहुंचे। उनके पहुंचते हैं मंडल के अधिकारियों द्वारा गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने रेलवे रनिंग रूम, क्रु लोवी, ईएसआई बिल्डिंग मे तकनीकी मशीनों का गहन निरीक्षण किया एवं साथ ही साथ स्टेशन में चल रहे अमृत भारत स्कीम के तहत हो रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। रनिंग रूम के व्यवस्था को देखकर उन्होंने ?25000 का पुरस्कार भी दिया। स्टेशन की साफ सफाई एवं व्यवस्था को देखकर उन्होंने 50000 उपहार के रूप में दिया। सीपीएम को काम करने का उचित दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक जसविंदर सिंह बिंद्रा भी मौजूद रहे। विभिन्न कार्यालयों एवं स्टेशन की साफ सफाई को देखकर काफी संतुष्ट हुए। मौके पर मंडल स्तर के शाखा पदाधिकारी एवं मुरी स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार, सीसीआई एस रक्षित, हटिया सीसीआई धीरेंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के इंचार्ज मौके पर मौजूद रहे।

### मातम का पर्व चेहल्लुम आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक : सईम हुसैन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो** मातम का पर्व चेहल्लुम आपसी एकता और भाईचारे का प्रतीक है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के हाठु गांव में आयोजित इस्लामिया कमेटी चेहल्लुम के तत्वाधान में आयोजित जुलूस सह अस्त्र-शास्त्र प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए सदर सईम हुसैन ने कहीं। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को अंग वस्त्र और तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सईम हुसैन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन व उनके साथ कर्बला में शहीद होने वाले 72 शहीदों की शहादत की याद में चेहल्लुम अकीदत व परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस दौरान जुलूस सह अस्त्र-शास्त्र प्रतियोगिता में भाग लिए टीमों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया।इस मौके पर शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सभी पर्व एवं त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। समाज में शांति और भाईचारा होगी तभी गांव में विकास होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर सइम हुसैन, नईम हुसैन अनवर हुसैन, जसशेद हुसैन, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, उप मुखिया, बेरोनिका कच्छप, मंटा खान, फरीद मिरदहा, तबरेज हुसैन, सद्दाम हुसैन, आशिक हुसैन, सम्मु अली, खुदिया पहान, पुजार रंथू मुंडा, गुमिया मुंड़ा समेत कई लोगों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

# जनजाति आयोग की बैठक में आठ मामलों की हुई सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की ओर से बुधवार को सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला में चार जिलों (गुमला, सिमडेगा, चाईबासा व खूंटी) से संबंधित कुल आठ मामलों की सुनवाई की। इनमें देवघर निवासी राजेश मुर्मू ने आयोग के समक्ष बताया कि 28 दिसंबर 2013 को सिकटिया गांव आने के क्रम में कपसियो गांव के ताश खेल रहे लोगों ने उनके साथ गाली-गलौज किया और मारपीट किया। इस घटना में उनके शरीर की दो हड्डी टूट गई थी। सारठ सीएचसी में पुलिस ने दो घंटे तक घायलावस्था में ही रखा। जब दूसरे दिन इस मामले को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने गए तो पुलिस कर्मियों ने पैसे की मांग की। मारपीट करने वालों पर पुलिस की ओर से न तो किसी प्रकार की कार्रवाई की गई और ना ही किसी प्रकार का मुआवजा दिया गया। पुलिस की ओर से आरोपितों को गिरफ्तार भी नहीं किया गया। इस घटना के बाद आरोपितों की ओर से मुझे धमकी भी दी जा रही है। आयोग की ओर से इस मामले में एसपी को निर्देश दिया गया कि पीड़ित के साथ-साथ गवाहों का बयान भी दर्ज करें। एसडीपीओ को निर्देश दिया गया कि इस मामले में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करें। खूंटी निवासी व शिक्षा विभाग में कार्यरत कार्तिक भगत ने बताया कि कोविड के दौरान वे बीमार थे। फिर भी उन्हें न तो छुट्टी दी गई और ना ही वेतन। बीमारी के दौरान भी उन्हें जाति सूचक गाली भी दी गई। इस मामले को लेकर उन्होंने 21 सितंबर 2021 को आयोग में शिकायत की थी। आयोग की ओर से निर्देश दिया गया कि पीड़ित के जुलाई 2021 के बकाया वेतन का भुगतान व इलाज के दौरान हास्पिटल में किए गए खर्च का भुगतान किया जाए। साथ ही केक सप्ताह के अंदर इस मामले की जांच कर रिपोर्ट दें। सिमडेगा जिला स्थित बानो निवासी सुचिता बागे ने बताया कि उनके पति बानो सामुदायिक हास्पिटल में होमगार्ड के पद पर काम करते थे। कोविड के दौरान उन्हें कोरोना हो गया था।

# ग्रामीणों का वित्तीय सशक्तीकरण ग्रामीण बैंक का मुख्य उद्देश्य : प्रिय नारायण झा




**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ककरिया शाखा के तत्वावधान में एक दिवसीय वित्तिय सारक्षता सह ग्राहक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय से आए कार्यक्रम के समन्वयक कमलेश नारायण तिवारी ने लोगों को बैंक से जुड़ने और लाभ उठाने की अपील की। वहीं शाखा प्रबंधक प्रिय नारायण झा ने कहा कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक सभी वर्ग के लोगों के लिए कई अलग-अलग तरह की योजनाएं चलाती है जिसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को उठाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप बैंक से जुड़े और हम आपसे जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के ग्रामीणों का वित्तीय सशक्तिकरण झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक का मुख्य उद्देश्य है। इस मौके पर दिवंगत सहायक अध्यापक महावीर राम की धर्मपत्नी सीमा देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के अन्तर्गत दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। बैंक के शाखा प्रबंधक प्रिय नारायण झा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत 436 रुपए सालाना राशि ली जाती है। जादूगर ने अपने अलग-अलग करतबों से लोगों को जागरूक किया। डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने जादुगर के कार्यक्रमों का आनंद उठाया। इस मौके पर बैंक के कर्मी मनीष कुमार, श्रवण गोप, फूलवती कुमारी, जेएसएलपीएस की प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सविता सांगा, कलस्टर कोऑर्डिनेटर श्याम जॉनको, डीएवी किड्स पब्लिक स्कूल के निदेशक प्रवीण कुमार, दिलीप वर्मा, सीमा देवी सहित सैकड़ों लोग मौके पर मौजूद थे।

# स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** बुधवार को आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर में अमर ज्योति स्कूल ऑफ नर्सिंग चान्हो के द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नर्सिंग स्कूल के एनएम द्वारा बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रयास को जारी रखते हुए स्कूल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किशोर लड़कों और लड़कियों को परामर्श चिकित्सा जांच आयरन और एल्बेंडाजोल की गोलियों का सेवन रक्त का ग्रुपिंग सहित प्रयोगशाला में जांच हीमोग्लोबिन, एचआईवी एड्स प्रशिक्षण के बारे में जागरूकता प्रदान की। इसके अलावा आयोडीन युक्त नमक कोरोना वायरस से बचाव किशोरियों को मासिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी हाथ धोने की तकनीक और अच्छे स्वास्थ्य के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी ने कहा कि इस तरह का आयोजन से बच्चों में एक अलग जागरूकता फैलती है इन्होंने कहा कि किताब से तो शिक्षक पढ़ा देते हैं लेकिन इसका प्रशिक्षण देना बहुत कठिन होता है लेकिन इस तरह का आयोजन से बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां मिलती रहती है।

### जनता के कल्याण और कल्याणकारी योजनाओं में सरकार की गंभीरता नहीं दिखती है

# झूठ राज्य सरकार की सबसे बड़ी ताकत : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। गोईलकेरा** जनता को अपने झूठे वादों से भ्रमित कर यह सरकार सत्ता पर स्थापित तो हो गई लेकिन लोगों के कल्याण और कल्याणकारी योजनाओं में इनकी गंभीरता नहीं दिखती है। झूठ राज्य सरकार की सबसे बड़ी ताकत है। ग्राम सभा के सहारे इन्होंने गांवों में झूठ फैलाने का प्रयास किया। झूठ के घोड़े पर सवार होकर यहां से लोग दिल्ली पहुंच गए हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गोईलकेरा हाट बाजार में आयोजित मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह में कही। इसके बाद वो चारमोड़, गोपीनाथपुर में आयोजित चक्रधरपुर विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मलेन सह शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित सभी चूल्हा प्रमुखों ने शपथ ग्रहण किया। पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के चलते गरीबों को उनके हक का राशन भी नहीं मिल पा रहा है। खाली पेट से निर्णय प्रभावित होते हैं जिसका लाभ षड्यंत्रकारी लोग उठा रहे हैं। राज्य के भीतर अब राजनीतिक चेतना को जगाने का वक़्त है। मौके पर पार्टी के प्रधान महासचिव राम चन्द्र सहिस ने कहा कि वर्तमान सरकार ने समाज के हर वर्ग को दुःखी किया है। सरकार का काम जनता की आवश्यकताओं को समझते हुए उसके अनुरूप कार्य करना होता है लेकिन इस सरकार ने पिछले पांच सालों में ऐसा कुछ नहीं किया। अपराधियों को संरक्षण देने वाली सरकार के कार्यकाल में प्राकृतिक संपदाओं का खुलेआम दोहन हो रहा है। जिस संपदा का लाभ जनता को मिलना चाहिए उसका लाभ माफियाओं को मिल रहा है। बिना नोट दिए आज कोई काम नहीं होता है। लोग अपने काम के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इस अराजक व्यवस्था को जनता अपने मत से बदलने को तैयार है। इस बदलाव में सभी चूल्हा प्रमुखों की भूमिका अहम है। मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा स्तरीय चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहीस, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, महासचिव रविशंकर मौर्य, डॉ रीना गोडसरे, सत्यनारायण महतो, सचिव बिरसा मुंडा, सिद्धार्थ महतो, संतोष महतो, शिवप्रताप सिंहदेव, नजरुल हसन हासमी, बिरसा मुंडा, रामलाल मुंडा, नंदलाल बिरुआ, युवा राज्य संयोजक सह कोल्हान प्रभारी अमित महतो, कन्हैया सिंह, सचिन महतो, सुजीत गिरी, संजय जारिका, जिला उपाध्यक्ष दिलबर खाका, बुद्धिजीवी मंच के जिला अध्यक्ष मोहनलाल चौबे, रामसाय जाते इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू करने के लिए जताया आभार

**गद्दी।** डाड़ी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायत की महिलाओं ने झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना शुरू करने के लिए खुशी जाहिर की है। गिद्दी रेलवे साइडिंग स्थित रैविमो कार्यालय में बुधवार को महिलाओं ने एकत्रित होकर खुशी का इजहार की है। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने मंईयां सम्मान योजना के शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है। इसके बाद उपस्थित महिलाओं ने पौधरोपण कार्यक्रम भी किया। पौधरोपण कार्यक्रम में रैविमो के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझू, डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, झामुमो डाड़ी प्रखंड अध्यक्ष लखनलाल महतो, अनन्या मुखर्जी, पप्पू सिंह, बहादुर मुर्मू, सुनील गंझू, आशीष करमाली, मनोज टुड्डू, रेशमा कुमारी, रीना देवी, इत्यादि उपस्थित थे।

### बॉक्सिंग में भुरकुंडा की संस्कृति ने जीता गोल्ड

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा की बेटी संस्कृति कुमारी ने एक बार पुनः कोयलांचल का नाम रौशन किया है। भुरकुंडा पटेलनगर निवासी ज्योति देवी और सीसीएलकर्मी सतनारायण ठाकुर की पुत्री संस्कृति एनटीएस डीएवी बरकाकाना के दसवीं कक्षा की छात्रा हैं। उसने कोयलानगरी धनबाद में 24-25 अगस्त को आयोजित प्रदेश स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में (अंडर 17 कैटेगरी) गोल्ड मेडल जीता है। इसके अलावा प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए संस्कृति को बेस्ट प्लेयर का अवार्ड भी मिला है। इससे पहले भी संस्कृति ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में मेडल जीत कर स्कूल के साथ साथ कोयलांचल का नाम रौशन किया था। कोयलानगरी धनबाद में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर संस्कृति को मनोज सिंह, दुर्विजय कुमार, राजन राउत, दीपक कुमार, कुमार, बिहारी मांझी आदि ने बधाई देते हुए बेहतर भविष्य की कामना की है।

### चार दिवसीय गणेश महोत्सव को लेकर भूमि पूजन संपन्न

**बरकाकाना।** श्री श्री गणेश पूजा समिति तारा संघ मैदान नया नगर बरकाकाना में आयोजित चार दिवसीय गणेश महोत्सव को लेकर मंगलवार को विधिवत भूमि पूजन की गई। पंडित कृष्ण कुमार पाठक ने समिति अध्यक्ष मनोज सैनी को पूजा-अर्चना करा कर महावीर पताका स्थापित कराया। अध्यक्ष मनोज सैनी ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन से चार दिनों के लिए भगवान गणेश की प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित की जाएगी। चार दिवसीय महोत्सव में पूजा-अर्चना, भोग वितरण के साथ प्रत्येक दिन की संध्या आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। वहीं लोगों के मनोरंजन के लिए झुले भी लगाए जाएंगे। मौके पर समिति के संरक्षक हरिरत्नम साहू, सचिव सुदर्शन महतो, कोषाध्यक्ष सजीत नायक, उपकोषाध्यक्ष विशाल पासवान, नागेंद्र सोनी, गीता देवी, पूनम देवी आदि उपस्थित थे।

---

बरकट्ठा विधानसभा के डूमरोन से किया पेड़ लगाओ अभियान की शुरूआत

## मनुष्य के जीवन के लिए पर्यावरण को बचाना जरूरी : अनूप



**नवीन मेल संवाददाउता। हजारीबाग**

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के इचाक प्रखंड अंतर्गत डूमरोन के विनोबा भावे डीएवी पब्लिक स्कूल कैंपस में भाजपा नेता सह समाजसेवी अनूप भाई के द्वारा पेड़ वितरण व पेड़ लगाओ अभियान शुरू किया गया। सैकड़ों के संख्या में लोग उपस्थित हुए जिसमें करीब 500 से अधिक का पेड़ वितरण किया गया। अन्य राज्यों से आए कई औषधियुक्त एवं फलदार पेड़ का वितरण किया गया। अनूप भाई ने अपने संबोधन में कहा कि हमें सुखी जीवन जीने के लिए स्वस्थ रहना अति आवश्यक है और स्वस्थ रहने के लिए सबसे महत्वपूर्ण शुद्ध ऑक्सीजन लेना है और हमें शुद्ध ऑक्सीजन तभी मिल पाएगा जब अत्यधिक मात्रा में पौधा लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य या प्राणी को जीने के लिए पर्यावरण की रक्षा करना बहुत ही जरूरी है।

बीते वर्ष वैश्विक कोरोना महामारी से हम सब जूझ चुके है और उस वैश्विक महामारी में सबसे जरूरत ऑक्सीजन का था। इस वैश्विक महामारी के कारण कई लोगों को अपनी जान गवांनी पड़ी। हमें अपने जीवन काल में कम से कम 10 से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। अनूप भाई ने सबसे अपील किया कि सिर्फ पेड़ लगाना ही हमारा काम नहीं है बल्कि उसे अपने बच्चे के जैसे देख रेख करना भी हमारा कर्तव्य है। सार्वजनिक पवित्र स्थल में औषधियुक्त एवं फलदार पेड़ कपूर, रुद्राक्ष, लौंग, आम, जमीन, अंगूर आदि पेड़ लगाएंगे तथा पूरे विधानसभा के अंदर कम से कम 50 हजार से भी ज्यादा पेड़ लगाना हमारा लक्ष्य है। जिस कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेत्री रजनीश शर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक कुमार, शंकर राणा, चंदन कुमार, कोमल कुमारी, राजू मेहता, आदित्य मेहता सुरेंद्र प्रसाद मेहता, मुकेश प्रसाद मेहता, हरिश्चंद्र शर्मा विनय महतो, बबलू मेहता, पूजा कुमारी, तमन्ना परवीन, मोहम्मद जिहादी यदि सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए।

## राधा गोविंद विवि ने निकाला शांतिपूर्ण मार्च



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा 28 अगस्त को कोलकाता आरजी मेडिकल कॉलेज के पीड़ित लड़की को न्याय के लिए शांतिपूर्ण मार्च निकालकर घटना का विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पीड़ित लड़की को न्याय दिलाना है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने कोलकाता के आरजी मेडिकल कॉलेज के पीड़ित लड़की को न्याय की मांग करते हुए कहा की यह किसी चिकित्सक या महिला के खिलाफ अपराध नहीं है, बल्कि मानवता के खिलाप अपराध है। यह शांतिपूर्ण मार्च राधा गोविंद विश्वविद्यालय पटेल चौक से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए सुभाष चौक पहुंचा। इस शांतिपूर्ण मार्च आयोजन में राधा गोविंद विश्वविद्यालय एवं राधा गोविंद इंटर कॉलेज के हजारों की संख्या में छात्र - छात्राएं शामिल हुए। सभी छात्र छात्राएं पोस्टर, बैनर लेकर चल रहे थे और पीड़ित लड़की के न्याय की मांग को लेकर नारे लगा रहे थे। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने शांतिपूर्ण मार्च का नेतृत्व करते हुए कहा की इस घोर निंदनीय घटना पर सरकार तत्काल एक्शन लेते हुए आरोपियों पर कड़ी से कड़ी करवाई कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाएं।

## न्यूज बॉक्स

### नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व स्वास्थ्य मंत्री का हुआ भव्य स्वागत



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का हजारीबाग में एक दिवसीय आगमन हुआ। उनके स्वागत के लिए बरकट्ठा विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर प्रकाश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नीलांबर पीतांबर चौक में भव्य स्वागत किया गया। वहीं केशव महतो कमलेश के साथ ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अभिलाष साहू के अतिरिक्त अन्य प्रदेश वरिष्ठ नेता भी थे। इनका भी भव्य स्वागत किया गया ।डॉक्टर प्रकाश कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष से मिलकर उन्हें बताया कि बरकट्ठा में कांग्रेस संगठन बहुत मजबूत है। अतः कार्यकर्ताओं की भावनाओं को समझते हुए वहां कांग्रेस पार्टी को चुनाव लड़ना उचित है। पुनः उन्होंने ने बताया कि केशव महतो जमीन से उठे किसान और पिछड़ा वर्ग से आए हुए नेता है इस से कांग्रेस काफी मजबूत होगी। इस स्वागत कार्यक्रम में स्टेट कोऑर्डिनेटर रीत लाल मंडल, ओबीसी के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नागवाला, ओबीसी मोर्चा से रेणु देवी,इंटक के नेता धीरेंद्र सिंह, युवा कार्य कर्ता रूपेश कुमार, अनुज कुमार, रंजीत साव इत्यादि थे।

### हाथियों के नुकसान पर जदयू नेता ने किसानों के लिए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की



**हजारीबाग।** टाटीझारिया समेत कई इलाकों में हाथियों के उत्पात पर जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने किसानों के जानमाल नुकसान पर उचित की मुआवजा का मांग किया है। मांग के दौरान बताया कि हाथियों के उत्पात से किसान वर्ग को काफी नुकसान सहना पडता है। अन्नदाता किसान भाई अपनी खुन पसीने व परिश्रम से अन्नाज उप जाते लेकिन है हाथियों उत्पात द्वारा फसलों को तहसनहस कर पूरा बरबाद किया जाता है। उन्होंने प्रशासन पर भी आरोप लगाते हुए बताया कि प्रशासन कान में तेल डालकर सोई हुई रहती है। हाथियों द्वारा जब पूरा नुकसान हो जाता है एवं जब किसी की मृत्यु हो जाती है। तब प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचती है। इस मौके पर जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने जिला प्रशासन से हाथियों के उत्पात से हुए जानमाल के नुकसान पर उचित मुआवजा तथा सुरक्षा की मांग की है। साथ ही प्रशासन से हाथियों के उत्पात की खबर पाकर यथाशीघ्र सक्रिय होकर कार्य करने का भी आग्रह किया है।

### शिव मंदिर डाकडीह में मटका तोड़ कार्यक्रम का आयोजन



**बरकट्ठा।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के डाकडीह स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में गत मंगलवार रात्रि को मटक तोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदित हो कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रंग-बिरंगे लाइट, झालर व फूलों से सजाया गया। वहीं पुजारी दुलारचंद पांडेय के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया। यजमान के रूप में विहित प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव की पुत्री सृष्टि कुमारी एवं जयकुमार उपस्थित रहे तथा क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि के लिए उन्होंने भगवान से कामना की। मटका तोड़ कार्यक्रम रात्रि 8:30 बजे किया गया जिसमें आसपास के सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस निमित्त संजय यादव ने कहा कि भगवान श्री कृष्णा हमें प्रेम, करुणा और न्याय के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप अध्यक्ष संजय यादव, भुनेश्वर यादव, कुंदन राम ,राहुल राम, जागेश्वर साव, बजरंग साव, संतोष यादव, जगदीश महतो, सुनील यादव, प्रताप कुमार ,रामदेव यादव ,विश्वास चंद्रवंशी समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने सहयोग किया।

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से सांसद निशिकांत दुबे की सदस्यता रद्द करने की मांग की

**रामगढ़।** राष्ट्रीय तेली युवा महासभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने सांसद निशिकांत दुबे की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से सदस्यता रद्द करने की मांग की है। श्री साहू ने कहा कि हाल के दिनों में सांसद निशिकांत दुबे द्वारा अपने सोशल मीडिया के अकाउंट पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं तेली समाज के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके झारखंड के लाखों तेली समाज के लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। साथ ही गहरा आघात पहुंचने का कार्य किया है। कहा सांसद के इस तरह की मानसिकता से झारखंड के तेली समाज में व्यापक रोष व्याप्त है और पूरे प्रदेश में सांसद के इस रवैया के खिलाफ पुतला दहन का कार्यक्रम चल रहा है। इसलिए पूरे झारखंड के तेली समाज राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर से सांसद निशिकांत दुबे की सदस्यता रद्द करने की मांग करता है।

### विधानसभा के चुनाव की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता : अनिल

**रामगढ़।** मारवाड़ी धर्मशाला रामगढ़ में 27 अगस्त की शाम भाजपा की रामगढ़ विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक को मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी अनिल टाईगर ने संबोधित किया। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। जिस तरह से भाजपा लोक सभा चुनाव जीती है। अब हर हाल में रामगढ़ विधान सभा जीतेंगे।

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष को आवेदन सौंपा लगायी न्याय की गुहार

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र अंतर्गत रामलोचन महतो मंगलवार को अध्यक्ष राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सह गोमिया के पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो राजधानी रांची स्थित आयोग के अपने दफ्तर पहुंच कर आवेदन सौंपा। दिए आवेदन में मौजा बरियातू अंतर्गत भूमि में रैयत के जोत आबाद करने वाली कास्तकारी भूमि में भारतमाला परियोजना सड़क के लिए जबरन निर्माण रोकने और फर्जी केस कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

**Affidavit**

I, Halima Begam, W/o Aslam Abdul Hadi R/o Vill-Nich Tola, Near Noori Masjid, Jario, PO.-Kurum. PS.-Rajrappa, Dist-Ramgarh (Jharkhand) vide Affidavit No.-2744, dated-04/07/2024 declare that due to mis-take my name has been mentioned as HALIMA KHATOON in my Bank of India, Ramgarh Cantt. Branch bearing A/c No.-481910410000098. My actual and correct name is HALIMA BEGAM. which has been mentioned in my Aadhar Card. PAN Card and Voter ID Card.

---

## प्रवासी मजदूर का शव पहुंचते ही पसरा मातम, पूर्व विधायक ने बंधाया ढाढस



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तुईयो पंचायत के ग्राम बुढियाडीह निवासी मथुरा यादव के पुत्र शिबू यादव उम्र लगभग 20 वर्ष जो अपनी जीवकोपार्जन के लिए आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा में काम करता था, की अचानक तबियत बिगड़ने से इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके पार्थिव शरीर को बुधवार को एम्बुलेंस के सहारे पैतृक गांव बुढियाडीह लाया गया। शव पहुंचते ही पूरे गांव में मातम पसर गया। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव उनके घर जाकर परिजनों को धैर्य व ढाढ़स बंधाते हुए शवयात्रा में शामिल हुए। साथ ही आर्थिक मदद करते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, सरयू यादव, उपमुखिया विजय प्रसाद, अजय यादव, शिक्षक यमुना प्रसाद, रामचंद्र यादव, दयानंद यादव, बद्री यादव, कन्हाई यादव, सरयू यादव, विकाश यादव, रामलखन यादव, लीलो नायक, राजू यादव, नारायण यादव, शायमसुंदर यादव, विजय यादव, राजकुमार राणा समेत आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

मटवारी गांधी मैदान हजारीबाग में रही दही हांडी का धूम

## इस तरह का कर्यक्रमों के आयोजन से क्षेत्र में बनता है भक्ति का माहौल : अनुप्रिया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

अनुप्रिया फाउंडेशन के द्वारा मतवारी गांधी मैदान में श्री कृष्णा महा जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भव्य दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही रील मेकिंग प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक महोत्सव ने कृष्णभक्तों के उत्साह एवं उमंग को दुगना कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव उपस्थित हुए एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुप्रिया फाउंडेशन की संस्थापिका अनु प्रिया कर रही थी। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि हजारीबाग के जन-जन के मन में राम के साथ-साथ कृष्ण भी बस्ते हैं। इंटरनेशनल रामनवमी के बाद इंटरनेशनल श्री कृष्ण महाजन्माष्टमी के रूप में इस आयोजन को जाना जाएगा। ऐसे आयोजनों से हमारा हजारीबाग शहर राज्य के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर में भी अपनी अलग पहचान स्थापित करने में सक्षम होगा। हजारीबाग को जब भी हौसले की जरूरत महसूस होगी अनुप्रिया फाउंडेशन उनके हौसले और उम्मीद पर खरा उतरेगी ऐसा मुझे विश्वास है। कार्यक्रम की संयोजिका सह अनुप्रिया फाउंडेशन के संस्थापक का अनुप्रिया ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हजारीबाग के युवाओं को ऐसे आयोजनों से सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।

## रजरप्पा पहुंचे सांसद, दर्जनों समर्थकों संग किया मां छिन्नमस्तिके का दर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल बुधवार की सुबह रामगढ़ जिला के ग्राम रजरप्पा पहुंचे। यहां उन्होंने अपने दर्जनों समर्थकों संग मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ में पूजा-अर्चना कर उनका दर्शन किया। सांसद मनीष जायसवाल के हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के रहने वाले कई शुभचिंतक भाजपा कार्यकताओं ने बीते लोकसभा चुनाव में उनके जीत के लिए मां छिन्नमस्तिके मन्नतें मांगी थी जिसे पूर्ण करने यहां सभी पहुंचे थे। अपने समर्थकों के आग्रह पर सांसद मनीष जायसवाल भी यहां शरीक हुए और मां छिन्नमस्तिके के पूजा करके उनसे संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। रजरप्पा पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल ने मां छिन्नमस्तिका के पूजा-अर्चना के पश्चात स्थानीय पंडा समाज के लोगों की समस्या सुनी। पंडा समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में प्रॉपर स्टैंड निर्माण की मांग रखी। पंडा समाज की समस्या सुनने के बाद सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की जल्द ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पंडा समाज के हितार्थ एक समन्वय बैठक करके यथोचित निर्णय लिया जाएगा। पंडा समाज से ब्रजेश कुमार पंडा, सुभाशीष पंडा, गौत्तम पंडा, पोपेश कुमार पंडा, कबीर पंडा, संजीत पंडा, अजय पंडा सहित अन्य लोग मौजूद रहें । मौके पर विशेषरूप से सांसद मनीष जायसवाल के साथ रामगढ़ के भाजपा युवा नेता राजीव जायसवाल, अजय कुमार साहू, विनोद प्रसाद, कन्हैया प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, राजेंद्र राम, उदो गोप, शंकर गोप, तापेश्वर प्रसाद, रामकिसून प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, दिलचंद प्रसाद, महेश प्रसाद, मनोज प्रसाद, टिंकू कुमार, प्रकाश प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, सतीश प्रसाद, मुकेश कुमार, पिंटू कुमार और रंजन चौधरी मौजूद रहें। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके मंदिर से पूजा-अर्चना करने के पश्चात लौटने के क्रम में रजरप्पा में सीसीएल गेस्ट हाउस परिसर में सीसीएल के रजरप्पा प्रोजेक्ट कोलियरी के जीएम विनोद कुमार ने शिष्टाचार भेंट किया।

## 31 अगस्त तक आईटीआई में लिया जा सकेगा नामांकन, 101 सीट अभी भी हैं रिक्त



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बेंदगी स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र बरही में नए सत्र में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ है. आगामी 31 अगस्त तक वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, फिट्टर और डीजल मेकेनिक ट्रेड के लिए नामांकन लिए जाने है. इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरवाए गए हैं. परंतु अब तक बहुत कम विद्यार्थियों ने ही नामांकन करवाया है. उक्त जानकारी प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार ने दिया. प्राचार्य के अनुसार अब तक इलेक्ट्रिशियन के 40 सीट में 16, फिट्टर के 40 में 13, वेल्डर के 40 में 36 और डीजल मेकेनिक के 48 में मे 36 विद्यार्थियों के लिए नामांकन सीट रिक्त हैं. उन्होंने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया हो या नही भी किया हो वह 31 अगस्त तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र के साथ आईटीआई कार्यालय से संपर्क कर नामांकन करवा सकते हैं. उन्होंने बताया कि इस सत्र में सभी चारो ट्रेड के लिए कुल 168 विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाना है. जिसमे 101 सीट अभी भी रिक्त हैं. उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों से समय और सीट को देखते हुए यथाशीघ्र कार्यालय से संपर्क करने की अपील किया है.

## अज्ञात बीमार से चेचकपी में दर्जनों लोग बीमार, ग्रामीणों में दहशत



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी के टोला लारहो में अज्ञात बीमारी का प्रकोप से दर्जनों लोग अचानक बीमार हो गये हैं। बीमार लोग उल्टी, दस्त होने से के कारण अचानक बेहोश पड़ जा रहे हैं ।इस निमित बीते सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में पीड़ितों का इलाज किया गया और इलाज के दौरान स्वास्थ्य ठीक नहीं होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया ।वहीं एक को रांची रिम्स भेजा गया जहां इलाज चल रहा है । बीमार व्यक्तियों में प्रमिला देवी पति कार्तिक सिंह रांची रिम्स में भर्ती है। मंजू देवी पति महेंद्र सिंह सदर अस्पताल हजारीबाग में भर्ती हैं। सनोज कुमार पिता जमुना सिंह सदर में भर्ती है। अंशु कुमारी, पवन सिंह, अविनाश कुमार ,अनीता देवी ,बालेश्वरी देवी पति विजय सिंह ,गीता देवी पति दुर्गा सिंह, सरोज कुमार पिता शंकर सिंह अभी इलाज रत हैं ।वहीं गांव में इस बीमारी से दहस्त फैला हुआ है ।उक्त जानकारी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने दी और स्वास्थ्य विभाग के टीम को अवगत कराते हुए तत्काल इलाज हेतु व्यवस्था कराने की मांग की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी ने महिला पेशेंट से की छेड़छाड़, गिरफ्तार



**बरकट्ठा।** सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के कर्मी द्वारा छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। इस संबध में विवाहित महिला बरकट्ठा निवासी ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बुखार, खांसी और चक्कर का इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा गई थी। जहां चिकित्सक ने इलाज कर खून जांच कराना लिखा। जिसके बाद अस्पताल में कार्यरत लैब टेक्नीशियन मो0 सैफ, पिता मो0 शाहनवाज ने धोखे से खून जांच नहीं कराकर मुझे अल्ट्रासाउंड के नाम पर गलत इरादा से लेजाकर छेड़छाड करने लगा। जब हम चिल्लाने लगे तो मेरे पति समेत अन्य व्यक्ति आये। वहीं पीड़िता के आवेदन के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर ली है तथा अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज में वार्षिक युवा महोत्सव मनाया गया

## इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में प्रतिभा का विकास होता है : प्राचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जीएम ग्रुप ऑफ वर्ष में वार्षिक का आगाज हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ तिलक सह दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्ज्वलित का कार्य जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक श्री विनय कुमार, प्राचार्य शंभू कुमार सह अतिथियों के द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस वार्षिक युवा महोत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें प्रथम दिन लोकगीत (एकल) एवं सामूहिक, पश्चिमी संगीत एकल एवं सामूहिक, मेंहदी, रंगोली, पेंटिंग, कोलाज, प्रश्न उत्तर, वाद विवाद, फोटोग्राफी एवं क्ले मॉडलिंग का आयोजन हुआ। जीएम ग्रुप ऑफ कॉलेज वार्षिक युवा महोत्सव को संबोधित करते हुए निदेशक विनय कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रबंधन हमेशा तैयार एवं कटिबद्ध है ताकि विद्यार्थियों कि प्रतिभा को निखारा जा सके। हमारा महाविद्यालय नई परंपरा एवं इतिहास की तरफ अग्रसर है। प्राचार्य शंभू कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों का जोश, जुनून और जज्बा देखने लायक था। इस तरह के आयोजन से पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थियों में विभिन्न प्रतिभा का विकास होता है। सभी विद्यार्थी इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाएं।यही शुभ कामना के साथ सभी प्रतिभागियों को अनुशासन में रह कर अपनी प्रतिभा का परिचय दे।इस तरह के वार्षिक युवा महोत्सव जी.एम. ग्रुप ऑफ कॉलेज में प्रत्येक वर्ष होने से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है एवं इस तरह के आयोजन से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का उचित मंच प्रदान करता हैं। इस तरह के कार्यक्रम होने से ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए विद्यार्थियों में प्रतिभा बाहर आता है।

## एक नजर

### केंद्र व राज्य सरकार सहारा इंडिया में जमा पैसे दिलाने के प्रति गंभीर नहीं : बेक

**कुरडेग।** प्रखंड में झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच के संयुक्त तत्वाधान में कुरडेग स्टेडियम से सैकड़ो जमाकर्ताओं ने जुलूस निकालकर मेहनत के जमा पैसे डूबने नहीं देंगे। जैसे जोशपूर्ण नारे के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को भुगतान संबंधी मांग-पत्र प्रेषित की गई। इस मौके पर जुलूस का नेतृत्व कर रहे झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय नेता सह प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार सहारा इंडिया, बेड़ो बैंक सहित दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में जमा पैसे दिलाने के प्रति गंभीर नहीं है।

### गलत बिजली बिल की समस्या का समाधान करें अधिकारी : एनोस



**केरसई।** सात सालों तक गांव में बिजली नहीं रहने के बावजूद बिजली बिल की समस्या से ग्रसित प्रखंड के सैकड़ो ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का से मुलाकात किया। पूर्व मंत्री सभी ग्रामीणों के साथ विभाग के अधिकारी से मुलाकात की। पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने गलत बिजली बिल में संशोधन करते हुए ग्रामीणों के साथ न्याय करने की मांग की। मौके पर अधिकारी ने भी सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गलत बिजली बिल की जांच कर सभी ग्रामीणों का बिजली बिल में संशोधन कराया जाएगा।

### कुष्ट मरीजों की खोज के लिए जागरूकता रथ रवाना

**सिमडेगा।** जिले में 28 अगस्त से 13 सितम्बर तक नए कुष्ट मरीजो की खोज की जाएगी। इसे लेकर बुधवार को सिविल सर्जन कार्यालय परिसर से जागरूकता रथ को सिविल सर्जन डॉ० रामदेव पासवान ने हरि झंडी दिखा कर रखाना किया। उन्होंने कहा कि जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत नए कुष्ठ मरिजो की खोज कर इलाज करना है ताकि जिला को कुष्ठ मरीजो से मुक्त किया जा सके। पुरे जिले में करीब 07 लाख लोगो की जाँच की जाएगी। इसके लिए करिब 931 टीम बनाकर स्वास्थ्य कर्मियों घोषित को लगाया गया है। जो घर-घर जाकर लोगो के संपूर्ण शरीर की जाँच करेगें। मौके पर जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ० खीस्त आनद खाखा जिला कुष्ठ परामर्शी डी., सुहेल अहमद, अन्सारी पुष्पेन्द्र कुमार शमी, राहुल कुमार, संदीप कुमार गुप्ता, एवं अन्य कमी उपस्थित थे।

# महिला की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह जिले के हिरोडीह थाना इलाके में मंगलवार की रात एक महिला की गला रेतकर हत्या कर शव को फेंक देने की वारदात सामने आई है। घटना थाना क्षेत्र के बैरिया गांव की है, मृतका बैरिया के दीवानटोला निवासी 22 वर्षीय रिंकू देवी है। वहीं लोगों द्वारा हत्या का आरोप उसके ही पति अनिल यादव पर लगाया जा रहा है। बुधवार की सुबह चरवाहों ने खेत किनारे झाड़ियों में फेंके गए शव को देखा। जिसके बाद हो - हल्ला करने पर भारी संख्या में लोग जुटे और शव की पहचान गांव की ही 22 वर्षीय रिंकू देवी के रूप में की गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने मंडरो-तिसरी मुख्य सड़क जाम कर दिया। जिसके बाद हिरोडीह पुलिस, तिसरी पुलिस और देवरी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन लोगों ने पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा लोगों को घंटो तक समझाने और हत्यारे की जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद के बाद लोग माने और शव ले जाने दिया। लगभग 3 घंटे के बाद सड़क जाम हटाया गया। मिली जानकरी के अनुसार बैरिया के दीवानटोला की रहने वाली रिंकू देवी का विवाह 3 वर्ष पूर्व टंगपजवा के रहने वाले अनिल यादव से हुआ था। उसका 2 वर्ष का बच्चा भी था। बताया जाता है कि विवाह के बाद से ही पति-पत्नी में हमेशा विवाद होते रहता था। पति अनिल यादव हैदराबाद में काम करता था। अपनी पत्नी से मिलने मंगलवार को वह अपने ससुराल दीवानटोला पहुंचा था। अगली सुबह उसकी पत्नी रिंकू देवी का शव झाड़ियों में मिला वहीं उसका पति अनिल यादव फरार बताया जा रहा है।

### गिरिडीह में जच्चा-बच्चा की मौत पर हंगामा

## परिजनों ने डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** पचम्बा थाना इलाके के लखारी स्थित नर्सिंग होम में एक प्रसूता और उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई. इस घटना के बाद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया. घटना की सूचना पर पचम्बा थाना इंस्पेक्टर मंटू कुमार, सहायक अवर निरीक्षक जितेंद्र सिंह के अलावा नवीन चौरसिया, महेशलुंडी मुखिया शिवनाथ साव अस्पताल पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन मृतक के परिजन अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते रहे. दरअसल, जमुआ थाना क्षेत्र के बिरनी प्रखंड के द्वारपहरी के रहने वाले मो. सुल्तान अंसारी की पत्नी जैबा तबस्सुम (22 वर्ष) को प्रसव पीड़ा हुआ. इस पीड़ा में उसे पहले सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इसके बाद सोमवार को जैबा तबस्सुम को क्रेसेंट में भर्ती करवाया गया. मृतक के परिजनों के मुताबिक सोमवार की सुबह करीब 11 बजे भर्ती कराने के बाद चिकित्सक ने ऑपरेशन किया. ऑपरेशन के दरमियान बच्चे की मौत हो गई. इसके बाद प्रसूता ने भी दम तोड़ दिया. परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही के कारण बच्चे और महिला की मौत हो गई.

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान की दी जानकारी



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड के सभी पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार शिविर लगाया जाएगा. इसे लेकर बुधवार को गावां प्रखंड सभागार में बैठक हुई. बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अलावे सभी पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि को इसकी जानकारी दी. बीडीओ महेंद्र रविदास ने कहा कि 30 अगस्त से शुरू हो रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान को सफल बनाने में सभी को जुट जाना है. बैठक में डॉ हब्बीउल्लाह खान, प्रदीप राम, संजय कुमार, मुकेश कुमार, विजय चौधरी, विकास कुमार, कार्तिक विश्वकर्मा, अनिल कुमार, गंगाधर पांडेय समेत सभी विभाग के कर्मी मौजूद थे।

### गावां थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रेजी व देसी शराब किया जब्त, एक गिरफ्तार



**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना पुलिस ने मंझने गांव से छापेमारी कर देशी व अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। गुप्त सूचना के आधार पर उक्त गांव के बिक्की साव पिता राजेश साव के घर मे छापेमारी कर शराब को बरामद किया गया। इस दौरान उसके घर से रॉयल स्टेज 375 एमएल का 23 पीस, स्टर्लिंग रिजर्व 375 एमएल 22 पीस, इम्पेरियाल ब्लू 375 एमएल का 26 पीस, किंग फिशर कैन बियर 500 एमएल 22 पीस, बेड मंकी केन बियर 500 एमएल 10 पीस किंग फिशर बियर बोतल 650 एमएल का 3 पीस जब्त किया गया। इसके अलावे एक गेलन 40 लीटर महुआ दारू को भी जब्त किया गया है। थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि मामले में मंझने निवासी राजेश साव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### दो दुष्कर्मियों को ठेठईटांगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**ठठईटांगर।** थाना मुख्यालय के कृष्णा महतो पंडरीपानी एवं आकाश महतो गोतरा सिमडेगा निवासी दुष्कर्म के केस में कांड संख्या 42 /24 पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी सच्चिदानंद गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया सीमा कुमारी एवं मिशा कुमारी (काल्पनिक नाम) उत्तर प्रदेश निवासी हैं। जिसमें एक नाबालिग है एवं दूसरी बालिग है। काल्पनिक नाम सीमा कुमारी एवं मिसा कुमारी की उनके परिजन 24 अगस्त 2024 को किसी कारण वश डांट-डपट एवं अनबन हुई। इसी बात को लेकर दोनों घर छोड़कर रेलवे मुंबई स्टेशन पहुंच गई, जहां उनकी मुलाकात कृष्णा महतो ठेठईटाँगर थाना पंडरीपानी निवासी एवं आकाश महतो गोतरा निवासी सिमडेगा से हुई।बताते चलें दोनों आरोपी पहले से काम के सिलसिले में काम करने के लिए गोवा गए थे। दोनों आरोपी घर वापसी कर रहे थे। इसी क्रम में सीमा कुमारी एवं मिशा कुमारी उत्तर प्रदेश की मुलाकात मुंबई स्टेशन पर हुई।लड़कों ने भुक्त भोगी लड़कियों को दिल्ली में काम दिलाने के बहाने बहला फुसलाकर झारखंड सिमडेगा ले आए।जिसके बाद सीमा कुमारी को आकाश महतो अपने घर गोतरा सिमडेगा ले गया एवं कृष्णा महतो ठेठईटाँगर थाना पंडरीपानी निवासी अपने घर ले गया। जहां उसे घूमाने के बहाने जंगल की ओर ले गया जहाँ उसके साथ दुष्कर्म की घटना घटी।दुष्कर्म की घटना घटने के बाद लड़कियों को आरोपियों ने पंडिरीपानी चौक में लाकर छोड़ दिया गया।

### हरि कीर्तन में शामिल हुई भाजपा नेत्री

**सिमडेगा।** भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी, बीरु तथा पालकोट में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव हरि कीर्तन व पूजा में शामिल हुईं। सर्वप्रथम उन्होंने बीरु में जन्माष्टमी के मौके पर आयोजित हरि कीर्तन में शामिल होकर श्रद्धालुओं के मनोबल को बढ़ाया। भगवान श्री कृष्ण से क्षेत्र के विकास व तमाम ग्रामीणों के लिए सुख व स्मृद्धि की कामना की है। पूजा समिति के पुजारी तथा सदस्यों से मुलाकात की। इसके उपरांत उन्होंने पालकोट मंदिर पहुंच, पूजा कार्यक्रम में भाग लिया तथा भगवान से क्षेत्र के विकास की कामना की।तत्पश्चात पालकोट में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज केशरी जी के घर पहुंची। जहां उनके पिताजी के निधन पर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। भाजपा नेत्री मार्गेट बा पिंकी के साथ भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा देवी भी उपस्थित थीं।

### अल फतह झारखंड ने एसके स्पोर्ट्स डिबडी को हरा सेमीफाइनल में पहुंचा

**ठेठईटांगर।** प्रखंड मैदान में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम नॉकआउट प्रतियोगिता में बुधवार को क्वाटर फाइनल मैच के मुकाबला अल फतह झारखंड बनाम एसके स्पोर्ट्स रांची के बीच खेला गया।जिसमे अल फतह झारखंड की टीम 4- 1 से विजयी होकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की।मैच से पहले दोनो टीमो से मुख्य अतिथि एमओआईसी ठेठईटांगर डॉ अभिषेक राज, ड्रा नीतीश कुमार ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। आज दोपहर 03:00 बजे से दूसरा क्वाटर फाइनल शिव शंकर क्लब झारसुगुड़ा बनाम आसिफ इलेवन के बीच खेला जाएगा। मंच संचालन श्याम सुंदर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मो कयूम, उपाध्यक्ष असफाक आलम, पिंटू कुमार, मेनोन लकड़ा, सचिव अरशद अफरीदी, उपसचिव मो हासिम, वेद प्रकाश, कोषाध्यक्ष साजिद आलम, खेल प्रभारी राजा आलम, कासिफ आलम, अश्जद अफरीदी, मो फिरदौस, सहित कमिटी के सभी सदस्यों ने अहम योगदान दिया।

# एक रुपए टोकन मनी देकर किसान करा सकेंगे अपने फसलों की बीमा : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक हुई। उपायुक्त ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की एक रूपए टोकन मनी देकर किसान बीमा योजना में अपना निबंधन करा सकतें जिसकी समीक्षा की। साथ ही जिले के सभी प्रज्ञा केंद्र के जरिए योजना के लिए आवेदन करने की स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने 31अगस्त 2024 तक जिला के शत-प्रतिशत किसानों का निबंधन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त महोदय ने संबंधित विभाग के पदाधिकारी को किसानों को जागरूक करते हुए लक्ष्य के अनुरूप शत- प्रतिशत किसानों को बीमा योजना से अच्छादित करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, आत्मा शासकीय निकाय पदाधिकारी, एल.डी.एम. सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## चौकीदार नियुक्ति को लेकर बैठक में हुई चर्चा

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में चौकीदार नियुक्ति संबंधी बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि राज्य में उत्पाद सिपाही दौड़ सम्पन्न होते ही जिले की चौकिदार नियुक्ति संबंधी इंडोर स्टेडियम स्थित स्पोर्ट कंपलेक्स, सिमडेगा में शारीरिक माप, दौड़ एवं शारीरिक जांच कार्यक्रम आयोजित करने संबंधी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने समय से सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, एल आर डी अरुणा कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## जेंडर फोरम का हुआ गठन



**सिमडेगा।** पाकरटांड़ प्रखंड मुख्यालय के सभागार में जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय जेंडर फोरम (सलाहकार समिति) का गठन प्रखंड विकास पदाधिकारी नितिन गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। तदोपरांत समिति की पहली बैठक आहूत की गई। बैठक में घरेलू तथा यौन हिंसा, बाल विवाह, मानव तस्करी, डायन कुप्रथा जैसे बिंदुओं पर प्रखंड की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई तथा विस्तृत चर्चा एवं समाधान के लिये आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।जेंडर रिसोर्स पर्सन के द्वारा बताया गया कि नवंबर 2024 से जुलाई 2024 तक प्रखंड में घरेलू हिंसा के कुल 22 केस डायन प्रताड़ना से कुल 05 केस, यौन हिंसा से कुल 3 केस एवं बाल विवाह से कल 02 केस दर्ज किए गए हैं। जिसका निष्पादन प्रखंड अंतर्गत जेंडर रिसोर्स सेंटर के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें पुलिस विभाग का भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है।समिति के गठन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पाकरटांर, थाना प्रभारी, पिरामल फाउंडेशन, जेएसएलपीएस के बी पी एम, बी पी ओ, एस आर पी, डी आर पी, पी एल भी एवं प्रखंड के दोनों क्लस्टर के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## कांग्रेस पार्टी की बूथ स्तरीय कार्यशाला में आगामी विस चुनाव पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखण्ड के डुमरडीह में बुथ स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा की गई। विधायक ने संगठन को मजबूत करने को लेकर बूथ स्तर के कार्यकताओं को कई सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता आगामी चुनाव की तैयारी तेज करें। संगठन की मजबूत कड़ी बूथ स्तर के कार्यकर्ता है। बूथ स्तर के कार्यकताओं के दम पर ही आगामी विस चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्यासी की जीत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांतों को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। कार्यकर्ता महागठबंधन सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। विधायक ने कहा कि कार्यकर्ता क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीणों की समस्या सुनें और उसे दूर करें। बैठक में प्रखंड प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि सह युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश सिंह, कार्यकारिणी प्रखंड अध्यक्ष तेलेशफोर टोप्पो, प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह जिला उपाध्यक्ष देवनिस खलखो, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, सहित भारी संख्या में बूथ स्तर के कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल थे।बैठक में कई ग्रामीण भी पहुंचे थे। जिन्होंने भाजपा पार्टी को छोड़ कर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया।

### चूटरूमबेड़ा का आंगनबाड़ी टोला आज भी सुविधा विहीन

# मूलभूत सुविधाओं से अभी भी है काफी दूर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** वैसे विकास का दंभ राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक खूब भरती है. कोई प्रधानमंत्री सड़क योजना तो कोई मुख्यमंत्री सड़क योजना से गांव की बदहाल सड़क को दुरूस्त करने की बात कहता है. कभी माननीयों के कोटे से गांव की गलियों को पक्की करने की बात कही जाती है. कई स्थानों पर काम भी हुआ है और गांव की बदहाली को दूर किया गया लेकिन आज भी ऐसे गांव है जहां विकास की बात कहना ही बेमानी होगा. हम एक ऐसे गांव की हकीकत बता रहे हैं जहां विकास भी अपना रास्ता भूल जाता है. हम बात कर रहे हैं डुमरी प्रखंड के अंतर्गत अतकी पंचायत के चूटरूमबेड़ा के आंगनबाड़ी टोला की. चूटरूम बेड़ा, आदिवासी बाहुल्य गांव है. इस गांव का ही एक टोला है आंगनबाड़ी. यह टोला भी आदिवासी बाहुल्य है. इस टोला से चूटरूमबेड़ा गांव की दूरी लगभग डेढ़ किमी है. इस डेढ़ किमी में रास्ता नहीं है, पथरीला और उबड़ खाबड़ पगडंडी है. इसी पगडंडी से होकर लोगों को गुजरना पड़ता है. इस टोला के लोगों को पेयजल की समस्या से भी दोचार होना पड़ता है. यहां जल जीवन मिशन के तहत भी कार्य नहीं हुआ है. ऐसे में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ता है. यहां के निवासी रमेश हेंब्रम, लुकास सोरेन, नुनुराम हेंब्रम बताते हैं कि सड़क तो बदहाल है ही, पानी ने भी जीना मुहाल कर दिया है. यहां जल जीवन मिशन की बोरिंग भी नहीं हुई है. जब बोरिंग हुई ही नहीं तो पानी कहां से मिलेगा. यहां के लोग जनप्रतिनिधि के साथ साथ अधिकारी से भी नाराज हैं. इनका कहना है कि यहां की समस्या की जानकारी सभी को है. सांसद, विधायक, मुखिया, पंचायत सेवक सभी जानते हैं कि इस टोला की क्या क्या समस्या हैं. यहां वोट मांगने भी लोग आते हैं लेकिन उसके बाद हमें भूला दिया जाता है. हर बार कहा जाता हैं कि फंड नहीं है. लोग सवाल करते हैं कि आखिर उनके टोला तक आते आते फंड को क्या हो जाता हैं.

### समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**बानो।** राजकीय मध्य विद्यालय बानो के प्रांगण में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बच्चों को चित्रांकन कला, बोल थ्रू, पेंटिंग प्रतियोगिता, गीत गायन ,म्यूजिक चेयर म्यूजिक चेयर खेल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने खेलों में भाग लिया। कुर्सी रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शांति देवी अभिभावक, कुर्सी देश प्रतियोगिता में लड़कों में नीरज सिंह बड़काड्यूल, बॉल फेंक प्रतियोगिता में बालक में करण सिंह पुकैदा, 50 मीटर दौड़ बालक में करण सिंह पुकैदा, बॉल फेक प्रतियोगिता लड़कियों में सुष्मिता साहू रायकेरा, 50 मीटर दौड़ बालिका में सुष्मिता साहू रायकेरा विद्यालय। शिक्षकों के द्वारा सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। इसमें विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं जिसमें स्मिथ कुमार सोनी, प्रतिमा डांग, बालगोविंद पटेल एवं ब्रजमोहन पाल आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जनता के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए प्रतिबद्ध है कांग्रेस पार्टी : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** मंगलवार को भारत यादव, रोहित मिश्रा, प्रभाकर यादव, उत्तम कुमार सिंह सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के आवास पहुंच कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी लोगों को विधायक ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने कांग्रेस शामिल होने पर सभी के प्रति आभार जताया। विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी सभी समुदाय के लोगों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। हर जनता के चेहरे में मुस्कान लाना कांग्रेस के नीति सिद्धांतों में है। विधायक ने कहा कि आप सभी के कांग्रेस में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी आज और अधिक मजबूत हो गई है। उम्मीद है आप सभी अन्य लोगों के प्रेरणास्त्रोत बनेंगे। आपसे प्रेरणा लेकर आने वाले दिनों और अधिक संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी से जुड़ेंगे। मौके पर वरीय उपाध्यक्ष अजित लकड़ा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, विधायक प्रतिनिधि शीतल लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### बीपीएल एलईडी टीवी की नई सीरीज लॉन्च

**सिमडेगा।** साउंड एंड विजन सोनार टोली में रिलायंस इंडिया लिमिटेड के बीपील एलइडी टीवी के नए सीरीज का लॉन्चिंग कंपनी के सुनील चौरसिया एवं दीपक प्रकाश के द्वारा किया गया। उनके द्वारा ये बताया गया कि ये जो सीरीज लॉन्च की गई है इसमें हारमोन जो कि अमेरिकन ब्रांड है और ओनकीओ जो जैपनीज ब्रांड है, उनकी टेक्नोलॉजी का उपयोग इसमें किया गया है।जिससे कि साउंड क्वालिटी अभी तक के जितने भी ब्रांड भारत में उपलब्ध है उनमें सबसे बढ़िया है। इसके अलावे सभी टीवी में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है । वॉयस असिस्टेंट, गुगल प्ले ,स्मार्ट कनेक्टिविटी, वेब ओएस सारे फीचर्स इसमें है।

### ठेठईटांगर के टुकुपानी में मनाया गया विहिप का स्थापना दिवस

**ठेठईटांगर।** विश्व हिंदू परिषद ठेठईटांगर प्रखंड समिति द्वारा धूमधाम के साथ टुकुपानी मैरिज हॉल में बुधवार को विहिप षष्टीपूर्ति 60 वर्ष का स्थापना दिवस। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव, जिला मंत्री कृष्णा शर्मा प्रांत प्रचार प्रसार टोली सदस्य नारायण दास, प्रखंड समिति एवं पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रचलित करते हुए किया गया। मौके पर संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव ने कहा हिंदू समाज जब-जब बटा है तब तब लोगों ने इसका फायदा उठाया है। इसलिए सभी लोग को संगठित रहकर अपनी सरना सनातन संस्कृति और परंपरा को बचाए रखने की आवश्यकता है। आज से 60 वर्ष पूर्व विश्व हिंदू परिषद की स्थापना करने का एकमात्र उद्देश्य था कि जिस प्रकार से भिन्न-भिन्न जातियों में हिंदू समाज बटा है उसे एक सूत्र में करने के लिए इसे बनाया गया था ।

खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है। - अज्ञात



संपादकीय

# पेंशन नीति पॉलिटिक्स और यूपीएस

सरकारी क्षेत्र में सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन एक बहुत बड़ा संबल रहा है जबकि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कुछ पार्टियों द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की ओर बहाली के वादे को 'नैतिक रूप से गलत' और 'पाप' बताते हुए कहा था कि इससे केंद्र और राज्यों की अगली सरकारों पर देनदारी का दबाव बढ़ेगा। पूर्व केंद्रीय वित्त सचिव और पूर्व सीएजी राजीव महर्षि ने भी राजस्थान की पूर्व कांग्रेस सरकार द्वारा 2022 में ओपीएस की ओर लौटने का फैसला करने पर कहा था कि यह वित्तीय रूप से आत्मघाती कदम होगा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी ओपीएस चुनने वाले राज्यों को चेतावनी दी थी कि यह भविष्य में अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर देगा। हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में विपक्षी पार्टियों की तरह केंद्र की मोदी सरकार अपने 23 लाख कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के स्थान पर एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लेकर आई है। 2003 में वाजपेयी सरकार ने ओपीएस की जगह एनपीएस लागू की थी, जिसे तत्कालीन भाजपा सरकारों ने लागू किया था, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों के कर्मचारियों ने इसका विरोध किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीएस को लेकर कहा कि यह सरकारी कर्मचारियों के सम्मान और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करती है। यूपीएस कर्मचारियों के भविष्य को सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ती है। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे मोदी सरकार का यूटर्न बताया। इस संबंध में केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं ने कहा कि अब इस मुद्दे का राजनीतिकरण न कर राज्यों को भी यूपीएस लागू करनी चाहिए। हालांकि उन्होंने कहा कि ओपीएस का विकल्प अच्छा है, लेकिन हमें व्यावहारिक होना चाहिए।यूपीएस एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी और इसे लागू करने वाला एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) शासित महाराष्ट्र पहला राज्य बन गया है। एनडीए के शीर्ष पदाधिकारियों के अनुसार, ओपीएस और एनपीएस का मिश्रित स्वरूप है यूपीएस, जो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ वित्तीय जिम्मेदारी और सुरक्षा, दोनों प्रदान करती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2020 से मार्च 2023 तक तीन वर्षों में 28 राज्यों की बकाया पेंशन देनदारियां 43 फीसदी से अधिक बढ़ गईं, जो चिंताजनक है, क्योंकि इससे भविष्य में आर्थिक संकट हो सकता है। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ओपीएस लागू करने के बावजूद कांग्रेस सत्ता में वापसी नहीं कर पाई। हालांकि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सराकर ने ओपीएस लागू की है, लेकिन इससे राज्य में वित्तीय संकट पैदा हो गया है और वह केंद्र से आर्थिक सहायता मांग रहा है।

> 2003 में वाजपेयी सरकार ने ओपीएस की जगह एनपीएस लागू की थी, जिसे तत्कालीन भाजपा सरकारों ने लागू किया था, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों के कर्मचारियों ने इसका विरोध किया था।

# बायोई3 नीति : अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी



आज की बात



डॉ.जितेंद्र सिंह

दूरगामी प्रभाव वाली एक ऐतिहासिक पहल के रूप में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) की बायोई3 (अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यावरण के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति का उद्देश्य स्वच्छ, हरित, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च प्रदर्शन वाले जैव विनिर्माण को बढ़ावा देना है। यह नीति पूरी दुनिया के भविष्य के आर्थिक विकास के शुरूआती मार्गदर्शकों में से एक के रूप में भारत के लिए वैश्विक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करेगी। भौतिक उपभोग, अत्यधिक संसाधन उपयोग और अपशिष्ट उत्पादन के असंवहनीय प्रारूप ने विभिन्न वैश्विक आपदाओं को जन्म दिया है, जैसे जंगल की आग, ग्लेशियरों का पिघलना और जैव विविधता में कमी आदि। भारत को 'हरित विकास' के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ाने की राष्ट्रीय प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए, एकीकृत बायोई3 (अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति जलवायु परिवर्तन, घटते गैर-नवीकरणीय संसाधनों और असंवहनीय अपशिष्ट उत्पादन की चुनौतीपूर्ण पृष्ठभूमि में, सतत विकास की दिशा में एक सकारात्मक और निर्णायक कदम है। इस नीति का एक प्रमुख उद्देश्य रसायन आधारित उद्योगों को अधिक स्थायी जैव-आधारित औद्योगिक मॉडल में परिवर्तित करना है। यह चक्रीय जैव अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगा, ताकि नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। इसके लिए यह जैव-आधारित उत्पादों के उत्पादन के लिए माइक्रोबियल सेल कारखानों द्वारा बायोमास, लैंडफिल, ग्रीन हाउस गैसों जैसे अपशिष्ट के उपयोग को प्रोत्साहित करेगा। इसके अलावा, बायोई3 नीति भारत की जैव अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने, जैव-आधारित उत्पादों के पैमाने का विस्तार करने और व्यावसायीकरण की सुविधा प्रदान करने, अपशिष्ट पदार्थों की मात्रा कम करने, इनका पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण करने, भारत के अत्यधिक कुशल कार्यबल के समूह का विस्तार करने, रोजगार सृजन में तेजी लाने तथा उद्यमिता की गति को तेज करने के लिए अभिनव समाधान तैयार करेगी। नीति की प्रमुख विशेषताओं में शामिल हैः- 1.) उच्च मूल्य वाले जैव-आधारित रसायन, बायोपॉलिमर और एंजाइम, स्मार्ट प्रोटीन और फंक्शनल फूड, सटीक जैव चिकित्सा, जलवायु अनुकूल कृषि, कार्बन स्तर में कमी और इसका उपयोग, तथा समुद्री एवं अंतरिक्ष अनुसंधान जैसे विषयगत क्षेत्रों में स्वदेशी अनुसंधान और विकास-केंद्रित उद्यमिता को प्रोत्साहन और समर्थन, 2.) जैव विनिर्माण सुविधाएं, जैव फाउंड्री क्लस्टर और जैव-कृत्रिम बुद्धिमत्ता (बायो-एआई) हब की स्थापना के जरिये प्रौद्योगिकी विकास और व्यावसायीकरण में तेजी, 3.) नैतिक और जैव सुरक्षा विचार पर जोर देते हुए आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के पुनरुत्पादन मॉडल को प्राथमिकता देना, 4.) वैश्विक मानकों के अनुरूप नियामक सुधारों का सामंजस्य। भारत ने पिछले दशक में मजबूत आर्थिक विकास का प्रदर्शन किया है। भारत में चौथी औद्योगिक क्रांति के वैश्विक अग्रणी देशों में से एक होने की अद्भुत क्षमता है। हमारी जैव अर्थव्यवस्था 2014 के 10 बिलियन डॉलर से 13 गुना बढ़कर 2024 में 130 बिलियन डॉलर से अधिक की हो गई है। 2030 तक इसके 300 बिलियन डॉलर के बाजार मूल्य तक पहुंचने की उम्मीद है। विभिन्न क्षेत्रों में बायोई3 नीति के कार्यान्वयन से देश की जैव अर्थव्यवस्था को और बढ़ावा मिलने की संभावना है, साथ ही 'हरित विकास' को प्रोत्साहन मिलेगा। देश की उच्च प्रदर्शन वाली जैव विनिर्माण पहलों को बढ़ावा देने से उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार सामने आयेंगे, जिनका लाभ उठाते हुए जैव अर्थव्यवस्था की आधारशिला रखी जाएगी। जैव विनिर्माण 'मेक इन इंडिया' पहल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनने के लिए तैयार है और यह 21वीं सदी की मांगों को पूरा करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रदान करेगा। एक बहु-विषयक प्रयास के रूप में, इसमें मानव कोशिकाओं सहित सूक्ष्मजीवों, पौधों और पशु कोशिकाओं की क्षमता को उजागर करने की शक्ति है, ताकि न्यूनतम कार्बन उत्सर्जन के साथ लागत प्रभावी तरीके से जैव-आधारित उत्पाद विकसित किए जा सकें। यह परिकल्पना की गई है कि जैव-विनिर्माण हब केंद्रीकृत सुविधाओं के रूप में काम करेंगे, जो उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों और सहयोगी प्रयासों के माध्यम से जैव-आधारित उत्पादों के उत्पादन, विकास और व्यावसायीकरण को गति प्रदान करेंगे। इससे एक ऐसे समुदाय का निर्माण होगा, जहां जैव-विनिर्माण प्रक्रियाओं के पैमाने, स्थायित्व और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए संसाधन, विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी साझा की जा सकती है। ये जैव-विनिर्माण हब, जैव-आधारित उत्पादों के 'प्रयोगशाला-से-प्रारंभिक विनिर्माण' (लैब-टू-पायलट) और 'पूर्व-व्यावसायिक पैमाने' के विनिर्माण के बीच के अंतर को दूर करेंगे। स्टार्ट-अप इस प्रक्रिया में अभिनव विचारों को लाकर और विकसित करके तथा उन्हें लघु एवं मध्यम आकार के उद्यम (एसएमई) बनाकर और स्थापित निमार्ता बनने में सहयोग करके महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। बायोफाउंड्री का तात्पर्य है, उन्नत क्लस्टरों के निर्माण, ताकि जैविक इंजीनियरिंग प्रक्रियाओं को पैमाने के अनुरूप- प्रारंभिक डिजाइन और 'परीक्षण चरणों से लेकर पायलट' तथा 'पूर्व-व्यावसायिक उत्पादन' तक - तैयार किया जा सके। विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोगों के लिए एमआरएनए-आधारित टीकों और प्रोटीन का बड़े पैमाने पर निर्माण कुछ सराहनीय उदाहरण हैं, जिनके लिए बायोफाउंड्री मूल्यवान हो सकती हैं।

**केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।**

देश की बात

## इन्हें माननीय कहें या कलंक?



निर्मल रानी

विश्व के सबसे बड़े 'लोकतंत्र का मंदिर' कही जाने वाली भारतीय संसद को पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपई तक ऐसे अनेकानेक सांसदों ने सुशोभित किया है जिनकी मधुर वाणी व विचारों का केवल पक्ष-विपक्ष ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया कायल थी। देश के भविष्य के लिये नीतियां निर्धारित करने वाले इन्हीं जनप्रतिनिधि सांसदों को 'माननीय' यूँ ही नहीं कहा जाता। यहां तक कि लोकसभा व राज्य सभा के सभापति व मंत्रीगण भी इन सांसदों को 'माननीय' कहकर सम्बोधित करते सुनाई देते हैं। परन्तु विगत कुछ वर्षों से जिस स्तर के लोग देश की संसद में निर्वाचित होकर आ रहे हैं और राजनैतिक पार्टियां उन्हें पार्टी प्रत्याशी बनाकर उनके निर्वाचित होने का रास्ता हमवार कर रही हैं उसे देखकर इन्हें माननीय कहना तो गोया 'माननीय ' शब्द की ही तौहीन प्रतीत होने लगा है। जिन 'माननीयों ' से सदन में शिष्टाचार,मृदुभाषी होने की उम्मीद की जानी चाहिये उन्हीं के मुंह से गली गलोच,धमकी,ओछी बातें सुनी जा रही हैं तथा अपने विपक्षियों को अपमानित करने की कोशिशें,झूठे व अनर्गल आरोप,साम्प्रदायिकता व जातिवाद फैलाना आदि देखा जा रहा है। यह 'कथित माननीय' संसद से लेकर सड़कों तक जहर उगलते देखे जा सकते हैं। पिछले दोनों एक बार फिर अपने ऐसे ही विवादित व जहरीले बयानों के लिये कुख्यात 'माननीया' कंगना रनौत ने एक बार फिर ऐसा आपत्तिजनक बयान दे डाला कि इसबार तो उनकी अपनी भारतीय जनता पार्टी ने भी उनके बयान से खुद को अलग कर लिया तथा पार्टी ने उन्हें यह चेतावनी भी दे डाली कि नीतिगत मामलों पर बयान देने के लिए वे अधिकृत नहीं हैं। साथ ही पार्टी ने उन्हें सख़्त हिदायत भी दी कि वे भविष्य में इस प्रकार के कोई बयान न दें। कंगना रनौत ने गत दिनों एक समाचारपत्र को दिये गये साक्षात्कार में बांग्लादेश में पिछले दिनों हुई उथल पुथल व वहां हुये सत्ता परिवर्तन को भारत के किसान आंदोलन से जोड़ते हुये यहां तक कह दिया था कि - यहां पर जो किसान आंदोलन हुए, वहां पर लाशें लटकी थीं, वहां रेप हो रहे थे... इतना ही नहीं बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि -किसानों की बड़ी लंबी प्लानिंग थी, जैसे बांग्लादेश में हुआ। इस तरह के षड्यंत्र... आपको क्या लगता है किसानों...? चीन, अमेरिका... इस इस तरह की विदेशी शक्तियाँ यहां काम कर रही हैं। कंगना के इस अति विवादित बयान के बाद न केवल किसानों बल्कि विपक्षी दलों की तरफ से भी जबरदस्त प्रतिक्रियायें आनी शुरू हो गयीं। खासकर कृषि बाहुल्य राज्य हरियाणा में जहाँ पहले ही भाजपा सत्ता विरोधी लहर का जबरदस्त सामना कर रही है, विधानसभा चुनाव का सामना करने जा रहे उस राज्य में भाजपा कंगना के इस आपत्तिजनक बयान से और भी असहज हो गयी है। यही कंगना रनौत ही थीं जिन्होंने दिसंबर 2020 में महिंदर कौर नमक एक बुजुर्ग किसान आंदोलनकारी महिला व गुजरात की बलात्कार पीड़िता बिल्कीस बानो के चित्र एक साथ ट्वीट करते हुए यह व्यंग कसा था कि - हा हा. ये वही दादी हैं, जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था....और ये 100 रुपये में उपलब्ध हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

अलग बात

## भारतीय दर्शन-संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं



अरुण कुमार दीक्षित

स्वामी विवेकानंद ने भारतीय दर्शन को दुनिया के देशों में प्रचारित किया। उन्होंने पूरे विश्व को यह सन्देश देने का प्रयास किया कि भारतीय दर्शन और संस्कृति जैसी श्रेष्ठता कहीं नहीं है। हम पूरी पृथ्वी पर एक श्रेष्ठतम राष्ट्र हैं। हम सभी सभ्यताओं का स्वागत करते हैं। हम गहन तमस से भरे विश्व को मार्ग दिखा सकते हैं। हम सब भारत के लोग एक गौरवशाली संस्कृति के वाहक हैं। हमारा सामना विश्व की भोग विलास में लिप्त संस्कृतियां नहीं कर सकती। हम भारत के लोग बर्बर नही हैं। हम भिन्न भाषा-भाषी संस्कृतियों, बोलियों को आत्मसात करते हुए चलते हैं। भारत की संस्कृति में हमेशा उच्चतम विचारों को प्राथमिकता दी गयी है। हम किसी को मतान्तरित कर अपनी संख्या नहीं बढ़ाते। हम युद्ध के माध्यम से साम्राज्य का विस्तार करने वाली संस्कृति के पुत्र नहीं हैं। हम पूरी दुनिया को परिवार मानने वाले हैं। हमारा राष्ट्र सृष्टि से जुड़े प्रश्नों पर काम करने वाला रहा है। जहां तक यह सृष्टि है, वह सब एक ही है। एक ही शक्ति है जो पूरे विश्व को चलाती है। वही शक्ति हमारे भीतर वही सबके अंतस में है। इसी को आदि शंकराचार्य अद्वैत कहते हैं। उसी शक्ति को श्रीकृष्ण परम शक्ति कहते हैं। ऋषियों ने भी देखा कि वह एक है, दो नहीं है। तब ही कहा कि ज्योतिर्एकम। हम फूलों को देखते हैं। अनंत रंग के फूल हजारों लाखों तरह के फूल, हजारों लाखों के तरह के जीव-जंतु भी देखते हैं। इसी तरह पहाड़ हैं। नदियां हैं, झरने हैं। पक्षियों के गीत है। प्रभात की अरुणिमा है। चंद्रमा में पूर्णिमा है। साथ ही अमावस्या है। अरबों नक्षत्र राशियां हैं। आकाश गंगा हैं। मेघ हैं। जल भरे मेघों के दृश्य हैं। फिर बरसात है। उसमें नील कमल हैं। आनंदित प्रकृति में मनुष्य सहित सभी जीव हैं। पूरी दुनिया में हजारों नदियां हैं। महासागर हैं। लाल सागर, पीला सागर और न जाने कितने सागर है। हिमाच्छादित हिमालय है। इस सबमें वही चेतना है। वही ज्योति परम ज्योति, परम सत्ता, अखंड सत्ता विद्यमान दिखाई पड़ती है। बस आवश्यकता है तो उसी परम दृष्टि की जिसे केन उपनिषद में कहा गया है कि उपासना करो। उन नेत्रों की नहीं जिनसे देखते हो। उस शक्ति की करो जिससे नेत्रों मे देखने की शक्ति है। ऊर्जा आती है। वह उपासना श्रेष्ठ है। विवेकानंद के सपने भारत को पूरे विश्व में अनंत ऊंचाई वाला राष्ट्र बनाने की परिकल्पना है। यह विवेकानंद का सपना कहेंगे तो लगता है कि थोड़ा कम है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## दु:खों से ऊपर उठना



बोधि वृक्ष

**सत्य तो यह है, कि यदि आप अपने शरीर में उसे अपना अस्तित्व न मानते हुए, जीना सीख लें, तो आप इतना अधिक दु:ख नहीं भोगेंगे। आपमें और शारीरिक पीड़ा में संबंध मात्र मानसिक है।**



श्री श्री परमहंस योगानंद

आप कल्पना द्वारा अपने दु:ख को बढ़ा लेते हैं। चिन्ता करना या अपने लिए खेद व्यक्त करना आपकी पीड़ा को कम नहीं करेगा, अपितु इसे और बढ़ा देगा। उदाहरणार्थ, कोई आपके साथ बुरा व्यवहार करता है, आप उसी के बारे में सोचते रहते हैं, और आपके मित्र इसके विषय में बातें करते हैं और आपसे सहानुभूति व्यक्त करते हैं। आप इसके बारे में जितना अधिक सोचते हैं, उतना ही अपनी ठेस, को अधिक बढ़ा लेते हैं- और अपने दुःख को भी। कुछ लोग अपने सभी दुःखों को, जो उन्होंने झेले थे, बार-बार स्मरण करते रहते हैं, और जो ऑपरेशन बीस वर्ष पहले हुआ था उसकी पीड़ा कितनी भयानक थी! वे बार-बार उस रोग की चेतना को पुनः जीवन्त कर लेते हैं। ऐसे अनुभवों की पुनरावृत्ति करने का क्या लाभ? अपने कष्टों से स्वयं को पृथक करने का उत्तम तरीका है स्वयं को मानसिक रूप से अनासक्त करना, जैसे आप मात्र एक द्रष्टा हैं, और साथ में उसका उपाय भी खोजना। सत्य तो यह है, कि यदि आप अपने शरीर में उसे अपना अस्तित्व न मानते हुए, जीना सीख लें, तो आप इतना अधिक दुःख नहीं भोगेंगे। आपमें और शारीरिक पीड़ा में सम्बन्ध मात्र मानसिक है। जब आप सोए होते हैं और शरीर के बारे में अचेत होते हैं, तो आप पीड़ा का कोई अनुभव नहीं करते। इसी प्रकार, जब एक चिकित्सक या दन्त चिकित्सक आपको बेहोशी की दवा देता है और आपके शरीर पर शल्य चिकित्सा करता है, तो आप किसी पीड़ा का अनुभव नहीं करते। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

डॉ रजनी मल्होत्रा नैय्यर and 2 others commented.

**Syed Shahroz Quamar**
1d ·

बिटिया ज़ाएरा के इस स्केच के मारफ़त कृष्ण जन्माष्टमी की आप को राधे! राधे!... See more




348 · 116 comments 5 shares

## X से

**Ministry of Culture** @MinOfCul... · 13h

छाया पुतली में पर्दे को पीछे से प्रदीप्त किया जाता है और पुतली का संचालन प्रकाश स्रोत तथा पर्दे के बीच से किया जाता है।

यह कला ओडिशा, केरल, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु में प्रचलित है।

#FactOfTheDay




PMO India and 5 others

आपकी बात

## झारखंड के हिंदी अखबार पाठकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं



विजय केशरी
कथाकार/स्तंभकार, हजारीबाग

झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार धीरे-धीरे राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाठकों की पहली पसंद बनते चले जा रहे हैं। यह झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबारों के लिए गौरव की बात है। ध्यातव्य है कि झारखंड (बिहार प्रांत के अंतर्गत था) प्रांत से अखबारों का प्रकाशन आजादी से पूर्व हुआ था। तब अखबार ट्रेडिंल मशीन से छपा करता था। उस कालखंड में अखबारों के पास संसाधन काफी कम थे। चार-पांच लोग मिलकर दैनिक अखबार निकाला करते थे। कई ऐसे अखबारों का भी प्रकाशन भी प्रारंभ हुआ, जिसके प्रकाशक, मुद्रक, संपादक और संवाददाता अकेले एक व्यक्ति होते थे। झारखंड से प्रकाशित होने वाले स्थानीय अखबारों की खासियत यह रही कि अखबारों के संपादकों, प्रकाशकों और पत्रकारों का पत्रकारिता के प्रति एक सच्चा कमिटमेंट बना रह रहा है। ऐसे पत्रकार व संपादक विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियां का सामना डंटकर करते देखे जाते हैं। वे कभी भी पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं समझें बल्कि सामाजिक जन जागरण का एक मिशन के तौर पर लिए। 1975 में जब देश में इमरजेंसी लागू कर दिया गया था। अखबारों पर पाबंदियां लगा दी गई थीं। ऐसे कठिन दौर में भी झारखंड के अखबार इमरजेंसी के खिलाफ लिखते रहे थे। लंबे संघर्ष के बाद झारखंड की पत्रकारिता परचम लहरा पाया है। झारखंड में ज्यादातर बड़े बैनर के अखबार बिहार से छप कर झारखंड आते थे। गिनती भर के अखबार झारखंड झारखंड की राजधानी रांची और कुछ जिलों से प्रकाशित होते थे। आज मुद्रण और प्रकाशन की स्थिति बदली है। झारखंड की राजधानी सहित राज्य के कई जिलों से अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। कई अखबारों के पास अब अपना ऑफ्सेट मशीन भी हो गये हैं। लेकिन आज भी अखबारों के प्रकाशन के समक्ष कई चुनौतियां हैं। कल बिहार से प्रकाशित होने वाले अखबारों से थीं, तो आज झारखंड से प्रकाशित होने वाले विभिन्न अखबारों से हैं। झारखंड के अखबारों के प्रकाशन के साथ ही बड़े अखबारों के साथ प्रतिस्पर्धा सामने भी खड़ी थी। इन विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करते हुए झारखंड से प्रकाशित होने वाले कई अखबार निरंतर छपते रहे थे। पाठकों के हाथों तक पहुंचाते रहे थे। लेकिन कई अखबार कुछ वर्ष व कुछ महीने तक चलकर ही बंद हो गए थे। अखबार प्रकाशन के प्रारंभिक दौर में कई प्रकाशक और संपादक इतने परिश्रमी थे कि रात भर जागकर अखबार ट्रेडिंल मशीन पर मुद्रित कर सुबह सुबह खुद हॉकर की तरह घर-घर जाकर अखबार भी बांटे थे। तब कहीं जाकर झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार पाठकों के बीच अपना सिक्का जमा पाया। झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबार हंदी के प्रचार प्रसार में अहम भूमिका भी अदा करते रहे हैं। उस कालखंड में झारखंड में काफी संख्या में हिंदी के कथाकार, कवि और आलोचक निरंतर लिख रहे थे। लेकिन राष्ट्रीय पत्र पत्रिकाओं में उन्हें ढंग से जगह नहीं मिल पा रही थी। इस कारण कई प्रतिभाशील साहित्यकारों की रचनाएं फाइलों में ही सिमटकर रह गई थी। इस दौरान जब झारखंड से साप्ताहिक और दैनिक पत्रों का प्रकाशन प्रारंभ हुआ तब स्थानीय स्तर के रचनाकारों को इन अखबारों में जगह मिलने लगी। झारखंड के स्थानीय रचनाकारों की रचनाएं जब झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबारों में छपने लगीं, तब एक नई साहित्यिकी फिजा झारखंड में देखने को मिलने लगी थी। पहले साहित्यिक आयोजन बिहार के विभिन्न जिलों तक ही सिमट कर रह जाते थे। लेकिन झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबारों के प्रोत्साहन से स्थानीय स्तर पर हिंदी साहित्य की छोटी बड़ी गोष्ठियां होने लगी। उस कालखंड में आयोजित होने वाली गोष्ठियों की रिपोर्ट बहुत ही प्रमुखता के साथ स्थानीय अखबारों में छपने लगी। इससे पूर्व बिहार से आने वाले अखबारों में बड़ी से बड़ी गोष्ठियों की रिपोर्ट को एक या दो कॉलम में ही सिमटा दिया जाता था। झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबारों के कारण स्थानीय साहित्यकारों, खिलाड़ियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को एक बेहतर मंच मिल पाया था। झारखंड में बड़ी से बड़ी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की रिपोर्ट को भी राष्ट्रीय स्तर के अखबारों में बहुत कम जगह मिल पाती थी। लेकिन झारखंड से प्रकाशित होने वाले अखबारों में काफी जगह मिलने लगी थी। इस कारण स्थानीय अखबार धीरे-धीरे कर आम पाठकों के बीच काफी लोकप्रिय बनता चला जा रहा है। देश की आजादी के बाद से ही झारखंड वासी बिहार प्रदेश के साथ रहकर भी खुद को अलग-थलग महसूस करते रहे थे। एकीकृत बिहार में झारखंड के नेताओं को जो महत्व मिलना चाहिए था, नहीं मिल पा रहा थी।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बंगाल में बंद के दौरान बवाल कहीं फायरिंग, कहीं लाठीचार्ज

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल में आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले के विरोध में हजारों की संख्या में छात्रों ने मंगलवार को नबन्ना मार्च निकाला था। मार्च में शामिल छात्रों की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा ने बुधवार को 12 घंटे का बंगाल बंद बुलाया। वहीं टीएमसी बंद का विरोध कर रही है और लोगों से दुकानें और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को शुरू करने की अपील कर रही है। जिससे दोनों दलों में टकराव पैदा हो गया और कई जगह हिंसक झड़प की खबर है। राज्य में बंद को असरदार बनाने में जुटे बीजेपी के तीन प्रमुख नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया, जिसमें सौमिक भट्टाचार्य, राहुल सिन्हा और लॉकेट चटर्जी शामिल हैं। हुगली जिले के मानकुंडू स्टेशन पर बंद समर्थकों द्वारा रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन किया गया, जिससे अप और डाउन दोनों लाइनों की ट्रेनें रोक दी गईं। पुलिस ने भीड़ को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इधर कूचबिहार में बंद के दौरान कई स्थानों पर हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने 30 लोगों को गिरफ्तार किया, जिसमें तुफानगंज की विधायक मालती राभा राय और कूचबिहार दक्षिण के विधायक निखिलरंजन डे भी हैं। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर प्रियांगु पांडे पर गोली चलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, टीएमसी अब गोलियों के सहारे हमें सड़कों से हटाने का प्रयास कर रही है, लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

- पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, कूचबिहार में दो विधायकों सहित 30 लोग गिरफ्तार
- सौमिक भट्टाचार्य, राहुल सिन्हा, लॉकेट चटर्जी हिरासत में लिए गए



### नवान्न, लालबाजार और कालीघाट में अभियान का ऐलान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सियासी तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार को नंदीग्राम में आयोजित एक रैली के दौरान विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने एक साथ तीन बड़े अभियानों को करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नवान्न, लालबाजार और कालीघाट में एक ही दिन में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन अभियानों का एक ही मकसद होगा- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस्तीफा। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल छात्र समाज के सदस्य सायन लाहिड़ी अब भी पुलिस हिरासत में है।

### दक्षिण दिनाजपुर में बीजेपी तृणमूल के बीच झड़प

दक्षिण दिनाजपुर के बुनियादपुर नगरपालिका क्षेत्र में भाजपा और तृणमूल कार्यकतार्ओं के बीच विवाद छिड़ गया। दोनों दलों के समर्थकों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें तृणमूल के हमले में एक भाजपा कार्यकर्ता के सिर में गंभीर चोट आई। इधर, हावड़ा-बंडेल लोकल ट्रेन को भी हावड़ा स्टेशन पर रोक दिया गया। भाजपा कार्यकतार्ओं ने रेल ट्रैक पर लेटकर प्रदर्शन किया। इसी तरह, मुर्शिदाबाद के कई स्टेशनों पर भी भाजपा कार्यकतार्ओं ने रेलवे ट्रैक पर कब्जा कर लिया, जिससे ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं। पश्चिम मिदनापुर के घाटाल और भाटपाड़ा में भी बंद के दौरान भाजपा और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। असनसोल, मालदा, कूचबिहार, और पूर्व मेदिनीपुर में भी बंद के समर्थन और विरोध में जमकर प्रदर्शन हुए। कई स्थानों पर बसों और अन्य वाहनों को रोककर प्रदर्शन किया गया।

## बंगाल बंद और न्यायमूर्ति के खिलाफ पीआईएल पर हाईकोर्ट की फटकार

- वकील पर 50 हजार रुपये का जुर्माना, पीआईएल दर्ज करने पर आजीवन प्रतिबंध

एजेंसी। कोलकाता



कलकत्ता हाई कोर्ट ने भाजपा द्वारा बुलाए गए बंगाल बंद के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता वकील संजय दास को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें आजीवन जनहित याचिका दायर करने से प्रतिबंधित कर दिया। साथ ही, न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के खिलाफ एक अन्य जनहित याचिका दायर करने के लिए उन्हें 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह आदेश हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम ने बुधवार को दिया। घटना की शुरूआत मंगलवार रात से हुई। भाजपा ने मंगलवार को बंगाल में 12 घंटे के बंद का आह्वान किया था, जिसे राज्य सचिवालय नवान्न ने अवैध करार दिया। इसके बाद, वकील संजय दास ने भाजपा के बंद के विरोध में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की। याचिका में मुख्य न्यायाधीश के कार्यालय को संदर्भित करते हुए उन्होंने इस मामले की जल्द सुनवाई की मांग की। अदालत ने उन्हें बुधवार सुबह 11 बजे उपस्थित रहने का निर्देश दिया था। बुधवार को मुख्य न्यायाधीश शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ में मामले की सुनवाई शुरू हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने वकील संजय दास पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि आप अदालत की प्रक्रिया का दुरुपयोग कर रहे हैं और न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप करना चाह रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हम अदालत में मूर्खों की तरह बैठे हैं? अदालत को खेल का मैदान मत समझिए। हम आपकी ऐसी हरकतें बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि अदालत वकील संजय दास को भविष्य में कोई भी जनहित याचिका दायर करने से रोकती है। इसके साथ ही न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा के खिलाफ दायर याचिका के लिए भी वकील पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## सख्त कानून बनाए केंद्र, नहीं तो लोस में लाएंगे प्राइवेट मेंबर बिल: अभिषेक बनर्जी

एजेंसी। कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव एवं डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा कि यदि केंद्र सरकार ने दुष्कर्म के खिलाफ सख्त कानून नहीं बनाया तो वे इसको लेकर लोकसभा में प्राइवेट मेंबर बिल पेश करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी भी दी कि आगामी तीन-चार महीनें में दुष्कर्म विरोधी सख्त कानून नहीं लाया गया तो तृणमूल नई दिल्ली में बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के खिलाफ देश में ऐसा कानून आना चाहिए जिससे एक से दो महीने में न्याय प्रक्रिया पूरी हो और दोषियों को सजा दी जाए।

## मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में भूचाल यौन उत्पीड़न के 17 मामले दर्ज

एजेंसी। चेन्नई

यौन उत्पीड़न के आरोपों की बाढ़ से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री मॉलीवुड में भूचाल आ गया है। यौन उत्पीड़न के मामलों में अब तक 17 मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपों के बीच मलयालम मूवी आर्टिस्ट की एसोसिएशन को भी भंग कर दिया गया है। पुलिस आरोपों को लेकर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कई फिल्मी सितारों और फिल्म निमार्ताओं से पूछताछ कर सकती है। यौन उत्पीड़न के आरोपों की कड़ी में नया आरोप फिल्म अभिनेत्री सोनिया मल्हार का है। मल्हार का आरोप है कि साल 2013 में एक फिल्म के सेट पर अभिनेता उनके साथ छेड़छाड़ की थी। अभिनेत्री ने केरल सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। मॉलीवुड में यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए केरल सरकार ने इस विशेष जांच दल का गठन किया है। सोनिया मल्हार से पहले फिल्म अभिनेत्री मीनू मुनीर ने भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। मीनू मुनीर का दावा है कि अब उन्हें धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। मीनू ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। विशेष जांच दल जल्द ही मीनू मुनीर के बयान दर्ज कर सकती है।

### अभिनेता सिद्दीकी के खिलाफ मामला दर्ज

मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी पर भी यौन शोषण का आरोप लगा है। एक फिल्म अभिनेत्री ने सिद्दीकी पर साल 2016 में यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 376 और 506 के तहत केस दर्ज किया है। किसी हाई प्रोफाइल फिल्मी सितारे के खिलाफ यह दूसरी एफआईआर है।



मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कई अभिनेताओं, निर्देशकों और फिल्म निमार्ताओं के खिलाफ भी यौन शोषण के आरोप लगे हैं।

### मलयालम फिल्म उद्योग पर पुरुषों का कब्जा

मलयालम फिल्म उद्योग के कुछ शीर्ष लोगों के खिलाफ आरोपों की बाढ़ पिछले सप्ताह न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के सार्वजनिक होने के बाद शुरू हुई है। 235 पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि मलयालम फिल्म उद्योग पर 10-15 पुरुष निमार्ता, निर्देशक और अभिनेताओं का नियंत्रण है। तीन सदस्यीय न्यायमूर्ति हेमा समिति का गठन राज्य सरकार ने साल 2017 में किया था और इसने 2019 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी। रिपोर्ट को अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया था क्योंकि इसे जारी करने पर कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

## बलात्कारियों को मौत की सजा के लिए विस में पारित करेंगे विधेयक : ममता बनर्जी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में जूनियर डॉक्टर के साथ हुए जघन्य बलात्कार और हत्या के मामले को लेकर बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, बलात्कारियों को मौत की सजा सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही विधानसभा में एक विधेयक लाया जाएगा। उनकी सरकार बलात्कार और हत्या के मामलों में दोषियों को फांसी की सजा दिलाने के लिए विधेयक पारित करेगी। यह विधेयक 10 दिनों के भीतर पश्चिम बंगाल विधानसभा में पेश किया जाएगा। हम इसे राज्यपाल के पास भेजेंगे और अगर वह विधेयक पारित नहीं करते हैं तो हम राजभवन के बाहर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे। ममता बनर्जी ने तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस के मौके पर कहा, इस बार राज्यपाल जवाबदेही से नहीं बच सकते।



## जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट को भाजपा ने बताया गंभीर



**नई दिल्ली।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ होने वाले यौन शोषण और उत्पीड़न की घटनाओं की जांच करने वाली जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद से वहां सियासी हलचल तेज हो गई है। भाजपा इस रिपोर्ट को गंभीर बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में हर महिला का मौलिक अधिकार सुरक्षित कार्यस्थल है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए पिछले 10 वर्षों में बहुत कुछ किया है। लेकिन केरल और पश्चिम बंगाल जैसी जगहों पर महिला सुरक्षा को लेकर अधिक काम करने की जरूरत है। हेमा समिति की रिपोर्ट एक चौंकाने वाला खुलासा है कि केरल फिल्म उद्योग में काम कर रही महिलाओं का शोषण और उत्पीड़न किया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### जो काम पहले सीपीएम करती थी वही अब ममता सरकार कर रही : ललन सिंह

**पटना।** केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ ममता बनर्जी सरकार में जिस तरीके की घटना हो रही है उससे ऐसा लगता है कि वहां पर सुशासन है ही नहीं। क्योंकि, जिस राज्य की मुख्यमंत्री महिला हों और वहां पर महिलाओं के साथ ऐसी घटना हो रही है। इसके बाद लाठीचार्ज और टियर गैस के गोले दागे जाएं ये समझ से परे है। उन्होंने ममता बनर्जी सरकार की तुलना सीपीएम से की। साथ ही कहा कि पश्चिम बंगाल में जो काम पहले सीपीएम करती थी वही अब ममता बनर्जी कर रही हैं।



### तांत्रिक ने 12 साल की मासूम बच्ची के साथ किया दुष्कर्म

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के कंझावला इलाके में पिता की बीमारी ठीक करने के नाम पर एक तांत्रिक ने 12 साल की मासूम के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने तांत्रिक क्रिया के बहाने मासूम को अपने घर बुलाया। बाद में उसके साथ दुष्कर्म किया। मासूम का पिता पिछले काफी समय से बीमार है। वारदात के बाद मंगलवार को पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने मासूम बच्ची का मेडिकल करवाकर उसकी शिकायत पर दुष्कर्म और पॉक्सो की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान शरीफ (52) के रूप में हुई है।

### बिहार पुलिस महिलाओं को 15 सितंबर से सुरक्षित सफर सुविधा कराएगी उपलब्ध

**पटना।** फेस्टिव सीजन के शुरू होने से पहले ही बिहार पुलिस राज्य के महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक नई पहल करने जा रही है। अब प्रदेश की महिलाएं अपने घर से बाहर कहीं भी, कभी भी पुलिस की मदद से सुरक्षित यात्रा कर सकती हैं। अपनी यात्रा के दौरान महिलाएं सीधे 112 पर कॉल कर निःशुल्क सेवा प्राप्त कर सुरक्षित अपने गंतव्य स्थान तक पहुंच सकेंगी। बताया जाता है कि बिहार देश का तीसरा राज्य होगा जो इस प्रकार की सुविधा उपलब्ध करायेगा। तकनीकी सेवाएं और वितंतु के अपर पुलिस महानिदेशक निर्मल कुमार आजाद ने बुधवार को बताया कि सुरक्षित सफर सुविधा की शुरूआत पांच सितंबर से राज्य के पटना, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, बेगूसराय एवं नालंदा में शुरू की जा रही है। 15 सितंबर से इस सेवा को पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।



### बिहार के सीतामढ़ी में तालाब से मिले महिला और उसके तीन बच्चों के शव

**पटना/सीतामढ़ी।** बिहार में सीतामढ़ी जिले के बेला थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीरामपुर गांव (तेलियाही) में बुधवार को तालाब से एक महिला और उसके तीन बच्चों के शव मिले। आशंका जताई जा रही है कि पति-पत्नी में अनबन के चलते उसने बच्चों संग तालाब में कूदकर जान दे दी। गांव के लोगों का कहना है कि महिला ने तीनों बच्चों के संग तालाब में कूदकर जान दी है। महिला घर पर इन्हीं तीनों बच्चों के साथ अकेले रहा करती थी। उसका पति लुधियाना में सिलाई करता है। घटना का कारण पति-पत्नी में अनबन बताया जा रहा है। महिला की पहचान गांव के संजीव कुमार की 32 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में की गई है। तीनों बच्चों में 6 वर्षीय आर्यन, 4 वर्षीय सुशांत और डेढ़ वर्षीय हिमांशु हैं।

### किसान ने खाया जहर, बच्ची समेत तीन की मौत

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां कर्जदारों से परेशान किसान ने परिवार समेत जहर खाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करके मामले की जांच शुरू कर दी है। सैफई क्षेत्र के भदेई गांव निवासी किसान दया शंकर लंबे समय से आर्थिक समस्या झेल रहे थे। उनके ऊपर करीब तीन लाख रुपए का कर्ज था। इससे तंग आकर दया शंकर ने अपनी भाभी पूजा और भतीजी के साथ आत्महत्या करने जैसा घातक कदम उठाया। पूजा दयाशंकर की दिवंगत भाई उमाशंकर की पत्नी थी। दयाशंकर ने पूजा और उसकी 13 माह की मासूम भतीजी शिवी को कोल्ड ड्रिंक में जहरीला पदार्थ दिया था। इसे पीने के बाद तीनों की हालत बिगड़ गई थी।



### गाजियाबाद में पुलिस से हुई मुठभेड़ में लुटेरा बॉडीगार्ड गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें एक बदमाश घायल होने के बाद गिरफ्तार हुआ है। इस बदमाश पर लूट और चोरी के आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। बीते 24 अगस्त को इसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ट्रक ड्राइवर को चाकू मारकर घायल कर दिया था और उसके साथ लूट कर फरार हो गया था। गिरफ्तार बदमाश का नाम बॉडीगार्ड उर्फ रिजवान है और वह पिलखुवा का रहने वाला है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि थाना साहिबाबाद पुलिस टीम ने मुठभेड़ में एक लुटेरे को गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**वृष :** आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**मिथुन :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा।

**कर्क :** श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी।

**सिंह :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**तुला :** जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। धन के लेन-देन में सतर्क रहें।

**वृश्चिक :** परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अत: वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें। अपना कार्य स्वयं करें, किसी के भरोसे न रहें।

**धनु :** मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्धि है। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मकर :** धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**कुंभ :** सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेंगे। बकाया धन की प्राप्ति के योग हैं।

**मीन :** उत्साह में वृद्धि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में आपकी मेहनत व लगन की।

## युवक के प्राइवेट पार्ट में मिर्च डालने के मामले में 5 आरोपी गिरफ्तार



एजेंसी। अररिया

बिहार के अररिया जिले के नगर थाना क्षेत्र से एक अमानवीय कृत्य का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि बुधवार को तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस तरह इस मामले में अब तक कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जोकीहाट निवासी मोहम्मद कैफ, आजाद नगर निवासी मोहम्मद उमर और मोहम्मद रागिब के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी मोहम्मद सिफत एवं रवि शाह को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। दरअसल, यह पूरा मामला अररिया जिले के इस्लामनगर इलाके का है, जहां कुछ लोगों ने एक युवक को चोरी के आरोप में बंधक बना लिया और उसके हाथ बांधकर उसके साथ बेरहमी की। उसके प्राइवेट पार्ट में मिर्च डाल कर उसके साथ अमानवीय कृत्य किया। इसके बाद इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी कर दिया गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ लोगों ने युवक को पकड़ कर रखा है और एक शख्स लाल मिर्च उसके प्राइवेट पार्ट में डाल रहा है। वह लकड़ी के छोटे टुकड़े को उसके प्राइवेट पार्ट में भी डालता है।

### पटना में धार्मिक आयोजन के दौरान दीवार गिरी
## 30 लोग घायल, पांच की हालत गंभीर

**पटना।** बिहार के पटना जिले के पुनपुन में बुधवार को एक धार्मिक आयोजन के दौरान पास की एक दीवार गिर जाने से कम से कम 30 लोग घायल हो गए। घायलों में कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। उनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, श्रीपालपुर में बुधवार को नीरज सिंह के आवास के पास एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में करीब 140-150 लोग एकत्र हुए थे। भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक पास की दीवार गिर गई। इसकी चपेट में आने से कम से कम 30 लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ कर दिया गया। इस घटना में कई लोग मलबे में भी दब गए थे। दानापुर की डिप्टी एसपी पल्लवी कुमारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और दीवार के नीचे दबे लोगों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालने में जुट गई। घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## आजम खान को एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली जमानत

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान को बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उनको 2019 में आचार संहिता उल्लंघन मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने बरी कर दिया है। सबूतों के अभाव के चलते उन पर आचार संहिता का उल्लंघन नहीं पाया गया और वो इस केस से दोषमुक्त हो गए। एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान को 2019 के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में बरी कर दिया है। केस को लेकर आजम खान के वकील ने बताया कि यह 2019 लोकसभा चुनाव का मामला है। उस दौरान रामपुर के तत्कालीन एसडीएम पीपी तिवारी की तरफ से आजम खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## अस्मत से खिलवाड़ की तो रास्ता यमराज का पास होगा : योगी

एजेंसी। अलिगढ़

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता, विकास के साथ रोजगार चाहिए, इन सबके लिए सुशासन चाहिए। किसी ने अराजकता फैलाने की कोशिश की, बहन-बेटियों की अस्मत से खिलवाड़ करने की कोशिश की तो उसके साथ कोई रहम नहीं किया जाएगा। उसका रास्ता यमराज के पास होगा। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया में आगे बढ़ रहा है, सरकार जनता के दरवाजे पर रोजगार देने पहुंच रही है, जिसकी जितनी क्षमता है उसे उसके अनुसार रोजगार दिया जा रहा है। आजादी के बाद देश में विकास के नाम पर भेदभाव चल रहा था, लेकिन डबल इंजन की भाजपा सरकार के कार्यकाल में कोई भेदभाव नहीं हो रहा। कांग्रेस ने राष्ट्र नायकों का अपमान किया है। भाजपा राष्ट्रनायकों को सम्मान देने का काम कर रही है। अलीगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय सहित सहारनपुर, आजमगढ़ शिक्षण संस्थान इसका उदाहरण हैं। कांग्रेस जब सत्ता में थी तो सिर्फ एक ही परिवार के बारे में सोचते थे। कांग्रेस ओर सपा में जिन्ना की आत्मा घुस गई है, जिन्ना ने देश को बांटने का काम किया था, सपा-कांग्रेस समाज को धर्म जाति के नाम पर बांटने और तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। लेकिन मोदी के नेतृत्व में इनके मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जाएगा।



### बेगूसराय में एनआईए की छापेमारी नक्सली कमांडर सहित पांच को पकड़ा

**पटना।** बिहार के बेगूसराय जिले में बुधवार को एनआईए ने छापेमारी कर एक नक्सली कमांडर सहित परिवार के पांच को हिरासत में लिया है। एनआईए की टीम ने छापेमारी तेघड़ा अनुमंडल क्षेत्र के तेयाय ओपी के पाली गांव में की है। एनआईए की टीम सुबह-सुबह बेगूसराय के तेयार थाना क्षेत्र अंतर्गत पालीगांव पहुंची तथा छापेमारी की। टीम ने बिहारी पासवान समेत पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बिहारी पासवान नक्सली कमांडर है। टीम बिहारी पासवान के अलावा उसकी पत्नी और तीन बच्चों को भी साथ ले गई है।

# नीरज चोपड़ा ने भारतीय पैरालंपिक एथलीटों को शुभकामनाएं दीं

## सुमित और भाग्यश्री भारत के ध्वजवाहक होंगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पैरालंपिक के लिए भारतीय दल को शुभकामनाएं दीं, जो बुधवार को पेरिस में उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो रहा है। फ्रांस में 28 अगस्त से 9 सितंबर तक होने वाले पेरिस 2024 पैरालंपिक में कुल 84 भारतीय पैरा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह पैरालंपिक इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है।

पेरिस में आज से शुरू होने वाले पैरालंपिक खेलों में भाग लेने वाले सभी अविश्वसनीय भारतीय एथलीटों को मेरी शुभकामनाएं। हमें प्रेरणा देते रहें!" उद्घाटन समारोह में सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव भारत के ध्वजवाहक होंगे। भारत 22 खेलों में से 12 में प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसमें पैरा साइक्लिंग, पैरा जूडो और पैरा रोइंग शामिल हैं। भारत का अभियान गुरुवार को पैरा तीरंदाजी से शुरू होगा, जहां टोक्यो पैरालिंपिक के कांस्य पदक विजेता हरविंदर सिंह पुरुषों के रिकर्व रैंकिंग राउंड में हिस्सा लेंगे और सरिता महिला कंपाउंड ओपन वर्ग में खेलेंगी। बाद में, पैरा बैडमिंटन में कृष्णा नागर एसएच6 वर्ग में अपने पुरुष एकल खिताब की रक्षा शुरू करेंगे। शिवराजन सोलाईमलाई और नित्या श्री सिवन अन्य पैरा-शटलर हैं जो पहले दिन एक्शन में होंगे। भारत ने पैरालंपिक खेलों के पिछले 11 संस्करणों में 31 पदक जीते हैं। टोक्यो 2020 भारत का अब तक का सबसे सफल अभियान रहा, जिसमें एथलीटों ने 19 पदक - पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य - के साथ वापसी की।

# गांगुली, विराट सहित कई खिलाड़ियों ने शाह को दी बधाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने जय शाह को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का नया अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। मंगलवार को, शाह, जो वर्तमान में बीसीसीआई सचिव हैं, को निर्विरोध आईसीसी के नए अध्यक्ष के रूप में चुना गया और उन्होंने इस भूमिका में ग्रेग बार्कले की जगह ली। वह 1 दिसंबर को सबसे कम उम्र के आईसीसी अध्यक्ष के रूप में अपना तीन साल का कार्यकाल शुरू करेंगे। जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद शाह आईसीसी में शीर्ष पद पर रहने वाले पांचवें भारतीय हैं। कोहली ने एक्स पर एक बधाई पोस्ट में लिखा, आईसीसी चेयरमैन चुने जाने पर जय शाह को बहुत-बहुत बधाई। आपको आगे बड़ी सफलता की शुभकामनाएं। भारत के पूर्व



▸ सबसे कम उम्र के निर्विरोध आईसीसी चेयरमैन चुने गए हैं बीसीसीआई सचिव

कप्तान सौरव गांगुली, जिन्होंने 2019 से 2022 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, ने भी एक्स के माध्यम से शाह को बधाई दी। जय शाह को आईसीसी अध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिका के लिए बधाई.. उनकी आगे की शानदार यात्रा के लिए शुभकामनाएं।

भारत की पूर्व महिला कप्तान मिताली राज ने एक्स पर लिखा, सबसे कम उम्र के आईसीसी चेयरमैन चुने जाने पर जय शाह सर को बधाई।

## डेविड मलान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व विश्व नंबर 1 टी20 बल्लेबाज डेविड मलान ने 37 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सफेद गेंद श्रृंखला से बाहर होने के बाद ब्रिटिश डेली द टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में अपने फैसले की घोषणा की। मलान जोस बटलर के साथ इंग्लैंड के केवल दो पुरुष खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने टेस्ट, वनडे और टी20 में शतक बनाए हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के बावजूद, मलान पिछले साल भारत में हुए 50 ओवर के विश्व कप के बाद से इंग्लैंड के लिए नहीं खेले। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट मेरे बड़े होने के लिए हमेशा शिखर पर रहा है।



# भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटॉर नियुक्त

एजेंसी



**2022** में एलएसजी को संजीव गोयनका ने 7090 करोड़ में खरीदा था और इसका घरेलू मैदान बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम है।

**2023** और 2024 आईपीएल सीजन में पूर्व तेज गेंदबाज डिजिटल ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा की कमेंट्री टीम के सदस्य बने।

**कोलकाता।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान को बुधवार को कोलकाता में आरपीएसजी ग्रुप मुख्यालय में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) का मेंटॉर नियुक्त किया गया। एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक आरपीएसजी ग्रुप ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आपकी सारी अटकलें यहीं खत्म होती हैं! रिवर्स स्विंग के बादशाह, भारतीय दिग्गज जहीर खान ने लखनऊ टीम के मेंटॉर के रूप में कार्यभार संभाला। आईपीएल 2023 के बाद गौतम गंभीर के बाहर होने के बाद जहीर एलएसजी में खाली हुई मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे। गंभीर बाद में इस साल कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटॉर बने और उन्हें चेन्नई में अपना तीसरा आईपीएल खिताब दिलाया। जुलाई में, वह राहुल द्रविड़ के बाद भारत के पुरुष टीम के मुख्य कोच बने। एक खिलाड़ी के रूप में, जहीर ने मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 मैच खेले और 7.58 की इकॉनमी रेट से 102 विकेट लिए। विभिन्न रिपोर्टों में यह भी उल्लेख किया गया है कि भारत की 2011 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य जहीर फ्रेंचाइजी के प्रतिभा विकास कार्यक्रम प्रमुख भी होंगे, हालांकि इस पर आधिकारिक बयान आना बाकी है।

वह पहले 2018 से 2022 तक मुंबई इंडियंस (एमआई) फ्रेंचाइजी से जुड़े थे, जहां उन्होंने पहले क्रिकेट के निदेशक और फिर वैश्विक विकास के प्रमुख के रूप में कार्य किया। आईपीएल 2023 और 2024 सीजन में पूर्व तेज गेंदबाज डिजिटल ब्रॉडकास्टर्स जियोसिनेमा की कमेंट्री टीम के सदस्य बने। एलएसजी को 2022 में संजीव गोयनका ने 7090 करोड़ रुपये में खरीदा था और इसका घरेलू मैदान लखनऊ के बीआरएसएबीवी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में है।

# डिफेंडर जुआन इजकिएर्डो की 27 साल की उम्र में मैदान पर गिरने से मौत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उरुग्वे फुटबॉल क्लब नेशनल के डिफेंडर जुआन इजकिएर्डो का इस महीने की शुरूआत में कोपा लिबर्टाडोरेस मैच के दौरान मैदान पर गिरने के बाद 27 साल की उम्र में निधन हो गया। 22 अगस्त को साओ पाउलो के खिलाफ नेशनल के मैच के दौरान अनियमित दिल की धड़कन से पीड़ित होने के बाद इजक्विएर्डो अस्पताल में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे थे। यह घटना खेल के 84वें मिनट में घटी, जिसमें इजक्विएर्डो अन्य खिलाड़ियों के संपर्क के बिना ही गिर गया। चिकित्सा कर्मी उनकी सहायता के लिए दौड़े और गहन चिकित्सा इकाई में ले जाने से पहले मैदान पर तत्काल उपचार किया। डॉक्टरों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, इजक्विएर्डो की हालत अगले कुछ दिनों में बिगड़ गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई।



## 'डीएवी स्पोर्ट्स -2024' खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# बच्चे खेल को एक महत्वपूर्ण विषय समझकर ही खेलें : मधुकांत पाठक




खेल संवाददाता

**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में डीएवी स्पोर्ट्स-2024 स्टेट लेवल टूर्नामेंट दो-दिवसीय बालक एवं बालिका वर्ग(अंडर-14,17 एवं 19) योगासन, शतरंज, तीरंदाजी एवं शूटिंग(एयर राइफल एवं पिस्टल) का शुभारंभ खेल ध्वज फहराकर एवं खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाकर विद्यालय के बहुद्देशीय सभागार में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुकांत पाठक थे। अपने संबोधन में उन्होंने खिलाड़ियों सेकहा कि आप ऐसी संस्था से जुड़े हैं,जहां आपका चहुमुखी विकास होगा।आप खेल को एक महत्वपूर्ण विषय समझकर ही खेलें। जो बच्चे डीएवी संस्था में पढ़ रहे हैं,वे सौभाग्यशाली हैं क्योंकि यह संस्था पढ़ाई-खेलों के साथ संस्कार भी देने का काम करती है। शिवेंद्र नाथ दुबे ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल खेलने की नसीहत देते हुए कहा कि खेलों के कारण आज हमारे झारखण्ड राज्य की देश-विदेश में अलग पहचान है। प्राचार्य मिश्रा ने कहा कि डीएवी स्पोर्ट्स के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी खेल प्रतिभा की पहचान हो पाती है और वे ही भविष्य में नीरज चोपड़ा, मनु भाकर जैसे सितारा बनकर उभरा करते हैं। वह दिन दूर नहीं जब इन्हीं खिलाड़ियों से खिलाड़ी देश के लिए ओलम्पिक जैसे खेलों में खेलकर मैडल लाएँगे। उन्होंने पण्डित नेहरू की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि "खेलो ऐसा कि खेल पढ़ाई बन जाए और पढ़ो ऐसा कि पढ़ाई खेल बन जाए। स्टेट कोऑर्डिनेटर एमके सिन्हा ने कहा कि हर वर्ष डीएवी स्पोर्ट्स का आयोजन देशभर के डीएवी विद्यालयों में हमारे प्रधान पद्मश्री डॉ पूनम सूरी, डीएवी कॉलेज प्रबंधन समिति,नई दिल्ली के मार्गदर्शन में डॉ वीर सिंह निदेशक की देखरेख में सफलता पूर्वक आयोजित हो रहा है। यहां लाखों की संख्या में विद्यार्थी अपने-अपने खेलों का जौहर दिखाकर नाम कमा रहे हैं। डीएवी हेहल में आयोजित हो रहीं खेल प्रतिस्पर्धिओं में डीएवी समूह के दस क्लस्टर के लगभग 650 खिलाड़ी योगा,शतरंज तीरंदाजी एवं शूटिंग में भाग ले रहे हैं। उदघाटन समारोह में डीएवी विद्यालयों के प्राचार्य कमलेश कुमार,रोशनी बाधवानी,मौसमी मल्लिक,यू के राय,आर सचदेवा,अनुराधा सिंह एवं शारीरिक शिक्षक संजय मण्डल,एस एम अजीम, प्रोलॉय करमाकर आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ली तू पर चार सेटों में जीत के साथ अल्काराज दूसरे दौर में पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** कार्लोस अल्काराज ने वर्ष के आखिरी ग्रैंड स्लैम यूएस ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर ली तू को पीछे छोड़ दिया। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व के 186वें नंबर के क्वालीफायर खिलाड़ी के खिलाफ 6-2, 4-6, 6-3, 6-1 से जीत के बाद अपनी प्रमुख मैच जीतने की लय को 15 तक बढ़ा दिया। मंगलवार देर रात की जीत अल्काराज की उनके करियर की 60वीं ग्रैंड स्लैम एकल जीत थी, जो केवल 70 मैचों में हासिल की गई एक उपलब्धि थी। वह ओपन युग में 60 बड़ी जीत हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज व्यक्ति हैं, केवल जॉन मैकेनरो से पीछे हैं, जिन्होंने 69 मैचों में ऐसा किया था। अल्काराज का लक्ष्य ओपन युग में एक ही वर्ष में रौलां गैरो, विंबलडन और यूएस ओपन जीतने वाला तीसरा व्यक्ति बनना है। रॉड लेवर (1969) और राफेल नडाल (2010) ने इससे पहले यह उपलब्धि हासिल की थी ।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर रांची जिला खो-खो प्रतियोगिता

# बालक वर्ग में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र व बालिका में आरसी मिशन बना विजेता



खेल संवाददाता

**रांची।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एक दिवसीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन आरसी मिशन विधालय, सपारोम में किया गया। इसमें बालक वर्ग में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची एवं बालिका वर्ग में आरसी मिशन स्कूल सपारोम ने विजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों को आमंत्रित किया गया था। बालक वर्ग के फाइनल मैच में डे बोर्डिंग प्रशिक्षण केन्द्र, लीची बागान प्रांगण, सेक्टर-2, धुर्वा, रांची ने आरसी मिशन मध्य विधालय,सपारोम को कड़े संघर्षपूर्ण मैच में 26-21 अंकों से हराकर विजेता बना।

डे बोर्डिंग की ओर से सन्नी कुमार, आकाश कुमार, रोहित लोहरा,शिवम नायक,शिवा कुमार एवं आर.सी.मिशन की ओर से अनुपम तिर्की,मसीदास रोशन नाग,नीरज उरांव ने शानदार प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग में आरसी मिशन विद्यालय, सपारोम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में नेशनल योग प्रशिक्षण केन्द्र, रांची को 18-14 अंकों से पराजित कर विजेता बना। आरसी मिशन की ओर से श्वेता उरांव, अलीशा, पूजा, अंजू एवं नेशनल योग प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से हंसिका कुमारी, लवली कुमारी, अन्नु कुमारी, तृषा कुमारी ने शानदार प्रदर्शन किया। पूरे प्रतियोगिता में मैच का संचालन वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, निखिल कुमार,सरिता कुमारी, अनुशिखा कुमारी,जानवी कुमारी ने निर्णायक की अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता का उद्घाटन आरसी मिशन विद्यालय,सपारोम के प्रधानाध्यापक फादर अजीत कल्याण कुजूर एवं उपप्रधानाचार्य फादर आंनद अमर बेक ने नारियल फोड़कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने खेल दिवस पर सभी खिलाड़ियों को विस्तृत जानकारी दी।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

# 2016 ही नहीं 2008 में भी 500 और एक हजार के नोटों को हटाया गया था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 8 नवंबर 2016 की नोटबंदी सभी को याद है। इस नोटबंदी से देश में 500 और 1000 हजार रुपए के नोटों को पूरी तरह बंद करने के बाद पूरे देश में बड़े नोटों की भारी किल्लत हो गई थी। बैंक हो या एटीएम, हर जगह लोगों की भीड़ बस पैसे तलाश रही थी। लेकिन क्या आपको पता है 2016 से पहले आज ही के दिन 2008 में भी नोटबंदी हो चुकी है। जिसे बहुत ही कम लोग जानते हैं। 28 अगस्त 2008 में भारतीय रिजर्व बैंक ने पुरानी डिजाइन के 500 और एक हजार के नोटों को चरणबद्ध तरीके से हटाने का ऐलान किया था। उस समय आरबीआई की तत्कालीन प्रवक्ता किलावाला ने एक बयान में कहा था कि 1996 से वर्ष 2000 तक के श्रृंखला वाले नोटों को बंद कर नए नोट जारी किए जाएंगे। उन्होंने इस प्रक्रिया को सामान्य बताते हुए कहा था, इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। यह नियमित प्रक्रिया है। पूरी दुनिया के केंद्रीय बैंक उच्च सुरक्षा उपाय वाले नोट जारी करते रहते हैं। हालांकि इस नोटबंदी के बाद एकदम कोई भी नोट चलन से बाहर नहीं किया गया था, जिसकी वजह से आम लोगों को 2016 की तरह किसी भी प्रकार की किल्लत का सामना नहीं उठाना पड़ा था। ये पुराने 500 रुपये के नोट वर्ष 1996 में जारी किए गए थे। इसके अलावा 1000 रुपयों के नोटों को इसके दो वर्ष बाद 1998 में जारी किया गया था। आपको बता दें कि देश में पहली नोटबंदी साल 1946 हुई थी। उस समय देश के अति उच्च मूल्य (पांच हजार रुपए और दस हजार रुपए) के नोट भी चलन में हुआ करते थे। तब भारत के तत्कालीन वायसराय आचीर्बाल्ड वेवेल ने 12 जनवरी 1946 में उच्च मूल्य वाले नोटों को बंद करने के लिए अध्यादेश जारी किया था। इसके बाद 26 जनवरी 1946 को देश में चल रहे 10000 रुपये के हाई करेंसी के नोटों को प्रचलन से बाहर कर दिया गया। साथ ही इसी अध्यादेश के माध्यम से आजादी के पहले 100 रुपये से ज्यादा मूल्य के सभी नोटों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि आजादी के बाद भारत सरकार अधिक मूल्य वाले नोटों को फिर से चलन में ले आई थी। इसके बाद 1978 में आजाद भारत की पहली नोटबंदी तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा की गई। इस नोटबंदी का मकसद देश में काले धन को समाप्त करना और भ्रष्टाचार को रोकना था।




**1996** में जारी किए गए थे ये पुराने 500 रुपये के नोट।

**1000** के नोटों को इसके दो वर्ष बाद 1998 में जारी किया गया था।

## ऑल-टाइम हाई को छूकर निफ्टी 25,052 अंक पर बंद

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजारों के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी ने बीच कारोबार में 25,129 अंक का नया ऑल-टाइम हाई बनाया। हालांकि, कारोबार के अंत में इसकी बढ़त कुछ कम हुई और यह 34 अंक या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,052 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का बेंचमार्क सेंसेक्स 73 अंक की मामूली तेजी के साथ 81,785 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर 1,837 शेयर हरे निशान में और 2,129 लाल निशान में रहे जबकि 90 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। बाजार के ऑल-टाइम हाई को छूने की वजह आईटी शेयरों में तेजी थी। निफ्टी आईटी सूचकांक 685 अंक या 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,394 अंक पर बंद हुआ है। एनएसई पर निफ्टी आईटी के अलावा निफ्टी फार्मा (1.14 प्रतिशत) और निफ्टी हेल्थकेयर (1.20 प्रतिशत) सबसे ज्यादा बढ़ने वाले सूचकांक थे। निफ्टी पीएसयू बैंक (0.45 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (0.29 प्रतिशत) और निफ्टी एफएमसीजी (0.42 प्रतिशत) की गिरावट के साथ दबाव में बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो, भारती एयरटेल, इंडसइंड बैंक, इन्फोसिस, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, जेएसडब्ल्यू स्टील और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे।

# भारत व जीसीसी देशों का द्विपक्षीय व्यापार 162 अरब डॉलर पहुंचा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और गल्फ कॉरपोरेशन काउंसिल (जीसीसी) के बीच द्विपक्षीय व्यापार बीते वर्ष बढ़कर 162 अरब डॉलर का हो गया है। सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (गल्फ) असीम पी. महाजन ने कहा कि जीसीसी की भारत के कुल व्यापार में हिस्सेदारी 15 प्रतिशत की हो गई है। इन देशों का एनर्जी, डिफेंस, सिक्योरिटी और हेल्थ जैसे बढ़ते हुए क्षेत्रों में अहम योगदान है। राष्ट्रीय राजधानी में हुए फिक्की के एक इवेंट में उन्होंने कहा कि कुल व्यापार के आंकड़े में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, लेकिन जीसीसी देशों को भारत का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की ओर से जीसीसी देशों को कई प्रकार के प्रोसेस फूड्स, ज्वेलरी, सिंथेटिक फाइबर और यार्न, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और इंजीनियरिंग सामान और केमिकल उत्पादों का निर्यात किया जाता है। महाजन ने कहा कि भारत और गल्फ देशों के बीच सांस्कृतिक और द्विपक्षीय व्यापार मजबूत है। तेल के आयात में वृद्धि होने के कारण जीसीसी के साथ भारत के आर्थिक संबंधों में काफी सुधार हुआ है। 2022 के सरकारी डेटा के मुताबिक, जीसीसी देशों की भारत के तेल आयात में 35 प्रतिशत और गैस आयात में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी है। 2021-22 में भारत ने जीसीसी देशों से 48 अरब डॉलर का कच्चा तेल आयात किया था। वहीं, 2021-22 के दौरान 21 अरब डॉलर का एलएनजी और एलपीजी आयात की थी। वित्त वर्ष 2017-18 से भारत और जीसीसी देशों का व्यापार 10.57 प्रतिशत के सीएजीआर (कंपाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ रहा है।



# सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, सरकार की संचालित योजनाओं पर लगा ग्रहण

**जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक यह धरना जारी रहेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के आह्वान पर खरौंधी प्रखंड के मुखिया संघ केअध्यक्ष प्रमोद राम के नेतृत्व में सभी मुखिया मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरने पर चले गए हैं। उन्होंने इसकी लिखित सूचना खरौंधी बीडीओ रविन्द्र कुमार को दे दी है। मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद राम ने बताया कि इस धरना का उद्देश्य सरकार की नीतियों और मांगो को अन देखा करना व उसके खिलाफ विरोध दर्ज कराना है। मुखिया संघ ने सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों पर असर पड़ने की बात कही है। मुखिया संघ का कहना है कि उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा धरना के माध्यम से वे यह संदेश देना चाहते हैं कि अगर सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देती, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप ले सकता है। बीडीओ को दी गई लिखित सूचना में मुखिया संघ ने यह भी स्पष्ट किया है कि धरना के चलते प्रखंड स्तर पर चल रहे सरकारी कार्यक्रमों और योजनाओं में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। जिसके लिए वे जिम्मेदार नहीं होंगे। प्रमोद राम ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक यह धरना



जारी रहेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और सरकार से अपील की है कि वे उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करें, ताकि विकास कार्यों को फिर से सुचारू रूप से चलाया जा सके। अनिश्चितकालीन धरना के कारण प्रखंड में विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर गंभीर असर पड़ने की संभावना है। सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं पर ग्रहण लग गया है। अनिश्चितकालीन धरना में शामिल होने वाले मुखिया रामगहन मेहता, शीला देवी, बिंदा देवी, मंजू देवी, फूलकुमारी देवी,रिंकू देवी, मनसा देवी, श्वेता देवी का नाम शामिल है।

## हड़ताल से काम प्रभावित

मेराल प्रखंड के सभी 20 पंचायत के मुखिया अनिश्चितकालीन धरना पर चले गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष रामसागर महतो ने बताया कि राज वित्त आयोग की राशि पंचायत को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना किया जा रहा है। इसकी लिखित जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि इससे पहले मांगों को पूरा करने के लिए 24 तथा 27 जुलाई को आवेदन दिया गया था, लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं की गई। 20 अगस्त को मुख्यमंत्री से मुलाकात करने की मांग की गई थी, लेकिन उस पर भी कोई पहल नहीं हुआ। सरकार की उदासीन रवैया से निराश होकर सभी मुखियाओं ने अनिश्चितकालीन धरना पर जाने का निर्णय लिया है।

## हड़ताली मुखिया ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




भवनाथपुर प्रखंड के सभी 9 पंचायतों के मुखिया द्वारा बुधवार को प्रखंड कार्यालय पहुंच कर प्रभारी बीडीओ मो. आफताब आलम को अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए ज्ञापन सौपा। मौके पर भवनाथपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष बेबी देवी ने कहा कि पंचायत एवं गांव के विकास के लिए राज्य वित्त आयोग की राशि अभी तक नहीं दी गई है। इस कारण गांव में विकास से संबंधित कार्य ठप हैं। बताया कि संगठन की ओर से पूर्व में कार्य अवधि के दौरान मुखिया, पंचायत समिति एवं वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख समेत अन्य जनप्रतिनिधि की आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना होने पर 30 लाख का मुआवजा, मुखिया का मानदेय केरल राज्य की तर्ज पर 30 हजार निर्धारित करने की मांग की गई थी। इसके अलावा सरकार की मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास एवं अन्य सरकारी योजना के लिए पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं उनके परिवार वालों को भी शामिल करने मांगो को लेकर झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के प्रतिनिधि सरकार से मिलकर वार्ता का प्रयास किया था। परन्तु सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा समय देकर वार्ता को विफल कर दिया गया। चपरी मुखिया शैलेश चौबे ने कहा कि झारखंड के सभी पंचायत की ओर से सरकार से यह मांग की जा रही है कि बिना जांच किए उनकी वित्तीय शक्ति को शिथिल नहीं किया जाये। झारखंड के जिस मुखिया का वित्तीय अधिकार रद्द किया गया है, उसे संबंधित विभाग फिर से बहाल करें वहीं ग्रामसभा को पूर्ण अधिकार मिले जो पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रदान की गई है। वर्तमान में मनरेगा हो या 15वीं वित्त की योजनाओं के चयन व क्रियान्वयन का भी अधिकार ग्राम पंचायत को नहीं है।

## मुखिया संघ की सभी मांगे जायज : अजीत

रमना झारखण्ड राज्य पंचायत मुखिया संघ के आह्वाहन प्रखंड के सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। यह जानकारी मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय ने दी। इस संबंध में उन्होंने बताया कि सरकार हम लोगों को राज्यवित्त आयोग का पैसा दे, जिससे क्षेत्र में विकास कार्य कि गति प्राप्त हो और जनसमस्या को दूर किया जा सके। इस संबंध में मुखिया संघ ने हेमंत सरकार को मांग पत्र सौपा था। बातचीत के लिए मुलाकात का समय मांगा था, लेकिन सरकार द्वारा ग्रामीण मुखिया जनप्रनिधियों कि मांग को अनदेखा कर दिया गया। इससे आक्रोशित होकर प्रखंड के सभी मुखिया संघ के आह्वाहन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। इससे पंचायती काम प्रभावित होगा और ग्रामीण विकास कि योजनाएं रुक जाएगी। इसकी सूचना मुखिया संघ ने सीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी वासुदेव राय को दिया है। मौके पर मुखिया संघ के अध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय, भागीडीह मुखिया रमना मुखिया दुलारी देवी, सिलीदाग मुखिया अनीता देवी, मड़वनिया मुखिया स्वीटी वर्मा, बुल्का मुखिया अनीता देवी और अन्य पंचायत के मुखिया शामिल थे।



## शुरू हुआ कुष्ठ रोगियों की खोज अभियान, 1408 खोजी दल गठन

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कुष्ठ रोगी खोज अभियान 2024 बुधवार से शुरू हुआ। सदर अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में खोजी दल को सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम समरेश सिंह, जिला कुष्ठ समन्वयक डा. भारत भूषण, फिजियोथैरेपिस्ट अभिषेक कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। बता दें कि कुष्ठ रोगी खोज अभियान 20 अगस्त से 13 सितंबर तक चलेगा। इसके तहत जिले की शत प्रतिशत आबादी का कुष्ठ रोग को लेकर स्क्रीनिंग की जाएगी। इसमें खोजी दल के सदस्य घर-घर जाकर लोगों का शारीरिक जांच करेंगे। इसके लिए पूरे जिले में 1408 खोजी दल बनाए गए हैं। मौके पर सिविल सर्जन ने बताया कि कुष्ठ रोग बहुत ही धीरे फैलने वाली संक्रामक बीमारी है, जिसका समय से इलाज नहीं करने पर शरीर में दिव्यांगता आ जाती है। जिसमें आंख, हाथ व पैर बुरी तरह प्रभावित हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि पूरे जिले में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एक खोजी दल में एक स्वास्थ्य सहिया एवं एक पुरुष कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में प्रत्येक घर के लोगों की शारीरिक जांच करेंगे। साथ ही खोजी दल के सदस्य लोगों को कुष्ठ के बारे में भी जानकारी देंगे। इस अभियान के तहत जिले के लगभग 1684520 लोगों की कुष्ठ रोग से संबंधित स्क्रीनिंग होगी। इसके बाद रोगियों को चिन्हित करते हुए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपुष्टि के लिए भेजेंगे। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा उन लोगों की जांच की जाएगी तथा रोग की संपुष्टि होने पर मल्टी ड्रग थेरेपी द्वारा उनका समुचित इलाज प्रारंभ किया जाएगा। मौके पर एनसीडी के राजकुमार वर्मा, अरबन बीटीटी सत्यनारायण मालाकार समेत कई स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थे।

## सीएचसी में कुष्ठ रोगी खोजो अभियान व एडल्ट् वैक्सीनेशन का शुभारंभ


**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार को कुष्ठ रोगी खोज अभियान एवं एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. प्रकाश बड़ाइक, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, बीपीएम अमित कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नीलिमा ने बताया कि कुष्ठ रोगी खोजो अभियान 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए पर्यवेक्षक व सदस्यों की टीम बनाई गई है। जो पूरे प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उनका इलाज प्रारंभ करेंगे।

**'आपकी योजना आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के आयोजन को लेकर बैठक**

# कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को जोड़ना प्राथमिकता : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में आपकी योजनाआपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाहरणालय सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड के सभी पंचायतों में सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना हैं। 30 अगस्त से 15 सितंबर तक जिले अंतर्गत सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करके उन्हें आर्थिक, सामाजिक, मानसिक व भवनात्मक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की पहल



की जाएगी। कार्यक्रम अन्तर्गत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन कर राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं का आम जनों के बीच व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इस अभियान के सफल संचालन के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर संबंधित अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अभियान के सफल संचालन को लेकर सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी को समन्वय के साथ पंचायत व ग्राम स्तर पर विशेष जागरूकता के साथ लोगों को कार्यक्रम के आयोजन की जानकारी से अवगत कराने का निर्देश दिया। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत क्रमवार सभी पंचायतों में शिविरों के आयोजन के माध्यम से आम नागरिकों को राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम के तहत आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। इसके तहत झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र आदि के अलावा सभी प्रकार के पेंशन, आयुष्मान कार्ड, भूमि से संबंधित मामलें समेत अन्य योजनाओं का लाभ लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा।

बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए डायरेक्टर प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, सभी विभागों के पदाधिकारी, व वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## हेमंत सोरेन की कार्यशैली से युवा प्रभावित : राजेंद्र सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को दर्जनों ने युवाओं ने हृषिकेश राज के नेतृत्व में झामुमो में शामिल हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने की और संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी और उपाध्यक्ष कमाल खान मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने सभी युवाओं को पार्टी का अंगवस्त्र और माला पहना कर स्थानीय जिला कार्यालय में हुए मिलन समारोह में सबों को झामुमो परिवार में शामिल कराया। युवाओं को पार्टी में शामिल कराते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि आज देश में युवाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त होने की जरूरत है। हृषिकेश राज ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की जनकल्याणकारी नीतियों से हम सब प्रभावित हो कर आज झामुमो में शामिल हुए हैं। अबुआ आवास, मंईयां योजना और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड जैसी योजना हमारी जीवनशैली को अच्छी कर रही है। साथ ही झामुमो पलामू के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा भी हमेशा हम सबों को मदद की है। इस दौरान सौरव राज, अतुल राज, कमलेश कुमार, रविकांत कुमार, सूरज कुमार, नीतीश कुमार, विकाश कुमार, रौशन कुमार, विकास कुमार, सिद्धार्थ कुमार, नीतीश कुमार, विकाश यादव, सिद्धार्थ कुमार, मनीष वर्मा, अभिषेक आनन्द, रौशन कुमार, अमित कुमार।

## पेज एक का शेष

**कथित चिकित्सकों के...**

मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वहीं इस तरह के अन्य मामलों की संभावना व 10 करोड रुपए से अधिक के राशि के गबन पर भी संदेह व्यक्त करते हुए इसकी गहन जांच के लिए जिला स्तर पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त ने समिति को निर्देश दिया गया है कि जिला स्वास्थ्य समिति रामगढ़ द्वारा सभी योजनाओं के अंतर्गत अब तक किए गए सभी भुगतान (योजना, वेतन इत्यादि) की विस्तृत जांच कर जांच प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराएं। साथ ही ऐसे सभी अवैध निकासी के संबंध में उचित कार्रवाई के लिए रिपोर्ट करें।

**चंपाई दा के...**

उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक लड़ाई में नहीं टिक पाती है तो लोगों को तरह-तरह से दिग्भ्रमित करने की कोशिश करती है। हेमंत सोरेन ने कहा, हम इनके खिलाफ संघर्ष से पीछे हटने वाले नहीं हैं। संघर्ष में थोड़ी-बहुत खरोंच जरूर आएगी, लेकिन हम सिदो-कान्हू, बिरसा मुंडा, नीलांबर-पीतांबर जैसे वीरों की धरती के लोग हैं। हमारी आवाज न तो कभी खत्म हुई है और न होगी।

**लाभुकों के खातों...**

01 लाख 82 हजार 336 लाभुकों को 18 करोड़ 23 लाख 36 हजार रुपये और सरायकेला-खरसांवा जिले के 01 लाख 43 हजार 835 लाभुकों को 14 करोड़ 38 लाख 35 हजार रुपये की पहली किस्त की राशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस योजना को झारखंडी महिलाओं के लिए वरदान बताया। इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमने राज्य से डबल इंजन की सरकार को छीनकर सरकार बनाई। वर्ष 2019 में सरकार बनते ही राज्य की जनता ने कोरोना त्रासदी के दौर को झेला। उस दौर में हमारी सरकार ने पूरी ताकत झोंक दी। हेमंत ने कहा कि भाजपा के नेता तो विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं और बधाई देने की भी जहमत नहीं जुटा पाते। राज्य की पिछली डबल इंजन की सरकार ने पांच साल के कार्यकाल में मात्र 15 लाख लोगों को पेंशन देने का काम किया लेकिन हमारे गठबंधन की सरकार ने मात्र साढ़े चार साल में 40 लाख लोगों को पेंशन देने का काम किया है। हमारी सरकार बनने के बाद हमने केंद्र से अपना हक 1. 26 हजार करोड़ की मांग की तो हमें जेल में डाल दिया गया लेकिन हम झारखंडी अपना हक और अधिकार लेना जानते हैं।

**दिल्ली में चंपाई...**

उन्होंने बताया कि मंगलवार की शाम चंपाई सोरेन के लोगों ने इन दोनों को तब पकड़ा, जब वे उनकी तस्वीरें खींच रहे थे। सरमा ने कहा कि इन दोनों के साथ एक महिला भी उनके कमरे में पहुंची थी। ऐसे में यह हनीट्रैप की कोशिश का भी मामला हो सकता है। दोनों सब इंस्पेक्टर को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया, जो इस मामले की जांच कर रही है। सरमा ने कहा कि यह अत्यंत आपत्तिजनक बात है कि एक मुख्यमंत्री ही अपने मंत्री के पीछे जासूस लगा दे। उन्होंने आशंका जताई कि चंपई सोरेन का फोन भी टेप करवाया गया है। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा की बात करने वाली कांग्रेस और झामुमो जैसी पार्टियां किस तरह संविधान का उल्लंघन कर प्राइवेसी पर हमला करने में जुटी हैं, इस घटना से स्पष्ट हो गया है। उन्होंने इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है।

**सुरक्षा के लिए नियुक्त किये गये थे दोनों दारोगा :** झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने कहा है कि चंपाई सोरेन की सुरक्षा के लिए 2 दारोगा प्रतिनियुक्त किये गये थे क्योंकि चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री हैं व वर्तमान में मंत्री हैं। दोनों दारोगा किसी की जासूसी नहीं कर रहे थे। स्पेशल ब्रांच ने कहा कि पारंपरिक तौर पर दिल्ली एवं अन्य राज्यों में विशेष शाखा, झारखंड, रांची की टीम राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सूचना संकलन प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से करती आयी है। ये रूटीन काम है। झारखंड पुलिस ने कहा है कि दिल्ली में झारखंड पुलिस के दो अवर निरीक्षक स्तर के पदाधिकारी कार्य निर्वहन के दौरान गलतफहमी के कारण चिन्हित हुए। वहीं, पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि सच्चाई सामने आने के बाद दोनों पुलिस कर्मियों को मुक्त कर दिया गया है।

**रांची पहुंचे चंपाई...**

चंपाई सोरेन 30 अगस्त को रांची में आयोजित होने वाले एक वृहत कार्यक्रम में भाजपा में औपचारिक तौर पर शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में उनके पुत्र बाबूलाल सोरेन भी पार्टी की सदस्यता लेंगे। चर्चा है कि झामुमो के कुछ अन्य बड़े चेहरे भी भाजपा का दामन थाम सकते हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भी आने की संभावना जताई जा रही है।

**शिबू को मार्मिक...**

झामुमो मेरे लिए परिवार जैसा रहा और मैंने कभी नहीं सोचा था कि इसे छोड़ना पड़ेगा। लेकिन बीते कुछ दिनों के घटनाक्रम की वजह से मुझे बहुत पीड़ा के साथ यह निर्णय लेना पड़ रहा है। आप स्वास्थ्य कारणों से सक्रिय राजनीति से दूर हैं। आपके अलावा पार्टी में ऐसा कोई फोरम नहीं है जहां हम अपने मन की पीड़ा बता सकें। इस वजह से मैं झामुमो की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। आपसे विनम्र अनुरोध है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार करने की कृपा करें।

**झारखंड सहित पड़ोसी...**

(नुआपाड़ा और पूर्वी सिंहभूम) में कनेक्टिविटी बढ़ेगी। नई लाइन परियोजनाओं से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 11 लाख आबादी को कनेक्टिविटी मिलेगी। मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 1,300 गांवों और लगभग 19 लाख आबादी को कनेक्टिविटी मिलेगी। देश में बनाए जाएंगे 12

**औद्योगिक स्मार्ट शहर :** राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 12 नई परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। इसके तहत देश में 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर बनाए जाएंगे। इस योजना पर 28,602 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। इस योजना से 10 लाख रोजगार परोक्ष रूप से और 30 लाख रोजगार अपरोक्ष रूप से सृजित होंगे। ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओरवाकल और कोप्पर्थी, राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे।

**बाइक को ट्रेलर...**

दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने रामगढ़ सिविल कोर्ट के पास सड़क को घंटो जाम रखा। दुर्घटना के उपरांत एनडीसी, बीडीओ, सीओ और रामगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग नही माने और सड़क को जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी।


**Government of Jharkhand**
**JHARKHAND FLYING INSTITUTE**
**(A Society Registered under Dept. of Cabinet Secretariat and Vigilance (Civil Aviation Division), Jharkhand**
STATE HANGAR, BIRSA MUNDA AIRPORT ROAD, HINOO, RANCHI-2
Email – jfi.govtfly@gmail.com Telefax:- 0651-2250319, 2251090

**Notice for Expression of Interest**
**Corrigendum-2**

EoI Ref. No.- EoI Aircraft Spares-37/2024/JFI/254 Date:-27.08.2024

Inviting Expression of Interest (EoI) for the empanelment of Agency/Firm For Supply of Aircraft Spares, Lubricants and Rotables for Jharkhand Flying Institute.

Due to some unavoidable reason, EoI Ref. No.- EoI Aircraft Spares-37/2024/JFI/-171/ Ranchi, Date:- 23/07/ 2024 (PR. No- 330496 & 333131) for the empanelment of Agency/Firm For Supply of Aircraft Spares, Lubricants and Rotables for Jharkhand Flying Institute. The last date for submission of EoI for this hereby extended as mentioned below:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Extended Last Date for submission of EoI | 18/09/2024 upto 05:00 PM |
| 2. | Extended Date for Opening of EoI | 19/09/2024 at 11:30 AM |

Other Terms & Conditions of EoI will remain the same.
This Extension Notice is also available on the website- http://www.prd jharkhand .in/iprd

Sd/- Managing Director
Jharkhand Flying Institute

PR.NO.333934 Civil Aviation(24-25):D



**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(Court of S.D.J.M, Khunti में उपस्थित होने हेतु सूचना)**

फिरार प्राथमिकी अभियुक्त–पाला एर्फ डेबो उर्फ राकेश भेंगरा, पे0–जेंगा भेंगरा, सा0–हालोम, थाना–रनिया, जिला–खूँटी। आप के विरूद्ध तपकरा थाना काण्ड सं0–08/23 दिनांक–30.04.23 धारा–341/323/186/353/386/414/332 भा0द0वि0, 25(1-AA)/ 25(1-A)/25(1-B)a/25(6)/26(2)/35 ARMS ACT & 17 CLA ACT दर्ज है, जिसमें आप के विरूद्ध फिरार रहने के कारण द0प्र0सं0–82 के तहत इश्तेहार को दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि सक्षम न्यायालय माननीय **Court of S.D.J.M, Khunti** के समक्ष दिनांक–22.08.24 तक आत्मसमर्पण करें। अन्यथा आप के विरूद्ध अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी – 9431706116
थाना प्रभारी, तपकरा – 9798878104
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी – 9279209561

पुलिस अधीक्षक,
खूँटी

PR 333901 Police(24-25)#D



**कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़।**
नगर परिषद्, रामगढ़ क्षेत्र अन्तर्गत अति – अल्पकालिन आमंत्रण सूचना।
अति अल्पकालिन सूचना संख्या – **NIT/RGH/NP/02/2024-25(3rd Call)**

1 निविदा निकालने वाले पदाधिकारी :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि :– दिनांक: 31.08.2024
3 निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भर ने की अंतिम तिथि :– दिनांक: 09.09.2024 अपराहन 04:00 बजे तक।
4 निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट :– केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5 निविदा खोलने की तिथि व समय एवं स्थान :– दिनांक: 10.09.2024 अपराहन् 04:00 बजे तक।
6 मद का नाम :– 15वे वित्त आयोग (Untied)
7 हेल्पलाईन नं0 :– 9962405690 9110072039

| क्र0 सं0 | वार्ड नं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | विपत्र का मूल्य | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 10 | Installation of Pavers Block in Road from H/O-Rohit Bediya to H/O- Dinesh Bediya, Kalikaran Road to H/O-Mnjira Bediya & H/O- Jilani Ansari to H/O-Tanvir Alam in Ward no-10 | 3321600.00 | 66432.00 | 10000.00 | 90 दिन |

नोट:–
1. केवल ई–निविदो ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशिप अथवा पार्टनरशिप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन्हें कार्य आवंटन में प्राथमिकता नहीं दी जायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़।


PR 333916 District(24-25)D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## कांगो में मंकीपॉक्स से अब तक 610 लोगों की हुई मौत

**किंशासा।** कांगो के स्वास्थ्य मंत्री रोजर काम्बा ने कहा है कि कांगो लोकतान्त्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंकीपॉक्स के कारण कम से कम 610 लोगों की मौत हो गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री ने लोगों से सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने के बारे में कहा है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से टीकाकरण करवाने को कहा है। देश में अब तक 17,801 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि संदिग्ध मामले संघर्ष प्रभावित प्रांतों से सामने आ रहे हैं, जहां देश के 7.3 मिलियन आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों में से अधिकांश लोग रहते हैं, जिससे "दशकों के संघर्ष से तबाह हुई आबादी के लिए पहले से ही असहनीय स्थिति और अधिक खराब होने का खतरा है।




## यूक्रेन ने रूस की 100 बस्तियों पर कब्जा करने का किया दावा

**कीव/मास्को।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि 6 अगस्त को रूस के कुर्स्क क्षेत्र में घुसने के बाद से यूक्रेनी सैनिकों ने 100 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। मंगलवार को इंटरफैक्स-यूक्रेन समाचार एजेंसी ने सिरस्की के हवाले से कहा, "हम आगे बढ़ रहे हैं, रूसी सैनिकों को महत्वपूर्ण नुकसान हो रहा है। रूस ने अन्य क्षेत्रों से लगभग 30,000 सैनिकों को कुर्स्क में फिर से तैनात किया है और यूक्रेनी बलों को चारों ओर से घेरने की कोशिश कर रहा है। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसके विशेष बलों ने कुर्स्क क्षेत्र के सुदझा जिले में एक ऊंचाई वाली जगह को सुरक्षित करने के लिए एक अभियान चलाया है।



## तुर्की में ड्रग तस्करी के आरोप में 336 संदिग्ध हुए गिरफ्तार

**अंकारा।** तुर्की में अवैध ड्रग की तस्करी के संदेह में 336 संदिग्धों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों पर आरोप है कि ये लोग पूरे देश में ड्रग तस्करी से जुड़े हुए थे। तुर्की के आंतरिक मामलों के मंत्री अली येरलिकाया के मुताबिक देश की पुलिस ने 49 राज्यों में 2.4 टन प्रतिबंधित नशीले पदार्थों को जब्त किया है, साथ ही 888,923 नशीली गोलियों को भी पकड़ा है। हालांकि उन्होंने इस कार्रवाई का समय और तिथि नहीं बताई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, "नार्कोसेलिक-35" ऑपरेशन्स में 49 प्रांतों में 832 टीमों, 2,081 कर्मियों, 10 हवाई वाहनों, और 39 नारकोटिक्स डिटेक्टर डॉग्स ने हिस्सा लिया। येरलिकाया ने कहा, "हम अपने देश को जहर के सौदागरों और स्ट्रीट वेंडर्स से मुक्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।



# 'कृषि अवसंरचना निधि' के तहत वित्त पोषण सुविधा में विस्तार को मंजूरी

एजेंसी

**कैबिनेट के फैसले**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 'कृषि अवसंरचना निधि' (एआईएफ) के तहत वित्त पोषण सुविधा की केन्द्रीय क्षेत्र योजना में विस्तार को मंजूरी दे दी। योजना के विस्तार को मंजूरी का उद्देश्य इसे अधिक आकर्षक, प्रभावशाली और समावेशी बनाना है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि देश में कृषि बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और मजबूत करने और कृषक समुदाय का समर्थन करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में सरकार ने कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) योजना के दायरे का विस्तार करने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य पात्र परियोजनाओं के दायरे का विस्तार करना और एक मजबूत कृषि अवसंरचना पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए अतिरिक्त सहायक उपायों को एकीकृत करना है।

केंद्र सरकार विभिन्न परियोजनाओं के तहत सामुदायिक कृषि क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए सभी पात्र लाभार्थियों को अनुमति देगी, जिससे इस क्षेत्र में उत्पादकता और स्थिरता में सुधार होगा। इसके अलावा उद्योग मंत्रालय की योजनाओं के अंतर्गत प्रसंस्करण को शामिल किया जाएगा। इससे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और खाद्य अपव्यय में कमी आएगी। एनएबी संरक्षण ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से एफपीओ के एआईएफ क्रेडिट गारंटी कवरेज का विस्तार करने का भी प्रस्ताव है। मंत्रालय के मुताबिक, एआईएफ योजना के दायरे में विस्तार से विकास को गति मिलेगी, उत्पादकता में सुधार होगा।

### 234 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो शुरू करने को दी गई मंजूरी



**784.87** करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य के साथ 234 शहरों में 730 चैनलों के लिए आरोही ई-नीलामी के तीसरे बैच के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को निजी एफएम रेडियो चरण तीन नीति के तहत 234 नए शहरों में निजी एफएम की शुरूआत को मंजूरी दी । 784.87 करोड़ रुपये के अनुमानित आरक्षित मूल्य के साथ 234 शहरों में 730 चैनलों के लिए आरोही ई-नीलामी के तीसरे बैच के संचालन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि 234 शहरों में नए एफएम चैनल की शुरूआत से वहां नए रोजगार के अवसर के साथ साथ स्थानीय बोली, संस्कृति को बढ़ावा मिल सकेगा।

**वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट**

## चिली की भागीदारी को महत्व देता है भारत : डॉ. जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में चिली की भागीदारी को अत्यधिक महत्व देता है। नई दिल्ली में आयोजित द्वितीय भारत-चिली संयुक्त आयोग की बैठक में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने चिली समकक्ष अल्बर्टो वान क्लावेरेन का स्वागत किया। जयशंकर ने कहा कि भारत-चिली संयुक्त आयोग की पहली बैठक कोविड के समय में वर्चुअली हुई थी। ऐसे में इस साल व्यक्तिगत रूप से मिलने का अवसर खुशी की बात है।

उन्होंने कहा कि हम वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में चिली की भागीदारी को बहुत महत्व देते हैं। 17 अगस्त को आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक के व्यावहारिक वक्तव्य की प्रशंसा करते हुए जयशंकर ने कहा कि हमने आपके राष्ट्रपति को सुना। उन्होंने अगस्त में शिखर सम्मेलन में बहुत ही व्यावहारिक टिप्पणियां कीं और हम विस्तारित सुरक्षा परिषद में हमारी स्थायी सदस्यता के लिए आपके समर्थन के लिए भी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं। जयशंकर ने कहा कि नवंबर 2023 में व्यापार और आर्थिक मंत्रियों की बैठक में चिली की भागीदारी भी ऐसी चीज है जिसकी हम बहुत सराहना करते हैं।



▸ जयशंकर ने कहा कि भारत-चिली संयुक्त आयोग की पहली बैठक कोविड के समय में वर्चुअली हुई थी

## वाइस एडमिरल राजेश धनखड़ प्रोजेक्ट सीबर्ड के महानिदेशक बने

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल राजेश धनखड़ को प्रोजेक्ट सीबर्ड का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बुधवार को नई दिल्ली स्थित प्रोजेक्ट सीबर्ड मुख्यालय में वाइस एडमिरल तरुण सोबती से कार्यभार ग्रहण किया। सोबती को कारवार नौसेना बेस पर चल रही सबसे बड़ी रक्षा अवसंरचना परियोजना की देखरेख करने का अधिकार दिया गया है। वाइस एडमिरल राजेश धनखड़ को 01 जुलाई, 1990 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था और वे नेविगेशन और डायरेक्शन के विशेषज्ञ हैं। वह नौसेना अकादमी, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र हैं और उन्होंने जापान में हायर कमांड कोर्स किया है। अपने 34 साल के शानदार करियर में फ्लैग ऑफिसर ने पांडिचेरी, गोदावरी, कोरा और मैसूर युद्धपोतों पर विशेषज्ञ नियुक्तियां संभाली हैं। वाइस एडमिरल राजेश धनखड़ ने तत्कालीन प्रोजेक्ट 15 ट्रेनिंग टीम, नेविगेशन एंड डायरेक्शन स्कूल और सिंगापुर के एमआईडीएस विंग ऑफिसर्स कैडेट स्कूल में भी प्रशिक्षण दिया है।

# विदेश में पढ़ने जाने वाले छात्रों की परेशानी और बढ़ेगी

-ब्यूरो

▸ कनाडा, अमेरिका के बाद आस्ट्रेलिया ने भी कम कर दी संख्या

▸ ऑस्ट्रेलिया में 1.22 लाख भारतीय छात्र पढ़ते हैं

**नई दिल्ली।** देश में शिक्षा व बेहतर भविष्य की जो हालत है, उसके कारण बहुत से छात्र विदेश पढ़ाई व वहीं कुछ करने के लिए चले जाते हैं।वहों जो छात्र पढ़ने गये, इनमें ज्यादातर अच्छी जगह सेटल हो गये । अपने क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ गये। इसको देखते हुए बहुत से छात्र मोटीवेट होकर पढ़ने व नौकरी करने के लिए विदेश जाने लगे । लेकिन अब सबसे ज़्यादा छात्रों को परमिट देने वाले आस्ट्रेलिया व कनाडा में भी संख्या कम कर दी गई। इससे अब जो छात्र पढ़ने जाने वाले हैं , उनको बहुत परेशानी होगी। अपने देश से ज्यादातर लोग ऑस्ट्रेलिया बी जाते रहे हैं। लेकिन उसने 2025 सत्र के लिए अपने यहां आने वाले अंतरराष्ट्रीय छात्रों की संख्या को सीमित करने का फैसला किया है। क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में बीते कई वर्षों में बाहर से आने वालों की तादाद रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ी है। इसके कारण वहां घरों के किराये आसमान छू रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के शिक्षा मंत्री जेसन क्लेयर ने बताया कि हम छात्रों जिन पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों की संख्या को सीमित करने जा रहे हैं, उसमें उच्च शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी शामिल हैं। इस कदम से विदेश में उच्च शिक्षा के लिए जाने की उम्मीद रखने वाले भारतीय छात्रों पर भी काफी असर पड़ेगा। इसका सबसे ज्यादा असर पंजाब के छात्रों पर पड़ सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों में ज्यादातर पंजाब के हैं।ऑस्ट्रेलिया के माइग्रेशन एजेंट्स रजिस्ट्रेशन अर्थॉरिटी के सदस्य सुनील जग्गी ने बताया कि जून 2022 में ऑस्ट्रेलिया में दूसरे देशों से आने वाले छात्रों की संख्या 5.10 लाख तय की गई थी। 2023 में यह संख्या घटाकर 3.75 लाख कर दी गई। अब उन्होंने इसे और कम करने का फैसला किया है। यह फैसला सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर लागू होगा। इसका असर केवल भारतीय छात्रों पर नहीं, बल्कि यहां आने वाले सभी छात्रों पर पड़ेगा। विश्वविद्यालय देशों और राज्यों के हिसाब से कोटा वितरित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि फरवरी में प्रवेश लेने की तैयारी कर रहे छात्रों पर इस फैसले का असर होगा। पंजाब के छात्र सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इस बारे में ऑस्ट्रेलिया में नर्सिंग की पढ़ाई करने की उम्मीद में बैठे हरियाणा के एक छात्र ने कहा कि इससे मेरा करियर प्रभावित होगा। मेरा परिवार मेरी शिक्षा के लिए लोन ले रहा है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई का खर्च काफी अधिक है। एक अन्य छात्र ने कहा कि भारत सरकार को छात्रों के दृष्टिकोण को ऑस्ट्रेलियाई सरकार के सामने रखना चाहिए। हमारी मदद के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। मालूम हो कि 1.22 भारतीय लाख छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ते हैं। बीते साल ऑस्ट्रेलियाई शिक्षा मंत्री ने भारत का दौरा किया था। इस दौरान भारतीय छात्रों के लिए ऑस्ट्रेलियाई उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रवेश को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। भारत के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, देश के लगभग 1.22 लाख छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ते हैं। ऑस्ट्रेलिया में कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन के बाद सबसे ज्यादा छात्र भारत के ही हैं। ऑस्ट्रेलिया ने विदेशी छात्रों के लिए वीजा शुल्क को भी बढ़ाने का फैसला किया है। इसकी फीस 710 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से बढ़ाकर 1,600 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कर दी गई है। इसके जरिए भी ऑस्ट्रेलिया में प्रवासियों की संख्या को कम करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए कनाडा में बढ़ती बेरोजगारी दरों को जिम्मेदार ठहराया गया है।सो कनाडा ने भी अपने अस्थायी विदेशियों के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। 26 सितंबर से उद्यमों को अपने कार्यबल की तुलना में केवल 10 प्रतिशत विदेशी लोगों को भर्ती करने का फरमान सुनाया गया है। इनका वेतन भी कम रखने को कहा गया है। यह संख्या पहले 20 प्रतिशत थी।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** सिनेमेटोग्राफी एक हुनरमंद करियर ऑप्शन है, अगर आपमें विजुअलाइजेशन और लाइटिंग के साथ ही चीजों को अलग नजरियें से देखने वाली आंखें है तो ये फिल्ड आपके लिए ही है। भारत जैसे देश है जहां पर हर साल सबसे ज्यादा फिल्में बनती और रीलीज होती है। तो यहां पर सिनेमेटोग्राफर के लिए करियर की अपार संभावनाएं मौजूद है। भारतीय फिल्म उद्योग पिछले कुछ सालों में जिस रफ्तार से आगे बड़ा है वह काबिले-तारिफ है। एक तरफ हॉलीवुड ने जहां दूसरे देशों के फिल्म उद्योग को बुरी तरह प्रभावित किया है वहीं बॉलीवुड को इससे कोई फर्क नही पड़ा है आज भी हर साल भारी मात्रा में फिल्में बन रही है और रीलीज हो रही है। कहने का मतलब यही है कि सिनेमेटोग्राफी का हमारे देश में उज्जवल भविष्य है। आप सिनेमेटोग्राफर के रूप में किसी प्रोडक्शन हाउस से जुड़ सकते है या फिर आप फ्रिलांसर के तौर पर भी काम करके अच्छा पैसा कमा सकते है।

# सिनेमेटोग्राफी में बना सकते हैं अपना करियर



**सिनेमेटोग्राफी के लिए योग्यता :** आप सभी को बता दे कि अगर आप भी चाहते हैं कि अपने जीवन में आगे बढ़ पाए सबसे पहले आपको अपनी करियर गोल सेट करनी पड़ेगी अगर आप सिनेमैटोग्राफी में अपना फिल्म बनाने जा रहे हैं इसके बारे में हमने इस वीडियो में पूरी विस्तार से बताएं हैं। अगर आप 12वीं या फिर ग्रेजुएशन कर चुके हैं तो आप इस क्षेत्र में आसानी से अपना करियर बना पाएंगे।

### डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी

- वीडियो एडिटर
- सिनेमेटोग्राफर
- कैमरामेन
- वीडियोग्राफर
- कैमरा प्रोडक्शन असिस्टेंट
- कैमरा ऑपरेटर
- मोशन कंट्रोल ऑपरेटर
- कैमरा असिस्टेंट
- फ्रीलांसर



### सिनेमेटोग्राफी में **करियर** कैसे बनाएं?

समय के साथ जैसे जैसे फिल्म मेकिंग के नए आसपेक्टस खुल रहे हैं, वैसे वैसे सिनेमेटोग्राफी के क्षेत्र में मांग भी बढ़ती जा रही है। अब सिनेमेटोग्राफर फिल्म के अलावा वेब सीरीज़, शॉर्ट फिल्म, टीवी शो, फिल्म क्रिएशन यूनिट, स्टूडियो और वीडियों बिजनेस से अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### कहां पढ़े सिनेमेटोग्राफी

*भारत के वो बेहतरीन 9 कॉलेज जो अपने स्टुडेंट्स को **सिनेमेटोग्राफी** की टॉप क्लास पढ़ाई करवाते हैं-*

- फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन (एफटीआईआई), पुणे
- व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल मुंबई
- सत्यजीत रे फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट कोलकाता
- एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (एएएफटी), नोएडा
- बीजू पटनायक फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, ओडिशा
- गर्वमेंट फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन (एनआईडी), अहमदाबाद
- एल वी प्रसाद फिल्म इंस्टीट्यूट, चेन्नई और त्रिवेंद्रम
- के आर नारायणन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ विजुअल साइंस एंड आर्ट्स